✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 66 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



देवघर एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करते राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार




# डेड सोच वाले ही भारत को 'डेड इकोनॉमी' कह सकते हैं : ऋतुराज सिन्हा

## राहुल गांधी का बयान भारत की अर्थव्यवस्था नहीं, उनकी सोच को 'डेड' साबित करता है

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकोनॉमी (मृत अर्थव्यवस्था) कहे जाने पर खुशी जताने वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने करारा प्रहार करते हुए कहा है कि भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहने वाले बयान पर तालियां बजाना राहुल गांधी की 'डेड सोच' का परिचायक है, न कि भारत की अर्थव्यवस्था का। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा राहुल गांधी को लगता है कि भारत का अपमान करना कोई उपलब्धि है जब देश आगे बढ़ रहा हो तब विदेशी मंचों पर भारत को नीचा दिखाना दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, शर्मनाक भी है। यह वही मानसिकता है जिसने बार-बार देश के गौरव को ठेस पहुंचाई है जब भारत पूरी दुनिया में आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है, उस समय इस तरह की बयानबाजी साफ दर्शाती है कि राहुल गांधी की सोच आज भी हताशा और दिशाहीनता में डूबी हुई है। श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी का यह रवैया नया नहीं है। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने विदेश में भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया हो। फर्क बस इतना है कि इस बार वे बिना किसी शर्म के खुलेआम यह स्वीकार कर रहे हैं कि उन्हें ट्रम्प जैसे नेता के भारत-विरोधी बयान से 'खुशी' मिल रही है। क्या यह वही कांग्रेस है जो कभी 'भारत माता की जय' को अपना आदर्श बताती थी? आज राहुल गांधी की राजनीति भारत विरोधी विमर्श पर टिक गई है। उन्होंने कहा कि भारत अब 1990 वाला भारत नहीं – ये 'न्यू इंडिया' है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि आज का भारत वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा है। मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों ने भारत को शीर्ष 5 अर्थव्यवस्थाओं में खड़ा कर दिया है। देश में रिकॉर्ड एफडीआई, ऐतिहासिक इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश और स्टार्टअप क्रांति दिखाती है कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और आगे बढ़ रहा है, लेकिन राहुल गांधी हैं कि 'डेड' की रट लगाकर अपनी अपरिपक्वता और निराशा का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री सिन्हा ने कांग्रेस नेतृत्व से सीधा सवाल पूछाः क्या राहुल गांधी और उनकी पार्टी अमेरिका की टैरिफ नीति के खिलाफ 140 करोड़ भारतीयों के साथ खड़ी होगी या हमेशा की तरह विदेशी ताकतों के सुर में सुर मिलाकर भारत को अपमानित करने का ही काम करती रहेगी? उन्होंने कहा देश की जनता यह देख रही है कि कौन भारत को बदनाम करता है और कौन गर्व से उसका प्रतिनिधित्व करता है। राहुल गांधी जैसे नेता भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को 'डेड' कहकर खुद को ही छोटा साबित कर रहे हैं।

## इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक के नवप्रवेशित छात्रों के सुचारु समायोजन हेतु बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य बिहार राज्य अंतर्गत राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं पॉलीटेक्निक संस्थानों में नव-प्रवेशित छात्रों के सुचारु समायोजन और उन्हें संस्थानों की विधि व्यवस्था से परिचित कराने पर विस्तृत चर्चा करना था। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि नए छात्रों को हॉस्टल, मेस, लाइब्रेरी और प्रयोगशालाओं से संबंधित किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. प्रतिमा ने निर्देश दिए कि छात्रों को उनके संस्थान के हर पहलू से अवगत कराया जाए। इसके अतिरिक्त उन्हें सभी प्रासंगिक डिजिटल पोर्टल्स की जानकारी भी प्रदान की जाए जिससे वे आवश्यक सहयोग प्राप्त कर सकें और अपनी शिकायतें दर्ज करा सकें। सचिव ने बैठक में उपस्थित सभी सहायक निदेशकों को सख्त निर्देश दिए कि नए विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार की रैगिंग की घटना न हो, इस पर कड़ाई से नजर रखी जाए। उन्होंने प्रत्येक संस्थान और हॉस्टल में सीसीटीवी कैमरों की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया जिसमें यह सुनिश्चित किया जाए कि कितने कैमरे स्थापित हैं और वे सही ढंग से काम कर रहे हैं अथवा नहीं। इस महत्वपूर्ण बैठक में सहायक निदेशकों के अतिरिक्त अहमद महमूद, अपर सचिव सह निदेशक, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग भी उपस्थित थे।

## बी. डी. कॉलेज में तुलसी जयंती पर साहित्यिक-सांस्कृतिक समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** महान भक्तिकालीन संतकवि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर बी. डी. कॉलेज, पटना के हिंदी विभाग द्वारा भव्य साहित्यिक-सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह की गरिमामयी उपस्थिति तथा सभी संकायों के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि प्रो. सुरेन्द्र चन्द्र श्रीवास्तव ने किया तथा प्रो. शत्रुघ्न शरण सिंह और डॉ. रवि कुमार की कार्यक्रम के संचालन में विशिष्ट भूमिका रही। विभागीय प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के वित्तेक्षक डॉ. अमित कुमार ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात विभागीय छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से एक सुंदर प्रस्तुतियां दीं। निशा कुमारी ने गणेश वंदना, सिमरन ने शिव तांडव, शिवम, प्रिया, राधा एवं तन्नु ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित गीत, संवाद एवं समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति भावना, लोकमंगल दृष्टि एवं सांस्कृतिक मूल्यों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

## सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत गरीबी उन्मूलन का किया जा रहा है कार्य : अमृत लाल मीणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के जीविका, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पटना स्थित सचिवालय भवन में डिब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र श्रीलंका सरकार के ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा और सामुदायिक सशक्तिकरण मंत्रालय और एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधिमंडल के साथ आयोजित इमर्सन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत हुआ। सत्र का शुभारंभ जीविका की अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा द्वारा स्वागत भाषण से हुआ। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सतत जीविकोपार्जन योजना के उद्देश्यों तथा इसके तहत बिहार राज्य में गरीबी उन्मूलन के लिए किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका और एशियन डेवलपमेंट बैंक के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बिहार सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु संचालित सतत जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत इमर्शन एंड लर्निंग एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत गया जिला का दौरा किया।

## स्तनपान पर विशेष जागरूकता के लिए राज्य में मनेगा 'विश्व स्तनपान सप्ताह' : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य में नवजातों के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में एक अगस्त से सात अगस्त तक 'विश्व स्तनपान सप्ताह' मनाया जाएगा। इसे स्वास्थ्य विभाग एवं समेकित बाल विकास सेवाएं निदेशालय के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष विश्व स्तनपान दिवस को 'स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश' के थीम पर मनाया जाएगा। थीम की तर्ज पर स्तनपान सप्ताह के दौरान माताओं को नवजात मृत्यु दर में कमी लाने, शिशुओं के समुचित शारीरिक, मानसिक विकास, कुपोषण से बचाव के लिए स्तनपान के महत्व को बताया जाएगा। इसके अलावा स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य के अंदर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जाएगा। प्रखंड स्तरीय गतिविधियों में पीएचसी स्तर पर स्वस्थ हेल्दी बेबी शो का आयोजन कर स्तनपान पर जागरूकता बढ़ाया जाएगा। श्री पांडेय ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों को बोतल बंद दूध मुक्त परिसर घोषित किया जाएगा। प्रसव केंद्रों पर कार्यरत एएनएम, स्टाफ नर्स या ममता का स्तनपान से होने वाले लाभ एवं डिब्बा बंद दूध तथा बोतल एवं निप्पल के प्रयोग से होने वाले नुकसान के संबंध में उन्मुखीकरण किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा अगस्त माह में होने वाले आरोग्य सत्र दिवस में सभी दो वर्ष तक के बच्चों की माताओं को निमंत्रित करेंगी और शिशु एवं छोटे बच्चे के आहार पर पंचायती राज संस्थाओं की महिला सदस्यों के द्वारा प्रोत्साहित करेंगी।

## गोस्वामी तुलसीदास की स्मृति में संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का उद्घाटन समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना तथा संस्कृत संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान' के अंतर्गत गोस्वामी तुलसीदास स्मृति में एवं तुलसीदास जयंती समारोह के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्जालीय (ऑनलाइन) दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण ज्ञान शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह सावन मास की शुभ वेला में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना) ने कहा–गोस्वामी तुलसीदास जी के 'रामचरितमानस' में संस्कृत व्याकरण, अलंकार और दर्शन की छाया स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। रामचरितमानस के महत्व बताते हुए कहा 'सीय राम मय सब जग जानी, करहुं प्रणाम जोरि जुग पानी' यह भाव के कारण रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने के लिए सरकार से अपील की। मुख्य अतिथि प्रो रागिनी वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा– तुलसीदास का संस्कृत से ऐसा आत्मिक संबंध था कि उन्होंने लोक में प्रसार हेतु संस्कृत तत्वज्ञान को अवधी भाषा में व्यक्त किया। आज की आवश्यकता है कि हम उनके अनुकरण में संस्कृत को व्यवहार की भाषा बनाएं।

## पुलवामा के शहीद सैनिकों के परिजनों को कांग्रेस ने दिया एक-एक लाख का चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी और विधायक दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी और बिहार कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान से देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के पहल पर पुलवामा में शहीद हुए हैं। उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उनके परिजनों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि भेजी जिसे आज उन्हें सौंपा गया। इस मौके पर शहीद इम्तियाज अली और रामबाबू सिंह के परिवार का सम्मान करने का काम भी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में किया गया। अखिल भारतीय एक्स सर्विसमैन कांग्रेस के राष्ट्रीय चेयरमैन रोहित चौधरी ने कहा कि देश की वर्तमान सरकार सेना का राजनीति में इस्तेमाल कर रही है और सेना के जवान जो सरहदों पर हर विषम परिस्थितियों में हमारी रक्षा कर रहे हैं उनके शहादत को वर्तमान सरकार छिपाकर राजनीतिकरण कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर से पहले पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोग शहीद हो जाते हैं और चालीस मिनट तक आतंकी नरसंहार करने में सफल हो जाते हैं, लेकिन हमारा इंटेलिजेंस फेल हो जाता है और ऐसा कभी हमारे देश के साथ नहीं हुआ था। हमारे नेता राहुल गांधी ने शहीदों के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया और घायलों से मिलने के लिए अपने विदेश दौरों को तत्काल रद्द कर वापस देश लौटे जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले ही दिन बिहार में चुनावी रैली करने पहुंच गए, लेकिन शहीदों के परिजनों और घायलों से मिलने की जहमत नहीं उठाएं। गृह मंत्रालय, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल और इंटेलिजेंस की चूक का परिणाम रहा कि हमारे आम नागरिक और वीर सैनिक शहीद हो गए।

## शुरुआती दौर में दीदियों को तीन तरह के ऋण उपलब्ध कराएगा जीविका निधि साख सहकारी संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड' के प्रबंध समिति की गुरुवार को हुई पहली बैठक में आगामी तीन माह की कार्य योजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। बिहार सरकार की यह पहल महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में गुरुवार को प्रबंध समिति की पहली बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह और जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा, प्रबंध समिति से जुड़ी 12 जीविका दीदियों के साथ राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के मुख्य महाप्रबंधक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) के वरीय अधिकारी समेत कई अन्य पदाधिकारी शामिल थे। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा ने बैठक में बताया कि इस संगठन के संचालन की पूरी जिम्मेदारी जीविका दीदियों के हाथों में होगी। उन्होंने बताया कि जीविका निधि के सफल संचालन हेतु मंत्रिमंडल से कुल 653 पदों पर प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा पर नियुक्ति की स्वीकृति मिल चुकी है। बिहार सरकार द्वारा जीविका निधि में कुल 105 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध करा दी गई है।

## कुलपति की अध्यक्षता में एनइपी समन्वयकों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति को प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 को प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन कराने लिए गुरुवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने की। इसमें विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न महाविद्यालय के एनइपी समन्वयकों ने भाग लिया। बैठक में तय हुआ कि विश्वविद्यालय स्तर पर एक एनइपी कार्यबल का गठन किया जाएगा जो समयबद्ध रूप से नीतिगत निर्णयों को लागू कराने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगा। इसके अलावा बैठक में विश्वविद्यालय स्तर पर एनइपी 2020 के विभिन्न प्रावधानों जैसे बहु-विषयक शिक्षा, चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम, कौशल विकास, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी), लचीली शिक्षा प्रणाली एवं छात्र-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों के प्रभावी कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार करना। वहीं बैठक में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के एनइपी समन्वयकों के कार्यों का समीक्षा भी किया गया।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के संबंध में दी जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना के सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल, पटना से आये छात्र-छात्राओं के एक दल को बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा पर्षद् के क्रियाकलापों, वायु, जल एवं ध्वनि प्रदूषण के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें पर्षद् के केन्द्रीय प्रयोगशाला का भी भम्रण कराया गया।

सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल के एक शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी की अगुआई में आये वर्ग 12 के छात्र-छात्राओं को पर्षद् के वरीय वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार एवं अरुण कुमार द्वारा पर्षद् के क्रियाकलापों, राज्य पर्षद् की स्थापना, देश में लागू पर्यावरणीय अधिनियमों एवं नियमावलियों के बारे में बताया गया। राज्य में वायु प्रदूषण की स्थिति इसके कारकों, ए.क्यू.आई. आदि के बारे में सामान्य जानकारी दी गई। इस संबंध में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे गये सवालों को भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं को पर्षद् मुख्यालय स्थित केन्द्रीय प्रयोगशाला का भम्रण कराया गया जहां चल रहे जल, वायु एवं ध्वनि नमूना विश्लेषण कार्यों से परिचित कराया गया। पर्षद् के वरीय वैज्ञानिक डॉ. नवीन कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं के दल के साथ पधारे शिक्षक ओम प्रकाश तिवारी, सेंट कैरेंस उच्च विद्यालय, खगौल, पटना को विद्यालय की ऐसी पहल के लिए धन्यवाद दिया।

## पीपीयू में पहली बार शिक्षकों को समय पर दिया पेंशन और वेतन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्याल में पहलीबार शिक्षकों और कर्मियों को पेंशन, वेतन और एरियर का भुगतान एक साथ माह के अंतिम तिथि 31 जुलाई को कर दिया गया। विश्वविद्यालय की ओर से एकसाथ दो माह जून और जुलाई की वेतन और पेंशन भेज दिया गया है। पाटलिपुत्र विवि में इसके पहले शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों का पेंशन और वेतन 31 तारिक को नहीं भेजा गया था। इसके लिए पेंशन व वेतन भुगतान के लिए कर्मियों और शिक्षकों को चक्कर लगाने पड़ते था। पीपीयू के शिक्षक और कर्मचारी संगठनों ने समय पर भुगतान करने के लिए कुलपति को बधाई दी है।

## जेडी वीमेंस कॉलेज में कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह का भव्य स्वागत

### कुलपति का सम्मान समारोह सह तुलसी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जेडी वीमेंस कॉलेज के मुख्य ऑडिटोरियम में सम्मान समारोह आयोजित कर पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह का भव्य स्वागत किया गया। समारोह में प्रधानाचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह को स्मृति चिन्ह, पौधा एवं शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तुलसी जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हिन्दी विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में महान कवि गोस्वामी तुलसीदास की काव्य परंपरा और सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रूप में प्रस्तुत करने हेतु एक सशक्त नाट्य मंचन और मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई। इस दौरान मुंशी प्रेमचंद को भी उनकी जयंती पर याद किया गया। इस अवसर पर कॉलेज में मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से चल रहे मिथिला पेंटिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर रही तीसरे बैच के 50 छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह उपस्थित थे। उनके साथ मैडम कुलपति मीना सिंह एवं कॉलेज की प्राचार्या प्रो. मीरा कुमारी भी मंच पर उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने तुलसीदास के जीवन, काव्य और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा तुलसीदास न केवल एक कवि थे, बल्कि भारतीय समाज के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के अग्रदूत भी थे। रामचरितमानस जैसे ग्रंथ ने जनमानस में मर्यादा, भक्ति और धर्म की भावना को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि अब पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में शोध, नवाचार, शिक्षण का रास्ता तैयार हुआ है। विवि में कोई भी फाइल किसी कर्मचारी व अधिकारी के यहां तीन दिन से ज्यादा नहीं रूक रहा है। सभी पर तुरंत निर्णय लिए जा रहे है। महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. मीरा कुमारी ने छात्राओं को तुलसीदास के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया, जबकि मैडम कुलपति मीना सिंह ने छात्राओं की रचनात्मक प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को हमारी समृद्ध परंपरा से जोड़ते हैं।

## भारत मंडपम में दो दिवसीय ग्लोबल आउटरीच समिट का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में भारत मंडपम में हो रहे दो दिवसीय ग्लोबल आउटरीच समिट 2025 का आज समापन हो गया। इस सम्मेलन का आयोजन ब्रांड और सोर्सिंग लीडर्स (बीएसएल) के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम में बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) ने पवेलियन लगाया था जहां राज्य की टेक्सटाइल संभावनाओं और औद्योगिक नीतियों की व्यापक जानकारी प्रदर्शित की गई। इस पवेलियन में बिहार सरकार की उद्योगों से संबंधित योजनाएं, नीतियां, टेक्सटाइल सेक्टर में संभावनाएं और निवेश को आकर्षित करने वाले प्रमुख बिंदुओं को दर्शाया गया। आगंतुकों और निवेशकों को न सिर्फ बिहार की कारोबारी अनुकूलता के बारे में बताया गया साथ ही उन्हें राज्य के अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र तथा वहां मिलने वाली सुविधाओं और सरकार की ओर से मिलने वाले लाभों के बारे में भी जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के दूसरे दिन बियाडा पवेलियन में देश-विदेश से कई प्रमुख निवेशकों और टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिनिधियों का आगमन हुआ। बियाडा पवेलियन में आए निवेशकों ने बिहार की उद्योग नीति और कामकाज की पारदर्शिता को लेकर अपनी रूचि दिखाई। बियाडा पवेलियन बिहार को निवेश के उभरते गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। बियाडा को 'पॉलिसी पावर पार्टनरशिप' श्रेणी के तहत गोल्ड पार्टनर के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी के लिए मान्यता दी गई जो मजबूत नीतियों और साझेदारियों के माध्यम से औद्योगिक विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## जैन धर्मावलंबियों ने तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पटना सहित सभी जगहों के जैन धर्मावलंबी तेइसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मोक्ष सप्तमी के रूप में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया। पटना के सभी जैन मंदिरों में भगवान का अभिषेक, पूजा के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाए गए। पटना के सबसे बड़े दिगम्बर जैनमंदिर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ की 108 कलशों से अभिषेक की गई और उसके बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। यहां शान्तिधारा संजय जैन, भगवान का प्रथम चार कलश अशोक जैन, दिनेश जैन, अजीत जैन एवं विकास अग्रवाल ने किया। भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य पंकज जैन को प्राप्त हुआ। इसके साथ हीं पटना के मीठापुर, लंगूर गली स्थित गुरारा जैन मंदिर, मुरादपुर एवं नाला रोड चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में अभिषेक, पूजा एवं निर्वाण लाडू श्रद्धालुओं ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ चढ़ाया।

## बंधन बैंक ने साइबर सुरक्षा पर पटना में आयोजित किया ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बंधन बैंक ने हाल ही में पटना में ग्राहकों को उनके बैंकिंग अधिकारों, नियामकीय सुरक्षा, शिकायत निवारण प्रणाली, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग व्यवहार और साइबर धोखाधड़ी से बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। आरबीआई पटना के मुख्य महाप्रबंधक एवं बिहार के लिए लोकपाल श्री कुमार राजेश रंजन मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में प्रभाकर झा, उप-लोकपाल (आरबीआई) और वीर धीरेंद्र, वरिष्ठ उप पुलिस अधीक्षक (साइबर) शामिल थे। बंधन बैंक के प्रतिनिधि मनीष रंजन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और हैड- प्रोसेस क्वालिटी तथा अमित कुमार सिंह, वाइस प्रेसिडेंट और रीजनल हेड- ब्रांच बैंकिंग इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में बंधन बैंक और कुछ अन्य बैंकों के लगभग 125 ग्राहकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य ग्राहकों को शिकायत निवारण प्रणाली, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग और लेनदेन की सुरक्षा में बैंक की भूमिका के बारे में सशक्त बनाना था। प्रमुख चर्चाओं में आरबीआई की इंटीग्रेटेड लोकपाल योजना, फेयर प्रैक्टिसेस कोड, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग पद्धतियां और फिशिंग व विशिंग जैसी धोखाधड़ी से बचाव की प्रभावी रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 66 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



मुजफ्फरपुर में जीविका समूह को 105.39 करोड़ का चेक देते सीएम नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर को दी 574.16 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं की सौगात

# क्षेत्र के विकास के लिए करें काम : नीतीश

**डॉ. के.के. कौशिक / नबिटा ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गुरुवार को मुजफ्फरपुर के भगवानपुर चौक के पास आयोजित कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर जिले में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 574.16 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 167.68 करोड़ रुपये की लागत से रामदयालु नगर-मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन के बीच माड़ीपुर पावर हाऊस चौक पथ पर रेलवे समपार संख्या 4ए रेलवे किमी 50/36-38 पर आरओबी सह पहुंच पथ का निर्माण कार्य तथा 120.93 करोड़ रुपये की लागत से सिपहापुर से चकमुहब्बत तथा जेल चौक, मुजफ्फरपुर-पूसा रोड से चंदवारा पुल पहुंच पथ तक सड़क का निर्माण कार्य (जगन्नाथ मिश्रा कॉलेज पुल परियोजना फ़ेज-2) शामिल है। साथ ही 44.76 करोड़ रुपये की लागत से चांदनी चौक से रामदयालु नगर तक पथांश के चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य तथा 89.77 करोड़ की लागत से चांदनी चौक से बखरी पथ के 7 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का आज शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा 52.56 करोड़ की लागत से शिवहर-मीनापुर-कांटी पथ के 20.43 किमी से 29.80 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 74.18 करोड़ रुपये लागत की शिवहर-मीनापुर-कांटी पथ के कांटी (एनएच 28) से रघई घाट पथ के किमी शून्य से 9.7 किमी में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 24.28 करोड़ की लागत से गायघाट प्रखंड अंतर्गत भट्टगामा मधुरपट्टी घाट पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल (लंबाई 174.24 मी) का निर्माण कार्य शामिल है। शिलान्यास कार्य के पश्चात मुख्यमंत्री ने टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, पताही में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से संवाद किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को पेंशन की राशि हर महीने 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये किए जाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हमलोग के खाते में 1100 रुपये की राशि आ गई है। इस राशि में बढ़ोतरी से हमारे परिवार को सुविधा हो रही है। इसके लिए हमलोग आपके आभारी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल प्रदान किया। साथ ही अंतर्ज़ातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के लाभुकों को एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग आपके सम्मानजनक जीवन-यापन के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हमलोग चाहते हैं कि आपलोग अपना जीवन अच्छे ढंग से और गरिमा के साथ जी सकें। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के **(शेष पृष्ठ 9 पर)**



## घर में सो रहे दो बच्चे जिंदा जले

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जानीपुर थाना क्षेत्र के नगवां गांव घर में सो रहे दो बच्चे जिंदा जल गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान 14 साल की अंजलि कुमारी और 12 साल के अंशु के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों बच्चे घर में सो रहे थे तभी अचानक उनके बिस्तर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बच्चे इसकी चपेट में आ गए और बच नहीं पाए। घटना की सूचना मिलते ही जानीपुर थाना पुलिस और फुलवारी शरीफ के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तुरंत मामले की छानबीन शुरू कर दी है। हालांकि, कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यह दुर्घटना नहीं बल्कि दबंगों द्वारा घर में जान बूझकर आग लगाने का मामला है। इन आरोपों की जांच भी की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को बुलाया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**Amaltas College of Education**
Indrapuri, Rohtas, Bihar- 821308
(NCTE Recognized & Affiliated to AKU/BSEB)
Faculty Required (B.Ed.): Asst. Professor
Psychology, Mathematics, Physical Science, English, Hindi, Social Sciences, Performing/Visual Arts.
Eligibility: As per NCTE Norms.
Apply by 10.08.2025 with documents to amaltascollege@gmail.com, www.amaltascollege.com.
Ph: 9560931523
Selected applicants will be informed of interview details.

## मोदी कैबिनेट की बैठक में रेलवे की चार परियोजनाओं को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने चार मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। साथ ही राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के लिए 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड राज्यों के 13 जिलों को कवर करने वाली चार मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं में इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन, औरंगाबाद-परभणी दोहरीकरण, आलुआबाड़ रोड-न्यू जलपाईगुड़ी तीसरी और चौथी लाइन, और डांगोआपोसी-जरोली तीसरी और चौथी लाइन शामिल है। इस परियोजनाओं से भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क लगभग 574 किलोमीटर बढ़ जाएगा। इनकी कुल अनुमानित लागत 11,169 करोड़ रुपये है और ये 2028-29 तक पूरी हो जाएंगी। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 43.60 लाख की आबादी वाले 2,309 गांवों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से निर्माण के दौरान लगभग 229 लाख मानव दिवसों का प्रत्यक्ष रोजगार भी **(शेष पृष्ठ 9 पर)**

## इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखीसराय।** लखीसराय-जमुई सीमा पर स्थित नोनगढ चेक पोस्ट के पास गुरुवार की सुबह इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की है। सभी शिवसोना इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र थे। सभी छात्र थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा देकर ऑटो से अपने अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ऑटो ने खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। घायल छात्रों को पटना रेफर कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान समस्तीपुर निवासी पंकज कुमार, सरोज कुमार तथा नालंदा के चंडी निवासी साहिल कुमार के रूप में की गई है जबकि सिवान जिला के अंकित गुप्ता और अजीत यादव गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## बिहार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे आपराधिक प्रवृत्ति के लोग : विजय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा अपने एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को गया पहुंचे। उन्होंने मोक्षधाम विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में विधिवत पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मंदिर के आचार्यों और पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें पूजा करवाई। इस दौरान भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष समेत कई पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी मौजूद रहे। पूजा के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं, वही आज बिहार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एनडीए की सरकार है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित करने की दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने जिन मूल्यों और जिम्मेदारियों की नींव रखी थी, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। हम सभी मिलकर बिहार को भ्रष्टाचार और अपराध से मुक्त, एक विकसित राज्य बनाएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब कोई भी 'आसुरी प्रवृत्ति' का व्यक्ति बिहार में 'सोने की लंका' नहीं बना सकता। हर बिहारी को गर्व होगा कि उसका प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है।



# बाइक की चपेट में आने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** चंडी थाना क्षेत्र के करौटा-राजगीर, टूरिस्ट वे पर भेड़िया गांव के पास गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक के ठोकर से बच्चे की मौत हो गयी। मृतक विपिन पासवान का छह वर्षीय पुत्र शिवम कुमार है। हादसे से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक यातायात ठप रहा। सूचना पाकर पहुंची अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम हटाया। ग्रामीणों की माने तो दोपहर करीब साढ़े बजे शिवम सड़क पार कर रहा था। तभी सालेपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया। धक्का मारने के बाद बाइक सवार भाग निकला। जख्मी शिवम को इलाज के लिए चंडी अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही ग्रामीण सड़क पर उतर गए। ग्रामीण दोषी बाइक चालक को पकड़ने व मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। जाम की सूचना पर चंडी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने जाम हटाया। स्थानीय लोगों ने तेत रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की मांग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**बिहारशरीफ।** करायपरशुराय थाना क्षेत्र के गांधी चौक निवासी राजेश कुमार चौधरी का 14 वर्षीय पुत्र कर्ण कुमार का नदी में डुबने से मौत हो गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला कि शौच दौरान पैर फिसलने से नदी में डुब गया। मृतक के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई फिर भी पता नहीं चला। दो दिन बाद कुछ दूरी पर छठ घाट के नजदीक उपलता हुआ शव बरामद हुआ। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।

# जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में शानदार जीत

## सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल ने सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, हरनौत को 5-0 से हराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी अंडर 15 बालक एवं अंडर 17 बालक-बालिका चयन ट्रायल फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के अंतर्गत आज खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, नालंदा की टीम ने सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, हरनौत को शानदार प्रदर्शन करते हुए 5-0 से पराजित किया। मैच की शुरुआत से ही सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने आक्रामक रणनीति अपनाई और पहले हाफ में तीन गोल कर बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भी टीम ने दो और गोल करते हुए मुकाबले को पूरी तरह अपने पक्ष में कर लिया। जीत के नायक बने खिलाड़ी विजेता टीम की इस सफलता में कई खिलाड़ियों का योगदान सराहनीय रहा। टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में रजनीश कुमार, रौशन कुमार, मो. सोहैल कमराम, रवि राज, अहमर आलम, प्रशांत कुमार, गुलाम रसूल, मो. सालिक रजा, आकाश कुमार, मो. इंतखाब आलम, संस्कार पटेल, अश्वनी कुमार, प्रीतम राज गुप्ता, युवराज कुमार, प्रियांशु कुमार, अमन कुमार शामिल है। टीम के कोच सौरभ सर और अभिषेक सर ने खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहित किया और उत्कृष्ट तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया, जिसका परिणाम इस शानदार जीत के रूप में सामने आया। स्कूल के निदेशक मो. खालिद आलम भुट्टो ने टीम को शानदार जीत पर बधाई देते हुए कहा कि हमारे छात्रों ने खेल के मैदान पर अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता का परिचय दिया है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्या रुब्बीना निशात ने भी खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस जीत से यह सिद्ध होता है कि जब सही मार्गदर्शन, मेहनत और मनोबल साथ हो, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। चयन समिति और दर्शकों से सराहना खेल स्थल पर उपस्थित खेल प्रेमियों, अभिभावकों और अधिकारियों ने विजेता टीम की जमकर सराहना की। चयनकर्ताओं ने बताया कि इस प्रदर्शन के आधार पर कुछ खिलाड़ियों को आगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी अवसर प्रदान किया जाएगा। सदर आलम मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल की इस जीत ने साबित कर दिया कि कड़ी मेहनत, समर्पण और टीम भावना से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# कीड़ा युक्त भोजन करने से 15 छात्राओं की बिगड़ी तबीयत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा थाना क्षेत्र के सब्बैत गांव के रघुबिगहा स्थित राजकीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या प्लस टू आवासीय उच्च विद्यालय में कीड़ा युक्त भोजन करने से 15 छात्राएं बीमार हो गई। सभी बीमार बच्चियों को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां एक की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही राजगीर एसडीओ आशीष नारायण, डीएसपी सुनील कुमार और जिला कल्याण पदाधिकारी अस्पताल पहुंचकर बच्चों को दिए जा रहे इलाज और पूरे मामले की जानकारी ली। पीड़ित छात्राओं ने बताया कि आज दोपहर का खाना खाने के बाद एक छात्रा आंचल कुमारी का तबीयत बिगड़ने के बाद वह बेहोश हो गई। उसके बाद अन्य 15 छात्राओं का भी तबीयत बिगड़ गया। छात्राओं का आरोप है कि पिछले तीन चार दिनों से इसी तरह से जीविका दीदी द्वारा भोजन बना कर दिया जा रहा है। इस कारण सबकी तबीयत खराब होने लगा है। यह भी आरोप है कि से आवासीय व्यवस्था के कारण परिवार से शिकायत करने पर डांट फटकार लगाते है। तबीयत बिगड़ने पर आज भी अस्पताल नहीं ले जा रहे थे। हंगामा सुन किसी ग्रामीण ने इसकी सूचना 112 आपात वाहन को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छात्राओं से बात कर एम्बुलेंस की मदद पावापुरी मेडिकल कॉलेज लाया गया।

# जीआईसी आधारित मास्टर प्लान एवं प्रॉपर्टी सर्वे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में जीआईसी आधारित मास्टर प्लान तथा जीआईसी बेस्ड मैप एवं प्रॉपर्टी सर्वे से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बताया गया कि जहानाबाद जिला अंतर्गत नगर परिषद, जहानाबाद एवं नगर पंचायत - काको, घोषी, मखदुमपुर तथा रतनी फरीदपुर को जीआईसी आधारित मास्टर प्लान एवं प्रॉपर्टी सर्वे योजना में शामिल किया गया है। इन सभी निकाय क्षेत्रों में चल रहे सर्वे कार्य को अगस्त 2025 तक पूर्ण करने के लिए कार्यकारी एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है। साथ ही नगर परिषद, जहानाबाद के अयोजना क्षेत्र-सह-कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि चयनित एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त राज्य में नये नगर निकायों के गठन, पुराने निकायों के उत्क्रमण एवं क्षेत्र विस्तार की प्रक्रिया के तहत सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे संबंधित अंचल अधिकारियों से नजरी नक्शा प्राप्त करते हुए नगर विकास एवं आवास विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन तैयार कर उप विकास आयुक्त के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत करें।

## सभी योग्य व्यक्तियों का मतदाता सूची में नाम हो दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार ने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि हर योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो, इसके लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य मे किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतें। पकरीबरावां में 22 नए मतदान केंद्र बनाए गए। बीपीआरओ गौरव कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में अब कुल 172 मतदान केंद्र हो गए हैं, जो पहले की तुलना में 22 अधिक हैं। जिन केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक थी, उनका विखंडन कर नए मतदान केंद्र बनाए गए हैं, ताकि लोगों को मतदान में कोई परेशानी न हो।

# गांजा तस्करी से पहले तीन तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** चिकसौरा थाना पुलिस ने बुधवार को गांजा तस्करी की योजना बना रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तस्कर बाइक से बास बिगहा से हिलसा गांजा ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर चंद बिगहा गांव के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पुलिस को देखकर तीनों तस्कर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान अजय कुमार (पुत्र शैलेंद्र कुमार, रेडी गांव), राजीव कुमार (पुत्र रंजीत कुमार, चंद्र बिगहा) और जैजू कुमार (पुत्र कमलेश प्रसाद, जमुआड़ा) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि तीनों तस्करों पर पूर्व में पटना और नालंदा जिले के विभिन्न थानों में लूट, चोरी व नशा से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**कौआकोल (नवादा)।** थाना क्षेत्र के भोरमबाग गांव में छापेमारी कर तीन वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में नवादा भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी भोरमबाग गांव निवासी कृष्ण यादव, गोरेलाल यादव एवं अशोक कुमार के विरुद्ध अवैध ढंग से बालू खनन करने का आरोप था। जिसे न्यायालय के आदेश के बाद गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गुरुवार को भेज दिया गया।

# राज्य स्तरीय टग ऑफ वार चैंपियनशिप में नवादा की बेटियों ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)।** हाजीपुर (वैशाली) में 26 जुलाई को आयोजित राज्य स्तरीय टग ऑफ वार (रस्साकशी) चैंपियनशिप में नवादा जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। टग ऑफ वार एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में नवादा की महिला टीम ने अपराजेय रहते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं पुरुष टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। इंटर स्कूल नारदीगंज की शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिंहा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। बालिका वर्ग में अर्चना कुमारी की कप्तानी में टीम ने सभी मुकाबले जीतकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। टीम में अंजलि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, ईशा कुमारी, सोनाली कुमारी, निक्की कुमारी, राखी कुमारी, काजल कुमारी, रचना कुमारी और मोनी कुमारी शामिल रही। वहीं, बालक वर्ग में पंकज कुमार के नेतृत्व में टीम ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम में तेजस्वी राज, अमीश खान, हिमांशु कुमार, पीयूष कुमार, शिवम कुमार, प्रशांत कुमार, सतीश कुमार, शाश्वत कुमार देव और शिवम पांडे शामिल थे।

# नगर विकास विभाग की टीम ने रैन बसेरा का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग की दो सदस्यीय टीम ने गुरुवार को हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के खाखी चौक स्थित अस्थायी रैन बसेरा (आश्रय स्थल) का निरीक्षण किया। टीम में विशेष कार्य पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार एवं परियोजना समन्वयक डॉ. हर्षवर्धन शामिल थे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रैन बसेरा में रजिस्ट्रेशन बुक, शौचालय, पेयजल, साफ-सफाई, बिस्तर आदि सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के समय नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद, नगर मिशन प्रबंधक अनुज कुमार, बैजू शंकर गिरी, एरिया लेवल फेडरेशन की अध्यक्ष नेहा कुमारी, रैन बसेरा के प्रबंधक, केयरटेकर, तथा सामुदायिक संसाधन सेवी अनिता कुमारी, रिंकी कुमारी, अनामिका कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# खबरों के प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया बिजली विभाग, चमोथा गांव में बिजली बहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के मुरहेना पंचायत अंतर्गत चमोथा गांव में बीते आठ महीनों से एक ट्रांसफार्मर जला हुआ था एवं गांव में स्थापित दूसरे ट्रांसफार्मर से बीते तीन-चार दिनों से कम वोल्टेज मिल रहा था। ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिलने पर जनसमस्याओं को प्रमुखता के साथ खबरें प्रकाशित की गई। खबरें प्रकाशित होने के बाद बिजली विभाग के पदाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने के लिए गांव पहुंचे। बिजली विभाग के एसडीओ राहुल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के बिजली संबंधी समस्या को लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए कनीय अभियंता भुवनेश्वर कुमार को कर्मियों के साथ चमोथा गांव भेजा गया। कनीय अभियंता ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं की गहनता से जानकारी ली। साथ ही ग्रामीणों को मिल रही कम वोल्टेज की समस्या का त्वरित निवारण कर सभी उपभोक्ताओं को बिजली बहाल किया गया। एसडीओ ने बताया कि गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को जल्द ही बदल दिया जाएगा। वहीं ग्रामीण मो. तबरेज आलम,मो. शाहिद इकबाल, मो. जमशेद आदि ने बताया कि बिजली विभाग के द्वारा बिजली संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण कर लिया गया है।बिजली बहाल होने पर सभी ग्रामीण अपने अपने घरों में खाली पानी की टंकी को भरने में जुटे दिखाई दिए। साथ ही गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय उर्दू में पंखों के नीचे ठंडी हवा में बच्चे और शिक्षकगण पठन-पाठन करते दिखाई दिए। ग्रामीणों ने बिजली विभाग द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर पदाधिकारियों को धन्यवाद भी दिया।

# मतदाता सूची 2025 के प्रारूप के प्रकाशन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** इंटर विद्यालय नारदीगंज में मतदाता सूची 2025 के प्रारूप के प्रकाशन को लेकर गुरुवार को बीएलओ व पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। डीएम के निर्देशानुसार मतदाता सूची 2025 के प्रारूप के प्रकाशन को लेकर दावा आपत्ति के लिए आनलाइन प्रशिक्षण दी गई। इस प्रशिक्षण में कहा गया अहर्ता तिथि एक जुलाई 2025 के आधार पर विशेष विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक अगस्त 2025 निर्वाचक प्रारूप का प्रकाशन किया जाना है। दावा आपत्ति एक अगस्त 2025 से शुरु होगी। जो एक सितंबर 2025 तक होना है। इस दावा आपत्ति का निष्पादन एक सितंबर से 25 सितंबर 2025 तक किया जाएगा। गुणवत्तापूर्ण जांच, अनुमति व मुद्रण का कार्य 27 सितम्बर को होगा। वही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितम्बर 2025 को किया जायेगा। इस प्रखंड में 118 मतदान केंद्र है। मौके पर बीडीओ सोनिया ढनढननिया, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राम सागर पाल, प्रधान लिपिक दीपक कुमार, प्रखंड नाजिर संटू कुमार, मास्टर टेनर सह बीएलओ अवधेश कुमार, दीपक कुमार, अशोक कुमार, योगेंद्र प्रसाद सिंह,पंकज कुमार, अमरेन्द्र कुमार, पर्यवेक्षक जितेन्द्र कुमार, रवि कुमार समेत अन्य रहे।

# अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी को दी गई भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** अनुमंडल अग्निशमन कार्यालय, रजौली में गुरुवार को निवर्तमान अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी राम अवध सिंह के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और छात्राओं ने उन्हें उपहार, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई दी। समारोह में नवादा से जिला अग्निशमन पदाधिकारी सोम बहादुर तमांग, रजौली डीएसपी गुलशन कुमार, बीडीओ संजीव कुमार झा, नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं विदाई गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावुक बना दिया गया। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग के प्रधान अग्निक व अग्निकों ने राम अवध सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में कार्य करना सौभाग्य की बात रही। उन्होंने विभाग को अनुशासन, सेवा भावना और सजगता का नया दृष्टिकोण दिया। विदाई के दौरान कई कर्मियों की आंखें नम हो गईं। सभी ने कहा कि राम अवध सिंह का मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि ट्रांसफर पोस्टिंग नौकरी का हिस्सा है, लेकिन रजौली में जो स्नेह और सम्मान मिला, वह जीवन भर नहीं भूलाया जा सकता। उन्होंने रजौलीवासियों और सहयोगी कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका यह प्रेम सदैव दिल में बसा रहेगा। कार्यक्रम का संचालन इंटर विद्यालय खनपुरा के पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रधान अग्निक मधुरेंद्र कुमार, चालक निशांत कुमार, टुन्ना कुमार गुप्ता, अग्निक बिरंजा कुमारी, रिया कुमारी, लक्ष्मण मल्लाह, शिवम कुमार, आनंद दुबे, राकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शमशेर अंसारी, वार्डन रेखा कुमारी, वार्ड पार्षद मुकेश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# एकदिवसीय रोजगार मेला का आयोजन दो अगस्त को

**नबिटा ब्यूरो**

**नवादा।** 2 अगस्त को श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नवादा द्वारा एकदिवसीय रोजगार कैम्प का आयोजन संयुक्त श्रम भवन नवादा के प्रांगण में किया जाएगा। इस रोजगार कैम्प में फ्रीडम इम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, नई दिल्ली द्वारा शिक्षक के 25 रिक्त पदों पर नियोजन हेतु चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित की गई है, साथ ही अभ्यर्थियों को बेसिक कंप्यूटर का ज्ञान भी आवश्यक होगा। चयनित अभ्यर्थियों को 13,000 मासिक वेतन के अतिरिक्त इपीएफ, रूम किराया, पेट्रोल खर्च जैसी अन्य सुविधाएँ भी प्रदान की जाएंगी। कार्य क्षेत्र नवादा जिले के ग्रामीण इलाके होंगे, जो 5 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित होंगे। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, पहचान-पत्र, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा की छायाप्रति के साथ रोजगार कैम्प में भाग ले सकते हैं। यह कैम्प पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा।


**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

77वीं औपबंधिक सूची जिलाः—पलामू

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या—1938, दिनांक—20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक—431/25<br>2. आवेदक—सुरेन्द्र कुमार<br>3. पिता—स्व0 गुप्तेश्वर साव<br>4. ग्राम—कसियाडीह पोस्ट—कसियाडीह<br>5. थाना—सतबरवा प्रखण्ड—सतबरवा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—53 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—अंकित नहीं | मनिका थाना काण्ड सं0—42/92 जी0आर0 सं0—618/92 | पृ0—70 क्र0—03(06) | कारण :— दिनांक 17.12.1992 को आजसू कार्यकर्त्ताओं द्वारा नाजायज मजमा लगाकर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप। | 2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक—431/25<br>2. आवेदक—नवल किशोर प्रसाद<br>3. पिता—कृष्णा प्रसाद साहू<br>4. ग्राम—चक पोस्ट—चक<br>5. थाना—मनातु प्रखण्ड—मनातु<br>6. लिंग—पुरूष आयु—49 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—अंकित नहीं | मनिका थाना काण्ड सं0—42/92 जी0आर0 सं0—618/92 | पृ0—70 क्र0—03(04) | कारण :— दिनांक 17.12.1992 को आजसू कार्यकर्त्ताओं द्वारा नाजायज मजमा लगाकर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप। | 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक—433/25<br>2. आवेदक—मनीष कुमार (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता—स्व0 शिवकुमार साहु (आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम—कमारू पोस्ट—बकोरिया<br>5. थाना—सतबरवा प्रखण्ड—सतबरवा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—24 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—दाहिने हाथ के अंगूली में तिल का निशान। | मनिका थाना काण्ड सं0—42/92 जी0आर0 सं0—618/92 | नहीं | कारण :— दिनांक 17.12.1992 को आजसू कार्यकर्त्ताओं द्वारा नाजायज मजमा लगाकर विधि—व्यवस्था भंग करने का आरोप। | 2(ix) |

नोट :— 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 358622 (Home)25-26*D


# राजद कार्यालय में कौशल यादव और पूर्णिमा यादव का जोरदार स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कार्यालय, नवादा में पूर्व विधायक कौशल यादव और पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष उदय यादव ने की, जबकि मंच संचालन वरिष्ठ नेता शंभू शरण सत्यार्थी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन राजद प्रवक्ता व पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव की देखरेख में सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में पूर्व विधायक कौशल यादव ने कहा कि मैं अपने घर लौट आया हूं। गरीबों की आवाज बनने के लिए सत्ता छोड़ी है और अब पूरी ताकत से कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि वे हर प्रखंड और पंचायत स्तर तक पार्टी को मजबूत करेंगे और कार्यकर्ताओं के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राजद परिवार से जुड़कर उन्हें आत्मिक संतोष मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर महागठबंधन को मजबूती देने और तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अभियान चलाने की अपील की। राजद प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि कौशल यादव और पूर्णिमा यादव के आने से पार्टी मजबूत हुई है। जो लोग राजद को अपनी जागीर समझ बैठे थे, उनका भ्रम अब टूट गया है। राजद प्रदेश सचिव व पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा ने कहा कि कौशल यादव के नेतृत्व में ही उन्होंने राजनीति की शुरुआत की और आज भी उनका मार्गदर्शन प्रेरणादायी है। इस मौके पर पिंकी भारती, प्रेमा चौधरी, निक्की सिंह, नीलम परवीन, कैप्टन राकेश चौधरी, सीताराम चौधरी, गौतम कपूर चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विशेष गहन पुनरीक्षण को ले बीएलओ की बैठक

**नबिटा संवाददाता**

**पकरीबरावां।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को कृषक महाविद्यालय धेवधा, पकरीबरावां में सभी बीएलओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार ने की। बैठक में बताया गया कि 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 तक चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान नाम जोड़ने, त्रुटि सुधारने तथा नाम विलोपन से संबंधित दावे एवं आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। जिन मतदाताओं ने पूर्व में दस्तावेज नहीं दिए थे, उनके कागजात अब बीएलओ द्वारा प्राप्त कर ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे। इस दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची से छूट गए हैं, या फिर जिनके विवरणों में कोई गलती है, वे इस अवधि में सुधार हेतु आवेदन दे सकते हैं। बीएलओ घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और आवश्यक दस्तावेज संकलित कर पोर्टल पर अपलोड करेंगे। बैठक में बीपीआरओ गौरव कुमार, मास्टर ट्रेनर संतोष कुमार व जितेंद्र कुमार, सभी बीएलओ सुपरवाइजर सहित बीएलओ उपस्थित थे।

# भाजपा को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की आवश्यकता : विनोद तावडे

## प्रेम सागर और विनोद तावडे की बैठक में संगठन की मजबूती और चुनावी रणनीति पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** भारतीय जनता पार्टी के लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक प्रेम सागर और पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावडे के बीच शुक्रवार को गया स्थित होटल आर्यावर्त में एक औपचारिक और महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा से लेकर आगामी चुनावी रणनीति तक कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में प्रेम सागर ने प्रदेश में लघु उद्योगों की वर्तमान स्थिति, सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत और प्रकोष्ठ द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे पार्टी के लघु उद्योग प्रकोष्ठ ने छोटे कारोबारियों, उद्यमियों और स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के लिए हाल के महीनों में कई जिलों में कार्यशालाएं, प्रशिक्षण सत्र और जनसंपर्क अभियान आयोजित किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने उन चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट किया जो लघु उद्योग क्षेत्र के सामने हैं, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। विनोद तावडे ने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसका कार्यकर्ता है और हर कार्यकर्ता को यह समझना होगा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव महज राजनीतिक नहीं, बल्कि वैचारिक लड़ाई भी होंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे केवल चुनाव केंद्रित नहीं, बल्कि जनसरोकारों पर केंद्रित अभियान चलाएं ताकि जनता से सीधा और विश्वसनीय संवाद कायम हो। तावडे ने यह भी कहा कि लघु उद्योग प्रकोष्ठ की भूमिका आगामी चुनावों में बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि छोटे उद्योगों और स्वरोजगार से जुड़े मतदाता वर्ग का भरोसा पार्टी के साथ बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक जिले में लघु उद्योग से जुड़े लोगों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और सरकार की योजनाओं को उनके अनुभव के आधार पर और प्रभावी बनाया जाए। प्रेम सागर ने भी यह संकेत दिया कि पार्टी नेतृत्व से मिल रही प्रेरणा और दिशा के अनुरूप वे आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर काम करेंगे। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने संगठन की आंतरिक संरचना, समन्वय की भूमिका और सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर भी विचार साझा किए।

# गयाजी में दो कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** आज गया जी के पावन धरती पर कृषि विभाग गया द्वारा आयोजित 'किसान कल्याण संवाद सह युवा किसान सम्मान समारोह' का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री एवं गया नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने अभिभाषण में सबसे पहले गयाजी की मोक्षभूमि एवं मां मंगला गौरी की पावन धरती पर पधारे उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का मगधवासियों एवं किसान भाइयों की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में गयाजी के किसानों के लिए पूर्व में किए गए कृषि विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके कृषि मंत्री कार्यकाल के दौरान गयाजी में दो कृषि विज्ञान केंद्रों की स्थापना हुई—एक मानपुर में, जिसे 20 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया गया और दूसरा आमस में जिससे गुरुआ, डोभी, आमस, डुमरिया, बांकेबाजार, इमामगंज एवं मोहनपुर के किसानों को लाभ हो रहा है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल में बिहार के तीसरे कृषि रोडमैप का शुभारंभ करने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने आगामी 11 अगस्त से राज्य के सभी 8463 पंचायतों में आयोजित होने वाले किसान चौपाल में किसानों से भागीदारी का आह्वान किया।

# प्रेमचंद ने रचनाओं के जरिए समाज में नैतिक विवेक की मशाल जलाई : परिचय दास

## मगध विश्वविद्यालय में 'साहित्य और प्रेमचंद' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के हिंदी और पत्रकारिता विभाग की ओर से गुरुवार को आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान को जनपक्षधरता, संवेदना और भाषा की सहजता के रूप में रेखांकित किया। 'साहित्य और प्रेमचंद' विषयक इस आयोजन का प्रमुख वक्तव्य नव नालंदा महाविहार के हिंदी विभाग के प्रोफेसर रवींद्रनाथ श्रीवास्तव 'परिचय दास' ने दिया। परिचय दास ने कहा कि प्रेमचंद ने केवल यथार्थ का चित्रण नहीं किया, बल्कि उसमें नैतिक विवेक भी पैदा किया। उनके अनुसार यही किसी भी उत्कृष्ट साहित्य की पहचान होती है जो समाज को दिशा देने वाली मशाल बने। प्रेमचंद ने हिंदी को संस्कृतनिष्ठ और अरबी-फारसी से बोझिल भाषा से मुक्त कर जनता की बोली में साहित्य रचा और हिंदी-उर्दू दोनों में एक नई राह बनाई। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद ने साहित्य की स्वाभाविक तरलता को आत्मसात किया और बाद में रेणु ने उसी सहज भाषा में रस पैदा किया। तुलनात्मक दृष्टि से उन्होंने उड़िया साहित्य के सीताकांत महापात्र और गोपीनाथ महंती के साथ प्रेमचंद की रचनाशीलता की समानता का उल्लेख किया। प्रेमचंद और शरतचंद्र ने स्त्रियों को केंद्र में रखकर उस समय साहित्य रचा जब वे सामाजिक हाशिए पर थीं। उन्होंने कहा कि मजदूरों का पलायन, सामाजिक विषमता और संवेदनहीनता जैसे मुद्दे आज भी प्रेमचंद को प्रासंगिक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद किसी विचारधारा विशेष के लेखक नहीं थे, बल्कि वे विचार के प्रति प्रतिबद्ध थे। उनके साहित्य में अनेक विचारधाराओं के प्रभाव दिखाई देते हैं। डॉ. धर्मवीर द्वारा लगाए गए 'सामंत का मुंशी' जैसे आरोप गलत हैं, क्योंकि प्रेमचंद का साहित्य जनता की पीड़ा का साहित्य है, न कि सत्ता का। विचार गोष्ठी में मानविकी संकायाध्यक्ष रहमत जहां ने अंग्रेजी साहित्य में मुल्कराज आनंद के साथ प्रेमचंद की तुलना की और गांधी के प्रभाव की चर्चा की। विनय कुमार ने तत्कालीन सामाजिक विषमता पर प्रेमचंद के साहित्य के प्रभाव को स्पष्ट किया। ममता मेहरा ने प्रेमचंद की विभिन्न विधाओं के उदाहरणों के साथ साहित्य की सुंदर परिभाषा प्रस्तुत की। तरन्नुम जहां ने प्रेमचंद की उर्दू से आरंभ हुई साहित्यिक यात्रा को रेखांकित किया और उनके उर्दू लेखन का समकालीन प्रभाव सामने रखा। गोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें अभिषेक, माला, केसरी, प्रियंका, सुमित्रा, मृणालिनी, दीपक, रविरंजन, ब्रजेश, नेहा और सृष्टि ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में आनंद कुमार सिंह, ममता मेहरा और तरन्नुम जहां शामिल रहे। विजेताओं को आगामी 6 अगस्त को हिंदी भवन के उद्घाटन अवसर पर कुलपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन परम प्रकाश राय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अम्बे कुमारी ने अपनी कविता के माध्यम से किया। प्रश्नोत्तर सत्र में अनुज कुमार तरुण और केसरी कुमार ने दलित साहित्य, प्रोपेगेंडा साहित्य और साधारणीकरण से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर परिचय दास ने विस्तार से दिया। इस अवसर पर राकेश कुमार रंजन, किरण कुमारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में ब्रजेश कुमार राय ने प्रेमचंद की लोकप्रियता और उनकी पंक्तियों के संदर्भों से गोष्ठी का भावभूमि तैयार किया।

# सेवाओं का संचालन पंचायत सरकार भवन में किया जाए : डीएम

## डीएम ने की पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा सभी प्रखंड पंचयात राज पदाधिकारी, सभी एलएईओ के अभियंता गण, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में की गई। गया जिलांतर्गत पंचायत सरकार भवन का निर्माण ग्राम पंचायत स्तर, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के स्तर एवं भवन निर्माण विभाग के स्तर से किया जा रहा है। डीएम द्वारा बताया गया कि पंचायत सरकार भवन सरकार के माध्यम से सरकार की योजनाओं को एकीकृत रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। पंचायत सरकार भवन का उद्देश्य है कि प्रखंड के तर्ज पर सभी प्रकार की सेवाओं का संचालन पंचायत सरकार भवन में किया जाए। डीएम द्वारा एक-एक कर सभी पंचायत सरकार भवन के निर्माण एवं उसके संचालन की समीक्षा की गई। डीएम द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वैसे पंचायत सरकार भवन जहां अंतिम चरण पर कार्य जारी है वहां 15 अगस्त से पूर्ण कार्य संपन्न कराते हुए इसका संचालन करना सुनिश्चित करेंगे। सभी ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने पंचायत अंतर्गत निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन के कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता का अनुश्रवण करेंगे। गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही की स्थिति में अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा में डीएम ने कहा कि टनकुप्पा के उतली बारा पंचयात सरकार भवन निर्माण के दौरान कुछ पेड़ रहने पर वन विभाग से समन्वय करते हुए तेजी से निर्माण करवाने का निर्देश दिए है। परैया के सोलदा पंचयात सरकार भवन निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिए। खिजरसराय के कुड़वा में चिन्हित जमीन उपर्युक्त नहीं पायी गयी, डीएम ने एसडीओ एवं डीसीएलआर की संयुक्त जांच करवाने का निर्देश दिए।

# मारपीट का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के कैथी मठिया गांव में चार माह पूर्व हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार दोपहर तीन बजे आरोपी को जेल भेज दिया गया। यह मामला बीते दिनों गांव में दो पक्षों के बीच हुई झड़प से जुड़ा है जिसमें कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित धर्मेंद्र गिरी की तहरीर पर कांड संख्या 47/25 दर्ज की गई थी। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी सुनील गिरी पिता स्व.तपेश्वर गिरी ग्राम कैथी मठिया की पहचान होने के बाद ए एस आई दशरथ सिंह ने पुलिस बल के सहयोग से उसे उसके ही गांव से गिरफ्तार कर लिया।

# शिक्षा के साथ-साथ शोध, स्टार्टअप और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ें : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खिजरसराय।** गया अभियंत्रण महाविद्यालय, गया में बिहार इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो सुरेश कांत वर्मा ने उपस्थित होकर वर्चुअल रूप से बिहार के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नए नामांकित छात्रों को संबोधित किया जिसका शुभारंभ कुलपति, कुलसचिव प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ विजेंद्र कुमार एवं प्राचार्य डॉ राजन सरकार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बिहार राज्य के तकनीकी शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुरेश कांत वर्मा ने राज्य के सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों में नए नामांकित छात्रों को एक साथ संबोधित किया। इस वर्चुअल कार्यक्रम में हजारों छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुलपति अपने संबोधन में छात्रों को इंजीनियरिंग शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा यह आपकी जिंदगी का नया अध्याय है जहां आप न केवल तकनीकी ज्ञान अर्जित करेंगे।

# आश्रित को बीडीओ के निर्देश पर मिला पारिवारिक लाभ का चेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** गुरुवार को प्रखण्ड के तिनेरी गांव में बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति के आश्रित को प्रशासन की ओर से पारिवारिक लाभ योजना के तहत बीस हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। यह सहायता राशि बीडीओ विपुल भारद्वाज के निर्देश पर प्रखंड नाजिर जयंत कुमार के द्वारा उपलब्ध कराई गई। दुर्घटना में मृतक की पहचान मुकेश कुमार पिता सुभाष पासवान ग्राम तिनेरी के रूप में हुई थी, जो 28 जुलाई को सड़क दुर्घटना का शिकार रफीगंज के चरवाहा विद्यालय के समीप हो गए थे। उनकी मौत के बाद परिवार पर गहरा संकट छा गया। इस दुखद घटना के बाद प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए आश्रित पत्नी नीलम कुमारी को आर्थिक मदद देने की पहल की। बीडीओ विपुल भारद्वाज ने कहा कि यह पारिवारिक लाभ योजना राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही है। ताकि किसी भी आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में पीड़ित परिवार को तात्कालिक सहायता मिल सके।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0– WRD/MDMANDAL/02/2025–26
दिनांक 31.07.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Restoration Work of C/R AND H/R Gate With Embedded Parts, Hoisting Arrangement, shed and Platform of Head Work of Kawaldag Weir Scheme. |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | **98,32,600.00** (अन्ठानवे लाख बत्तीस हजार छः सौ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 08 (आठ) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 **1,96,700.00**(एक लाख छियानबे हजार सात सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर ई– निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | दिनांक 05.08.2025 (03:00 बजे अपराह्न) |
| 6 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 19.08.2025 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 7 | ई– निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 22.08.2025 (10:30 बजे पूर्वाह्न)। |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल (लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 9 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 10 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विस्तृत जानकरी के लिए बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।
4. सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि ई– भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जबाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर

PR 358629 District (25-26)_D



## शपथ पत्र

मैं हरेन्द्र शर्मा पिता-रामजी शर्मा निवासी ग्राम-परशुरामपुर, पो.-पलासी, थाना-अरवल, जिला-अरवल (बिहार) वर्तमान पता-पुलिस लाइन के पूरब साइड औरंगाबाद (बिहार) शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। यह कि उज्जवल आनंद मेरा पुत्र है। मेरे पुत्र के सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड सं.-4477 5858 2785 में नाम उज्जवल आनंद (UJJAWAL ANAND) एवं जन्म तिथि 21.08.2007 अंकित है जो सही है। मैं भारतीय सेना (आर्मी) Unit-57 ARMD REGT से दिनांक 31.03.2020 को सेवानिवृत हुआ हूं मेरे द्वारा आर्मी कार्यालय में दिये गये मेरे परिवार के विवरण में मेरे पुत्र का नाम उज्जवल आनंद शर्मा एवं जन्म तिथि 21.08.2004 भूलवश अंकित हो गई है। मैं यह शपथ-पत्र अपने पुत्र का सही नाम उज्जवल आनंद एवं जन्म तिथि 21.08.2007 के समर्थन में शपथ-पत्र निष्पादित कर रहा हूं जो मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है। मैं दफेदार हरेंद्र शर्मा मेरा आर्मी नंबर-15480596W है। मेरे बच्चे का नाम सर्विस बुक मैं UJWAL ANAND है। और जन्मतिथि 21/08/2004 है जो कि गलत है। मेरे बच्चे का सही नाम UJJAWAL ANAND है और जन्मतिथि 21/08/2007 है।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही एवं सत्य है। शपथ पत्र संख्या-1885- दिनांक-23/7/25 है।

शपथकर्ता
हरेन्द्र शर्मा



## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 29.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–89–25–26, कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बारुईपुर/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/बारुईपुर के अधीन बारुईपुर–डायमंड हार्बर और बारुईपुर से बहारु (छोड़कर) अप और डाउन शाखा में विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,04,52,268.96, **बयाना राशि :** रु.2,02,300/– **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–90–25–26, कार्य का नामः** सहायक अभियंता/बारुईपुर/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में वरिष्ठ शाखा अभियंता (पी.वे)/लक्ष्मीकांतपुर के अधीन बहारु अप और डाउन से लेकर नामखाना शाखा तक विभिन्न ट्रैक रखरखाव कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,07,45,052.06, **बयाना राशि :** रु.2,03,700/–, **क्रम सं. 3, निविदा सं.: टीएन–100–25–26, कार्य का नामः** (i) वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बनगांव के अधीन सीमेंट कंक्रीटिंग और सहायक कार्यों के साथ बिभूति भूषण हाल्ट (पीएफ–1 और 2), संहति (पीएफ–2) और मध्यमपुर (पीएफ–1) (कुल = 04 अदद) पर प्लेटफॉर्म को ऊंचा करना। (ii) वरिष्ठ शाखा अभियंता/कार्य/बनगांव के अधीन सीमेंट कंक्रीटिंग और सहायक कार्यों के साथ दत्तपुकुर (पीएफ–2 और 3), बीजेडआरए (पीएफ–2) और अशोक नगर रोड (पीएफ–2) (कुल = 04 अदद) पर प्लेटफॉर्म को ऊंचा करना। **निविदा मूल्य :** रु.3,23,11,701.56, **बयाना राशि :** रु.3,11,600/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** 22.08.2025 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **कार्य की समापन अवधिः** 12 (बारह) माह (प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समयः** 22.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई–निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।
SDAH-139/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



## पूर्व रेलवे

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं.: ईएल–एसडीएएच–सीओएन–जीईएनएल–174–2025–एनआईटी, निविदा सं.: ईएल–एसडीएएच–सीओएन–जीईएनएल–174–2025,** उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, सियालदह, आर.एम.एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्मों आदि जिनके पास निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता और उपयुक्त अनुभव के साथ वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है, से ई–निविदा प्रक्रिया के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** "पूर्व रेलवे के जमालपुर में नए अस्पताल भवन के लिए विद्युत (सा.) कार्य"। **निविदा मूल्यः** रु. 2,12,07,604/–, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशिः** रु.2,56,000/–, **समापन अवधिः** 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 29.08.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजातों को **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इस निविदा के लिए ऊपर वर्णित अनुसार उल्लिखित निविदा की अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले "निविदा कागजात की लागत" और "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से पूर्ण और ऊपर उल्लिखित सभी कागजातों के साथ निविदाएँ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और यदि कोई भी मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय–समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) और अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना सियालदह में उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, पूर्व रेलवे, आर. एम. एस. बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता–700014 के सूचना पट में भी देखी जा सकती है।
CON-29/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# बिहार में अपराधियों को संरक्षण दे रही राज्य सरकार: राघवेंद्र यादव




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** प्रखंड के बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को गिरती विधि व्यवस्था के साथ नाबालिग बहन बेटियों के साथ हो रहे दुष्कर्म की घटना के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला गया। इसका मॉनिटरिंग बसपा के जिला प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव ने किया। बसपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश मार्च का शुभारंभ भवानी स्थान से किया वहां से बीच बाजार से होकर मीरचक मोड़ तक गया वहां पर एक नुक्कड़ सभा भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बसपा प्रभारी राघवेंद्र नारायण यादव ने बताया कि बिहार सरकार के लापरवाही अपराधी पूरी तरह बेलगाम हो गया है इसके कारण हत्या, बलात्कार जैसे घटनाओं का ग्राफ काफी तेजी से बढ़ रहा है इसलिए इसके विरुद्ध बसपा का जन आंदोलन लगातार जारी है। आक्रोश मार्च के दौरान बसपा कार्यकर्ताओं ने दुष्कर्मियों को फांसी दो, बिहार सरकार महिलाओं को सुरक्ष दो, नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म जैसे घिनौनी हरकत बंद करो समेत कई प्रकार की नारा लगा रहे थे।


## बिहार सरकार
### कार्यपालक अभियंता (यॉं0) का कार्यालय
### सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल, औरंगाबाद

e-mail id- eemechabad18@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

समाचार पत्रों के माध्यम से नीचे उल्लेखित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है, कि उनके पास अस्थायी अग्रिम की राशि बहुत दिनों से लम्बित है, जिसका अभी तक न तो समायोजन कराया जा सका है और न ही राशि लौटायी जा सकी है।

अतः समाचार पत्र के माध्यम से पदाधिकारियों को सूचित किया जात है, कि यथाशीघ्र निम्नलिखित राशि को समायोजन या राशि वापस करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय।

| क0 | पदाधिकारियों का नाम | पदस्थापन/कार्यालय का नाम | लम्बित राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्यपालक अभियंता (यॉं0) | सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल डिहरी | 2,33,421.00 |
| 2 | श्री ललन प्रसाद सिंह | तत्कालिन अवर प्रमंडल पदाधिकारी, सिंचाई यॉंत्रिक अवर प्रमंडल, औरंगाबाद | 41,791.00 |
| 3 | श्री चन्देशवरी प्रसाद सिंह | तत्कालिन कनीय अभियंता (यॉं0) | 308.18 |
| 4 | निबंधक | जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना | 10,000.00 |
| 5 | कार्यपालक अभियंता | बराज प्रमंडल, मोहम्मदगंज | 10,000.00 |
| | | कुल राशि | 2,95,520.18 |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
PR- 09995 ( W R D ) 2025-26

(ई0 शैलेन्द्र मोहन तिवारी)
कार्यपालक अभियंता (यॉं0)
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमंडल,औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



## ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–14/2025–26**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस, पुनःनिविदा (2nd Call)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–14/2025-26/EE/BCD/GARHWA दिनांक–31.07.2025

1. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | परिमाण पत्र की राशि |
|---|---|---|
| 1 | *Proposed Construction of MPC (Multi Purpose Centre) Building at Village-Mirchaya Block Dhurki Under Garhwa Distt. for the Year 2025-26.* | ₹ 59,97,200.00 |

2. कार्य पूर्ण की अवधि :– **06 (छः) माह**
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.08.2025 11:00 बजे
4. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 13.08.2025 11:00 बजे
5. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 14.08.2025 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल सं0–02,राँची।
7. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9955921643
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8210456132
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक– 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

Note:- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 358669 Building(25-26)#D

संपादकीय

# दिव्या : नई चेस क्वीन !

भारत के जाने माने चेस (शतरंज) खिलाड़ी और ग्रेंड मास्टर रहे विश्वनाथन आनंद का यह कहना अतिश्योक्ति नहीं है कि यह समय भारतीय चेस का स्वर्णिम काल है। क्योंकि भारतीय चेस खिलाड़ी दुनिया में छाए हुए हैं। हाल में जॉर्जिया के बातूमि में खेले गए फ़िडे महिला वर्ल्ड कप 2025 में आखिरकार दिव्या देशमुख ने बाज़ी मार ली और अपनी ही व पूर्व ग्रेंडमास्टर हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। गौरतलब है कि मात्र 19 वर्ष की दिव्या फ़िडे महिला वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय हैं। फाइनल में दोनों ही भारतीय खिलाड़ियों के होने से विश्व कप भारत को ही मिलेगा, यह तय था। इस जीत को अनुभव और उम्र पर युवा शक्ति और सामर्थ्य भी कहा जा सकता है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच क्लासिकल मुक़ाबले ड्रॉ रहे। शनिवार और रविवार को हुए क्लासिकल मैच में ग्रैंड मास्टर कोनेरू हम्पी ने शतरंज की नई स्टार दिव्या देशमुख को बढ़त नहीं लेने दी। क्लासिकल मैच 1-1 अंक की बराबरी पर रहा। 19 साल की दिव्या यह सिर्फ़ दूसरा मौक़ा था जब भारत की दो खिलाड़ियों ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफ़ाई किया था। खेल समीक्षकों का मानना है कि हम्पी और दिव्या के बीच खिताबी मुक़ाबला दो पीढ़ियों का संघर्ष था। हम्पी की उम्र 38 साल है, जबकि दिव्या 19 साल की हैं। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख दोनों ने ही सेमीफ़ाइनल में चीनी प्रतिद्वंद्वियों को हराया था। पर दिव्या के मुक़ाबले हम्पी को जीत पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हम्पी मौजूदा विश्व रैपिड चैंपियन हैं। लेकिन शुरुआती रैपिड बाज़ियों में वह उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकीं और चीन की तिंगजी लेई के खिलाफ़ पिछड़ गईं। हम्पी ने अंतिम रैपिड बाज़ी जीतकर किसी तरह मुक़ाबले को टाईब्रेकर कहलाने वाली ब्लिट्ज़ बाज़ियों में खींच दिया। हम्पी इन मुक़ाबलों में पूरे भरोसे के साथ खेलती दिखीं और दोनों बाज़ियां जीतकर फ़ाइनल में स्थान बनाने के बाद कहा था कि भारतीय शतरंज के लिए यह सबसे ज़्यादा खुशी का क्षण है। फाइनल बहुत ही कठिन होने वाला है, क्योंकि दिव्या ने इस विश्व कप में बहुत ही उम्दा प्रदर्शन किया है। कोनेरू हम्पी की यह बात सही साबित हुई और वो दिव्या देशमुख को हराने में कामयाब नहीं हो सकीं। संतरों के शहर नागपुर की रहने वाली दिव्या शुरू से ही प्रतिभाशाली चेस प्लेयर हैं। उनके माता पिता दोनों ही पेशे से डॉक्टर हैं। दिव्या का शतरंज सफ़र रिकॉर्डों से भरा रहा है। वह 2013 में मात्र सात साल की उम्र में महिला फ़िडे मास्टर बनीं और सबसे कम उम्र में यह उपलब्धि पाने वाली खिलाड़ी बनीं। वो पहली खिलाड़ी हैं, जिसने इस विश्व कप शतरंज के फ़ाइनल में स्थान बनाया और वो इस मामले में सबसे कम उम्र खिलाड़ी हैं। दिव्या ने उन्होंने ग्रैंडमास्टर नॉर्म भी पूरी कर ली है और अब वह ग्रैंडमास्टर बनने वाली भारत की चौथी महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले सिर्फ़ कोनेरू हम्पी, डी हरिका और वैशाली रमेशबाबू ही ग्रैंडमास्टर बनने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी रही हैं। हालांकि दिव्या का कहना है कि वह 'दुर्घटनावश' शतरंज खिलाड़ी बनीं। बचपन में वह अपनी बड़ी बहन की तरह बेडमिंटन खेलना चाहती थीं, लेकिन लंबाई कम होने से उनकी रूचि शतरंज में बढ़ने लगी। फिर उसी में मन रम गया और वह जल्द ही निष्णात शतरंज खिलाड़ी बन गईं। उनके माता पिता ने दिव्या के शौक को पूरा सपोर्ट किया। दिव्या की प्रतिभा को देखते हुए विश्वनाथन आनंद ने भी उन्हें काफी टिप्स दीं। जिसका दिव्या को काफी लाभ हुआ। आज दिव्या पर पूरे देश को नाज है। वो यूं ही भारत का नाम ऊंचा करती रहें।

# पप्पू यादव का सियासी तड़का, चुनौती या रणनीति

**निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बिहार बंद में अपने कथित अपमान के बाद जो बयान दिया है, उसका सीधा असर राजद नेता और विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव पर पड़ सकता है। सांसद पप्पू यादव ने भावी सीएम के नाम पर तेजस्वी यादव की चर्चा न कर महागठबंधन की राजनीति में भूचाल ला दिया है। बड़ी बात तो ये हो गई कि सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन की राजनीति में कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आने का एक तरह से न्योता ही दे डाला। जानते हैं कि ऐसा पप्पू यादव ने क्या कहा कि बिहार की राजनीति चकरघिन्नी की तरह घूम गई। बिहार की राजनीति में सीएम फेस को लेकर पप्पू यादव ने एक नई बाजी बिछा दी है। वह भी बयानों से नहीं बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर बिहार की सियासत पर बात की। और कांग्रेस से एक बार बिहार के नेतृत्व के प्रति आग्रह भी कर गए।**

शाहिद नकवी



पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर सियासी हलचल मचाने वाला बयान दिया। उन्होंने इशारों में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार मानने से इनकार करते हुए राजेश राम और तारिक अनवर को कांग्रेस की ओर से संभावित चेहरे के रूप में पेश किया। बता दें कि पप्पू यादव अपनी जन अधिकार पार्टी को कांग्रेस में विलय कर चुके हैं। वह कांग्रेस के बड़े नेताओं के संपर्क में हैं। हाल में ही राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के बाद कहा कि उन्हें दोनों नेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी की प्राथमिकता एनडीए और बीजेपी को रोकना है। पप्पू यादव ने बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम को बड़ी भूमिका सौंपे जाने की बात कही और उन्हें संभावित मुख्यमंत्री चेहरों में से एक बताया। इसके साथ ही उन्होंने तारिक अनवर का नाम भी प्रस्तावित किया, जिससे तेजस्वी यादव की उम्मीदवारी पर सवाल उठ गए।

पप्पू यादव के इस बयान ने महागठबंधन में दरार की अटकलों को हवा दी है, जबकि राजद ने स्पष्ट किया कि तेजस्वी यादव ही उनके नेता रहेंगे। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बिहार बंद में अपने कथित अपमान के बाद जो बयान दिया है, उसका सीधा असर राजद नेता और विधानसभा में नेता विपक्ष तेजस्वी यादव पर पड़ सकता है। सांसद पप्पू यादव ने भावी सीएम के नाम पर तेजस्वी यादव की चर्चा न कर महागठबंधन की राजनीति में भूचाल ला दिया है। बड़ी बात तो ये हो गई कि सांसद पप्पू यादव ने महागठबंधन की राजनीति में कांग्रेस को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आने का एक तरह से न्योता ही दे डाला। जानते हैं कि ऐसा पप्पू यादव ने क्या कहा कि बिहार की राजनीति चकरघिन्नी की तरह घूम गई। बिहार की राजनीति में सीएम फेस को लेकर पप्पू यादव ने एक नई बाजी बिछा दी है। वह भी बयानों से नहीं बल्कि राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर बिहार की सियासत पर बात की। और कांग्रेस से एक बार बिहार के नेतृत्व के प्रति आग्रह भी कर गए।

पप्पू यादव ने एक बार फिर बिहार में नेतृत्व को ले कर दलित और मुस्लिम से किसी नेता को आगे लाने की सलाह दी। पप्पू यादव ने इस संदर्भ में पत्रकारों से भी बात की और कहा कि कांग्रेस के पास मुख्यमंत्री पद के चेहरों की कमी नहीं है। बिहार के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और सांसद तारिक अनवर सीएम फेस हो सकते हैं। तारिक अनवर के पास तो अपार अनुभव भी है। सांसद पप्पू यादव ने एक बार फिर राजद के दलित और मुस्लिम प्रेम की परीक्षा ले ली। यही काम स्व. रामविलास पासवान ने भी किया था। फरवरी , 2005 के विधानसभा चुनाव के परिणाम जब आए तो रामविलास पासवान किंगमेकर बन कर उभरे थे।उस चुनाव में आरजेडी को 75 सीटें हासिल हुई। 84 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस 10 सीटें जीती और लालू को चुनौती देने वाले पासवान 29 सीट जीतकर किंगमेकर बने। इधर, बीजेपी को 37 और नीतीश की पार्टी जेडीयू को 55 सीटें मिली। हालांकि इस चुनाव में एक खंडित जनादेश था, पर पासवान लालू को समर्थन देते तो आरजेडी लेफ्ट कांग्रेस और निर्दलीय के साथ मिलकर सरकार बना सकती थी, लेकिन पासवान ने ऐन मौके पर मुस्लिम सीएम की शर्त रख कर राजद सुप्रीमो की बोलती बंद कर दी और 1990 से बिहार की सत्ता संभाले राजद सुप्रीमो के हाथ से सत्ता चली गई। इस बार मुस्लिम या दलित सीएम का कार्ड खेल पप्पू यादव ने कांग्रेस के आलाकमान को नेतृत्व का पाठ पढ़ा दिया। साथ ही राजद के छद्म मुस्लिम और दलित प्रेम को उजागर भी कर दिया।

दरअसल, यह वर्ष 2025 के चुनावी जंग का ट्रेलर है। जहां पप्पू यादव का मकसद तेजस्वी यादव को सीएम के रेस से बाहर रखना है। इसकी शुरुआत दिल्ली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ पप्पू यादव की मुलाकात के साथ ही चुकी है। जाहिर है नेतृत्व को लेकर कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरू और कन्हैया कुमार ने भी तेजस्वी यादव पर ना कहा था। वाम दल भी इसी विचार के साथ चल कर तेजस्वी के नेतृत्व की घोषणा से परहेज रखने की सलाह दी थी। अब पप्पू यादव की मुहिम क्या रंग लाती है यह तो समय के गर्भ में है। पर सीएम फेस को लेकर महागठबंधन में बहस की गुंजाइश तो बन गई है। अब सवाल ये खड़ा होता है कि पप्पू यादव का दलित और मुस्लिम कार्ड रणनीति है या बगावत? पप्पू यादव का यह प्रस्ताव कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है क्योंकि बिहार की राजनीति में जाति और समुदाय का गणित हमेशा से अहम रहा है। आरजेडी का पारंपरिक वोट बैंक 'एम-वाय' (मुस्लिम-यादव) गठजोड़ पर आधारित है, जिसमें यादव और मुस्लिम समुदायों का मजबूत समर्थन शामिल है हालांकि, दलित समुदाय में आरजेडी की पैठ उतनी मजबूत नहीं रही, क्योंकि दलित वोटर ऐतिहासिक रूप से बीएसपी, एलजेपी ,कांग्रेस, और बीजेपी जैसी पार्टियों की ओर झुके हैं। एक और बात पप्पू यादव का यह बयान महागठबंधन में दरार की अटकलों को बल देता है।तेजस्वी यादव को आरजेडी ने पहले ही 2025 के लिए मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है, और पप्पू यादव का वैकल्पिक नाम सुझाना लालू परिवार की रणनीति के लिए एक चुनौती है।पप्पू यादव का यह कदम लालू यादव और आरजेडी के लिए कई मायनों में एक झटका माना जा सकता है।तेजस्वी की उम्मीदवारी पर सवाल।तेजस्वी यादव को आरजेडी ने 2025 के विधानसभा चुनाव के लिए अपना निर्विवाद नेता घोषित किया है।पप्पू यादव का तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार मानने से इनकार करना और वैकल्पिक नाम सुझाना आरजेडी की एकजुटता को कमजोर कर सकता है।यह लालू परिवार की उस छवि को चुनौती देता है, जिसमें तेजस्वी को बिहार में आरजेडी का भविष्य माना जाता है।एक और बात महागठबंधन में पहले से ही तनाव के संकेत हैं। राहुल गांधी और कांग्रेस की सक्रियता, खासकर कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को बढ़ावा देना, लालू यादव को असहज कर रहा है। कांग्रेस का यह रुख संकेत देता है कि वह आरजेडी की शर्तों पर गठबंधन में नहीं रहना चाहती और अपनी स्वतंत्र रणनीति पर काम कर रही है।इस मुद्दे को लेकर अगर कांग्रेस अलग राह चुनती है, जैसा कि दिल्ली में आप के साथ हुआ, तो लालू यादव के लिए यह एक बड़ा नुकसान हो सकता है।

कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह कांग्रेस की ओर से आरजेडी पर दबाव बनाने की रणनीति हो सकती है, ताकि सीट बंटवारे और नेतृत्व के मुद्दों पर कांग्रेस को अधिक लाभ मिले।पप्पू यादव ने यह भी कहा कि राहुल गांधी का अंतिम निर्णय ही मायने रखेगा,जिससे यह संकेत मिलता है कि उनका बयान कांग्रेस के आलाकमान की सहमति से हो सकता है।इसके अलावा, पप्पू यादव का इतिहास रहा है कि वह विवादास्पद बयानों और स्वतंत्र रुख के जरिए सुर्खियां बटोरते हैं। उनका यह बयान भी उनकी छवि को मजबूत करने और सीमांचल में अपने समर्थकों को एकजुट करने का प्रयास हो सकता है। वैसे लालू यादव इस तरह की चुनौतियों से निपटने में माहिर हैं। वह पहले भी कई सियासी संकटों से उबरे हैं और उनकी रणनीति हमेशा से सामाजिक न्याय और 'एम-वाय' समीकरण पर आधारित रही है।

अध्यात्म

## बुरी आदतें बाद में और बड़ी हो जाती हैं



एक अमीर आदमी अपने बेटे की किसी बुरी आदत से बहुत परेशान था। वह जब भी बेटे से आदत छोड़ने को कहते तो एक ही जवाब मिलता, अभी मैं इतना छोटा हूँ.. धीरे-धीरे ये आदत छोड़ दूंगा! पर वह कभी भी आदत छोड़ने का प्रयास नहीं करता। उन्ही दिनों एक महात्मा गाँव में पधारे हुए थे, जब आदमी को उनकी ख्याति के बारे में पता चला तो वह तुरंत उनके पास पहुँचा और अपनी समस्या बताने लगा। महात्मा जी ने उसकी बात सुनी और कहा, ठीक है, आप अपने बेटे को कल सुबह बागीचे में लेकर आइये, वहीं मैं आपको उपाय बताऊंगा।

अगले दिन सुबह पिता-पुत्र बागीचे में पहुंचे। महात्मा जी बेटे से बोले, आइये हम दोनों बागीचे की सैर करते हैं।, और वो धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगे। चलते-चलते ही महात्मा जी अचानक रुके और बेटे से कहा, क्या तुम इस छोटे से पौधे को उखाड़ सकते हो ?

जी हाँ, इसमें कौन सी बड़ी बात है, और ऐसा कहते हुए बेटे ने आसानी से पौधे को उखाड़ दिया। फिर वे आगे बढ़ गए और थोड़ी देर बाद महात्मा जी ने थोड़े बड़े पौधे की तरफ इशारा करते हुए कहा, क्या तुम इसे भी उखाड़ सकते हो?

बेटे को तो मानो इन सब में कितना मजा आ रहा हो, वह तुरंत पौधा उखाड़ने में लग गया। इस बार उसे थोड़ी मेहनत लगी पर काफी प्रयत्न के बाद उसने इसे भी उखाड़ दिया। वे फिर आगे बढ़ गए और कुछ देर बाद पुनः महात्मा जी ने एक गुडहल के पेड़ की तरफ इशारा करते हुए बेटे से इसे उखाड़ने के लिए कहा। बेटे ने पेड़ का ताना पकड़ा और उसे जोर-जोर से खींचने लगा। पर पेड़ तो हिलने का भी नाम नहीं ले रहा था। जब बहुत प्रयास करने के बाद भी पेड़ टस से मस नहीं हुआ तो बेटा बोला, अरे ! ये तो बहुत मजबूत है इसे उखाड़ना असंभव है। महात्मा जी ने उसे प्यार से समझाते हुए कहा, बेटा, ठीक ऐसा ही बुरी आदतों के साथ होता है, जब वे नयी होती हैं तो उन्हें छोड़ना आसान होता है, पर वे जैसे जैसे पुरानी होती जाती हैं इन्हें छोड़ना मुश्किल होता जाता है।

# प्रधानमंत्री की मालदीव यात्रा से भारत -मालदीव के रिश्तों में नया मोड़



डॉ मणिकांत झा

हाल ही में संपन्न हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा कई मायने में अहम माना जा रहा है। एक ओर जहां दोनों देशों के रिश्तों में नया मोड़ आया। वहीं मोदी ने अपने चिर परिचित शैली में एक तीर से कई निशाने साधने में सफल हुए। मालदीव के मौजूदा राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के निमंत्रण पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का मालदीव में भव्य स्वागत हुआ। मोदी मोदी के नारे से क्षेत्र गुंजायमान होता रहा । यह मौका था मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह का जिसमें मोदी विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी शानदार शिरकत की ।मालदीव के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए 4850 करोड रुपए की सहायता राशि का ऐलान किया जबकि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा के लिए 72 वाहन और उपकरण भी सौपे। इतना ही नहीं मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर अपनी सहमति भी जाता दी। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने मिलकर कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें रक्षा मंत्रालय का नया भवन सहित 3300 आवास इकाइयां भी शामिल है। इसके अतिरिक्त भारत की ओर से मालदीव में 6 उच्च प्रभावशाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं की भी शुरुआत की गई। तभी तो मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को सबसे करीबी साझेदार बताते हुए मालदीव के विकास के लिए इसे काफी महत्वपूर्ण माना।

प्रधानमंत्री मोदी के इस यात्रा का सबसे खास पहलू यह है कि महज 2 वर्ष पूर्व भारत के विरोध में अपने स्वर आलाप कर मालदीव की सत्ता तक पहुंचे मुइज्जू को ऐसा क्या हुआ जो एकाएक इनका सदविश्वास भारत के प्रति अनुकूल हुई। वस्तुत- इसे प्रधानमंत्री मोदी के पड़ोसी प्रथम नीति के तहत विदेश नीति व कूटनीतिक सफलता के रूप में देखा जा रहा है।





वास्तविकता तो यह है कि महज 5.2 1 लाख की आबादी वाले मालदीव दुनिया का सबसे छोटा इस्लामिक देश है ।दरअसल मालदीव की भौगोलिक स्थिति ही इसे भारत और चीन जैसे देशों के लिए खास व अहम बना देता है ।भारत और चीन की सुरक्षा व सामरिक हित मालदीव से किसी न किसी रूप में जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि दोनों देश मालदीव से निकटता चाहता है। मालदीव हिन्द महासागर की बड़ी समुद्री रास्ते के पास ही स्थित है। इसी रास्ते से खाड़ी देशों से भारत को ऊर्जा की आपूर्ति होती है जबकि चीन को भी इसी रास्ते तेल वह आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति की जाती है। इसके अतिरिक्त गार्सिया में अमेरिका का नेवल बेस का होना भी इस क्षेत्र का महत्व बढ़ाता है। दूसरी ओर मालदीव से भारत काफी नजदीक है। यदि किसी परिस्थिति में मालदीव पर चीन की मजबूत पकड़ होती है तो विपरीत परिस्थितियों में उसके लिए भारत तक पहुंचना सुविधाजनक होगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि चीन मालदीव में नेवल बेस बनाना चाहता है। मौजूदा वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत कोभी सचेत होना अति आवश्यक है । वहीं मालदीव जैसे अपने पड़ोसी देशों से सकारात्मक संबंध बनाने की दिशा में विशेष पहल करने की जरूरत भी दिखती है। इधर मालदीव में 20 करोड डालर से चीन चाइना- मालदीव फ्रेंडशिप ब्रिज बन रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि मालदीव में चीन की बढ़ती मौजूदगी भारत की सुरक्षा के लिए कभी भी हितकर साबित नहीं हो सकता है । इस सन्दर्भ में

दोनों देशों के बीच यात्रा के पूर्व के संबंधों को भी जानना आवश्यक होता है ।इसकी समीक्षा के उपरांत हम पाते हैं कि 2023 में मुइज्जू के सत्ता में आने के बाद भारत के प्रति उनका रवैया कठोर रहा है ।तभी तो इंडियाआउट जैसे अभियान चला था और 2024 में इनके कुछ मंत्रियों ने तो भारत विरोध में टिप्पणी करने से भी नहीं चुके। भारत के प्रति कठोर रवैया के कारण ही मुइज्जू की यात्रा पहले तुर्की और चीन की हुई तभी भारत की।इस यात्रा को भारत ने कूटनीतिक झटका के रूप में लिया। जबकि परंपरा के अनुसार सबसे पहले भारत की यात्रा करनी चाहिए थी। इस तरह उनका झुकाव चीन की तरफ ज्यादा दिख रहा था।

जाहिर है 7.5 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले मालदीव को जब भारत ने डिफॉल्ट होने से बचाया तो उन्होंने भारत के प्रति अपना दृष्टिकोण में बदलाव किया। माना यह भी जा रहा है कि चीन से अपेक्षा पूरी नहीं होना भी बदलाव का कारण हो सकता है। वैसे विश्लेषक मानते हैं कि मालदीव के अंदरूनी राजनीति में परंपरागत रूप से मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी को भारत से करीबी संबंध रहा है जबकि पीपुल्स नेशनल कांग्रेस चीन से अच्छे संबंध बनाते रहे हैं। वर्तमान में मोदी के दौरे से दोनों देशों के बीच उभरी संबंधों से यह स्पष्ट होता है कि राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पार्टी आधारित नीति को बदलकर सीमाओं और संवेदनशील मुद्दों को पहचानते हुए भारत की भावनाओं का भरपूर सम्मान किया है।

निश्चय ही मालदीव के मौजूदा राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा किसी भी विदेशी राष्ट्रीय अध्यक्ष की पहली यात्रा है। कहना ना होगा कि हिंद महासागर क्षेत्र में मालदीव भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसियों में से एक है। दोनों देशों के बीच पिछ्ली सरकारों के कार्यकाल में भी अच्छे संबंध देखे गए हैं। 1965 में भारत ने मालदीव की स्वतंत्रता की शीघ्र मान्यता दी थी ।1988 में भारत ने सेना भेज कर अब्दुल गयूम की सरकार बचाई ।2018 में पेयजल की समस्या को भारत ने मिटाया।

जो भी हो फिलवक्त मोदी के इस यात्रा ने दोनों देशों को एक पटरी पर ला खड़ा किया है ।अब मालदीव को भारत का सक्रिय सहयोग मिलेगा और विकास की गाड़ी पटरी पर दौड़ेगी ऐसा उम्मीद तो किया ही जा सकता है।इन दिनों जी7 या ब्रिक्स जैसे वैश्विक मंचों से भारत ने अपने प्राथमिकताओं व नीतियों को विश्व के सामने स्पष्ट रूप से रखा है। सदियों से भारत शांति और सद्भावना में विश्वास करता रहा है। यह सभी अपने पड़ोसी देशों से कदम से कदम मिलाकर विकास के पथ पर आगे बढ़ाने की सद्इच्छा रखता है ।दूसरे पक्षों को भी इसी नीति का अनुसरण करना होगा तभी वैश्विक शांति की परिकल्पना को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में भारत के प्रधानमंत्री मोदी की यह ऐतिहासिक यात्रा सिर्फ आर्थिक सहयोग तक ही सीमित नहीं बल्कि दोनों देशों के बीच भावनात्मक व मानवीय संबंधों को विकसित करने के लिए भी काफी महत्वपूर्ण रहा है। यह यात्रा भारत मालदीव रिश्तो को भविष्य में भी एक साफ व सही दिशा देगा ऐसी पूरी उम्मीद है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)**

## आज का कार्टून



## राशिफल

**मेष**
चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा। आर्टिफिशियल इन्टेलीजेंस के क्षेत्र में कार्यरत लोगों को विदेश से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**वृषभ**
वैवाहिक सम्बन्धों में तनाव उत्पन्न होने की सम्भावना है। नये सहयोगियों से आपको सावधान रहना चाहिये। बड़ा निवेश करने से आपको बचना चाहिये।

**मिथुन**
कानूनी मामलों में विजय मिलने की प्रबल सम्भावना है। अपने लोगों की सलाह लेने से पीछे न हटें। परिवार के छोटे बच्चे आपसे प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क**
नया कार्य आरम्भ करने के लिये दिन अच्छा है। प्रेमी जन से कोई वादा न करें। तीखा भोजन करने से बचें। आपके काम का श्रेय दूसरे लोग ले सकते हैं।

**सिंह**
आप अपने लक्ष्यों को लेकर थोड़े दबाव में रहेंगे। सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपेक्षानुकूल सहयोग नहीं मिल पायेगा।

**कन्या**
जमीन के कारोबारियों के लिये दिन अच्छा नहीं है। व्यावसायिक अनुबन्ध करने से पहले पेपर्स वगैरह का ध्यान रखें। आप लोगों की मदद के लिये तैयार रहेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी। घर में सुख-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक**
व्यवसाय में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। अधिक सोच-विचार के चक्कर में काम बिगड़ सकते हैं। छोटे बच्चों को डाँटने के बजाय उन्हें समझायें।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में लोगों के मनोभावों को इग्नोर न करें। पति-पत्नी के बीच मीठी नोक-झोंक होने की सम्भावना है। छात्रों का मन पढ़ाई से उचट सकता है। लम्बी यात्रा करने से बचना चाहिये।

**मकर**
अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से बचें। आयात-निर्यात से सम्बन्धी व्यवसाय से आपको धन लाभ होगा। परिवार में आपसी सामंजस्य में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीद सकते हैं।

**कुंभ**
आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। मित्र के सहयोग से आपको धन लाभ मिलने की सम्भावना बन रही है। शत्रुओं के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा।

**मीन**
घर की आन्तरिक साज-सज्जा में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों के बीच प्रेमभाव में वृद्धि होगी। धार्मिक आयोजन की सम्भावना बन रही है।

# भू-अभिलेखों को अद्यतन करने को 16 अगस्त से शुरू हो रहा राजस्व महाअभियान

## हर घर तक पहुंचेगी जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा : एडीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा के द्वारा बताया गया है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राजस्व महाअभियान चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य भूमि संबंधी दस्तावेजों में पारदर्शिता लाना और जनता को जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा सीधे उनके द्वार तक पहुंचाना है। इस अभियान के अंतर्गत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटि सुधार, उत्तराधिकार नामांतरण, बंटवारा नामांतरण एवं छूटी हुई जमाबंदी को ऑनलाइन किया जाएगा। इन महत्वपूर्ण कार्यों



को हल्का स्तर पर शिविर लगाकर पूरा किया जाएगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारी को जारी पत्र में इसकी जानकारी दी है। अपर समाहर्ता के द्वारा बताया गया है कि हर घर तक पहुंचेगी जमीन से जुड़ी जरूरी सुधारों की सुविधा। इस राजस्व महाअभियान के तहत डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार (परिमार्जन) छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण जैसे मामलों का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी अशुद्धियों को ठीक किया जाएगा।साथ ही ऑफलाइन जमाबंदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम पर जमाबंदी कराई जाएगी। संयुक्त जमाबंदी के मौखिक बंटवारे के बावजूद अंशधारकों के नाम से अलग जमाबंदी सुनिश्चित की जाएगी। अपर समाहर्ता के द्वारा बताया गया है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से गठित टीमें 16 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को उनकी जमाबंदी की प्रति देंगी तथा हल्का शिविर में उनसे आवेदन लेंगी ताकि किसी को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। प्रत्येक पंचायत के सरकारी या अन्य सरकारी भवन में हल्कावार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में भरे हुए आवेदन प्रपत्र जरुरी कागजातों के साथ जमा किए जा सकेंगे। प्रत्येक हल्का में कम से कम सात दिनों के अंतराल पर दो तिथियों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। लोगों को आवेदन पत्र भरने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। अधिक जानकारी के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://biharbhumi.bihar.gov.in/ पर विजिट किया जा सकता है। इसके अलावा विभाग के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर भी इस संबंध में जरूरी जानकारियां प्रदान की जायेंगी।

## एएनएम अपने दायित्व का करें निर्वहन : डा सुनील

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नबिटा संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को नवनियुक्त एएनएम का दो दिवसीय नियमित टीकाकरण प्रशिक्षण संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला से आए डा सुनील कुमार ने सभी एएनएम को टीका लगाने से लेकर कोल्ड चेन की महत्ता बताते वैक्सीन का रख रखाव, वैक्सीन टेंप्रेचर मॉनिटर करना और इविन उन्होंने वैक्सीन को आईएलआर में रख रखाव, किस किस वैक्सीन को आइस पैक के ऊपर और आइस पैक नजदीक रखेंगे इसके बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने सभी एएनएम को आशा कार्यकर्ता का सर्वे ड्यू के अद्यतन करवाने से संबंधित जानकारी दिया। अंत में उन्होंने सभी एएनएम को अपने अपने क्षेत्र में अपने दायित्व को प्रभावी रूप से निर्वहन करें। प्रभारी डा आलोक कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं व स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रति नवनियुक्त एएनएम को दक्ष बनाना था।

# डायन कहकर प्राणघातक हमला के आरोपितों को डेढ़ वर्ष की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह प्राणघातक हमले के एक मामले की सुनवायी करते हुए एक वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य के आधार पर बखरी थाना क्षेत्र के बरियारपुर निवासी गोवर्धन महतो, राजेश महतो, लालो महतो, शांति देवी, दिनेश महतो, रमेश महतो,मनोज महतो, पंकज महतो, विनोद महतो एवं राजाराम महतो को दोषी पाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में पांच गवाहों की गवाही करवायी। जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपितों को दोषी घोषित करते हुए भा द वि की धारा 323 में छह माह सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा, 147 में डेढ़ वर्ष सश्रम कारावास की एवं एक हजार अर्थदंड की सजा, 447 में दो महीना सश्रम कारावास की एवं पांच सौ रुपये अर्थदंड की सजा, 448 में एक वर्ष सश्रम कारावास की एवं एक हजार अर्थदंड की सजा एवं डायन अधिनियम की धारा में विनोद महतो एवं राजाराम महतो को एक एक महीना सश्रम कारावास की सजा सुनायी। आरोपितों पर आरोप है कि 11 अगस्त 2014 को रात्रि 9 बजे वादी संजन महतो के पिता दुकान बन्द कर घर पहुँचे ही थे की सभी आरोपित जो पूर्व से ही लाठी, रॉड एवं पिस्तौल लेकर बैठे हुए थे। तो एकाएक सभी आरोपित वादी एवं उसके पिता के ऊपर लाठी रड से प्रहार कर दिया और यह कहते हुए की तुम्हारी पत्नी डायन है जान मारने की नियत से मारपीट कर जख्मी कर दिया। उर्मिला देवी एवं काला देवी बचाने आयी तो दोनों के गले से आठ आना भर का चकती ले लिया। आरोपियों के विरुद्ध वादी संजय कुमार महतो ने बखरी थाना काण्ड संख्या 252/2014 दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए दिनांक 31 जुलाई 2025 की तिथि मुकर्रर की थी।

# आयुर्वेद कॉलेज में चरक जयंती समारोह मना

## चरक संहिता के अध्ययन के बाद जीवन में पाई जा सकती है सफलता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राजकीय अयोध्या शिवकुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय, बेगूसराय में गुरुवार को चरक जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. श्रीनिवास त्रिपाठी ने कहा आयुर्वेद ही नहीं वरण विश्व की तमाम चिकित्सा सिद्धांतों में चरक चिकित्सा व्यवस्था को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। चरक चिकित्सा शास्त्र का जिस भी चिकित्सक ने जितना अधिक अध्ययन किया वह अपने जीवन में उतना अधिक सफल हुआ है। प्राचार्य ने कहा कि चरक संहिता संस्कृत में लिखी हुई है। आज भी

### संस्कृत में लिखी हुई है चरक संहिता

इसका संपूर्ण अध्ययन अभी बाकी है। आज भी आयुर्वेद के मनीषियों के द्वारा इसका लगातार अध्ययन कर नई-नई खोज की जा रही है। उन्होंने छात्रों से कहा कि आप चरक संहिता का जितना अधिक अध्ययन करोगे अपने जीवन में उतना अधिक सफल होंगे। विश्व आयुर्वेद परिषद के नर्थ जोन के संयोजक डा. मुन्ना कुमार ने कहा महर्षि चरक के सिद्धांतों का मनन कर कोई भी सफलता की सीढ़ी चढ़ सकता है। चरक जयंती के आयोजक एवं विश्व आयुर्वेद परिषद के पदाधिकारी प्राध्यापक डा. संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आधुनिक परिप्रेक्ष्य में महर्षि चरक की चिकित्सा पद्धति सर्वाधिक प्रभावकारी है। प्रोफेसर डा. भानु प्रताप राय ने कहा कि चरक की चिकित्सा पद्धति चिकित्सा का आधार है। समारोह को पंचकर्म प्रभारी प्रोफेसर डक्टर आनंद मिश्रा, प्रोफेसर डक्टर प्रमोद कुमार, स्त्री रोग विभाग के प्रभारीड वीजेंद्र कुमार, डक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह, डक्टर इंदु कुमारी, ड प्रदीप कुमार वर्मा, डक्टर शंभू कुमार, डा. लाल कौशल कुमार, डा. नंद कुमार साहनी, डक्टर रामनंदन साहनी ने संबोधित किया। समारोह का संचालन करते हुए डा. अनिल कुमार ने महर्षि चक्रके सिद्धांतों को चिकित्सा विज्ञान का मूल बताया।

# मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** हिंदी साहित्य के महान कथाकार एवं यथार्थवादी लेखन के पुरोधा मुंशी प्रेमचंद की 145 वीं जयंती के उपलक्ष्य में चित्रांश मंच द्वारा चित्रगुप्त सामुदायिक भवन, बड़ी पोखर में एक गरिमामय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद वक्ताओं ने प्रेमचंद के साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपमेयर अनीता राय ने कहा कि गोदान, गबन, कर्मभूमि, निर्मला जैसी रचनाएं आज भी समाज को आईना दिखाती हैं और उनकी प्रासंगिकता बनी हुई है। हम बचपन



में ही इस कहानी हो पढ़े थे, पर आज के बच्चों को ऐसे महान कथाकार को भूलते जा रहे है। लेकिन ऐसे जयंती समारोह में बच्चे भाग लेकर अपने पुरूखों के बारे जान सकते है। सरस्वती संस्कृत उच्च विद्यालय के शिक्षक शिवम कुमार ने कहा कि प्रेमचंद अपने जन्म के 145 वर्ष के बाद भी प्रासंगिक हैं। यही उनकी विद्वता का प्रमाण है। प्रेमचंद ने 20वीं सदी के सबसे प्रमुख भारतीय लेखकों में से एक के रूप में उर्दू में अपना करियर शुरू किया। बाद में हिंदी के प्रति उनका रूझान बढ़ा। हिंदी ने उन्हें व्यापक पाठक वर्ग प्रदान किया। उनका लेखन आज भी सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मौके पर अधिवक्ता समीर शेखर, निगम पार्षद उमेश राय, अधिवक्ता प्रमोद मनुवंश, समाजसेवी दिलीप सिन्हा, संजीव कुमार सिन्हा, राजीव कुमार, जितेंद्र कुमार, संजीत श्रीवास्तव, शिक्षिका पूनम ठाकुर, रानी कुमारी, नयन कुमारी, कविता कुमारी, कृतिका कुमारी, अमन वर्मा, राम पुकार पटेल व काफी संख्या में छात्र छात्रा शामिल थे। कार्यक्रम के शुरू में चित्रांश मंच के संस्थापक संजीत श्रीवास्तव ने मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में चित्रांश मंच के संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सिमरिया धाम में फायरिंग से लोग दहशत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया धाम में बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से दहशत का माहौल है। गुरूवार को बाइक पर आए तीन बदमाशों ने दुकानदारों से रंगदारी की मांग की। पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। दुकानदारों का आरोप है कि जेल में बंद एक कुख्यात अपराधी के गुर्गे इस घटना के पीछे है। दरअसल मिथिलांचल का प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र सिमरिया धाम थर्रा उठा। बदमाशों ने कई चक्र गोलियां चला दी। बाइक पर आए तीन बदमाशों ने दुकानदारों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी।दुकानदारों ने बताया कि जेल में बंद किसी कुख्यात अपराधी के गुर्गे द्वारा यह किया गया है। ये लोग पहले रंगदारी टैक्स लेते थे। इधर पुलिस की सक्रियता के कारण टैक्स देना दुकानदारों ने बंद कर दिया है। वही कुछ महिलाओं का कहना था कि उन्होंने डिजिटल तरीके से भी पैसे भेजे हैं। मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष नीरज कुमार वह डीएसपी पंकज कुमार ने मोर्चा संभाला और दुकानदारों को निश्चित रहने और भय मुक्त रहने का आश्वासन दिया। वही एक बच्चे को गोली छुती हुई निकल गई। वह बाल बाल बच गया। एक-एक कर तीन दुकानों पर कई राउंड की फायरिंग की गई। दुकानदारों के अनुसार 6 से 7 राउंड गोलियां बदमाशों ने बरसाई और बाइक से फरार हो गए। वहीं पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया है।

# बच्चों की सुरक्षा के लिए समन्वित कार्रवाई पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस के अवसर पर दिशा एक प्रयास की पहल पर भोजपुर जिले बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े सभी प्रमुख हितधारक रेड क्रॉस आरा में एक साथ बैठक की गई। कार्यक्रम में बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक एवं बाल संरक्षण अधिकारी, श्रम विभाग से श्रम अधीक्षक एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी, परियोजना प्रबंधक वन स्टेप, सुपरवाइजर चाइल्ड लाइन भोजपुर, रेड क्रॉस सोसाइटी की सचिव, मीडिया कर्मी, और सदस्य विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और एक सुर से स्वीकार किया कि बाल दुर्व्यापार यानी बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए सभी एजेंसियों व विभागों को साथ मिलकर कार्रवाई करने की सख्त जरूरत है। ताकि ट्रैफिकिंग गिरोहों में कानून का भय पैदा हो सके। संस्था दिशा एक प्रयास, देश में बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी अधिक नागरिक समाज संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) का सहयोगी संगठन है। भोजपुर जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए काम कर रहा है। जेआरसी बाल श्रम, बच्चों की ट्रैफिकिंग, बाल विवाह और बाल यौन शोषण के शिकार बच्चों की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने आने वाली वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने सामूहिक रूप से यह माना कि मौजूदा कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संवेदनशील तबकों को ट्रैफिकिंग गिरोहों व उनके कामकाज के तरीकों के बारे में संवेदनशील बनाना है। सभी एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना तत्काल जरूरी है। ताकि मुक्त कराए गए बच्चों के लिए तय समयसीमा में न्याय और पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके। गौरतलब हो कि माह जुलाई में दिशा एक प्रयास ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ मिलकर बच्चों की ट्रैफिकिंग के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर अभियान चलाया। चूंकि ट्रैफिकिंग गिरोह अक्सर बच्चों को दूसरे राज्य ले जाने के लिए रेल मार्ग का उपयोग करते हैं। इसलिए इस अभियान का फोकस यात्रियों, रेल कर्मियों, विक्रेताओं, दुकानदारों और कुलियों को बाल तस्करी के संकेतों की पहचान करने और संदिग्ध मामलों की सुरक्षित रूप से रिपोर्ट करने के लिए संवेदनशील बनाना था। मौके पर आलोक कुमार गौतम सहायक निदेशक, बाल संरक्षण पदाधिकारी रवि वर्मा व शक्ति कुमार भास्कर, श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सृष्टि शर्मा व आनंद रमण, परियोजना प्रबंधक वन स्टेप अनुपमा श्रीवास्तव, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ विभा कुमारी, चाइल्ड लाइन कामाख्या कुमार, स्वास्थ्य कर्मी सोनी कुमारी, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, सविता कुमारी केश वर्कर महिला हेल्प लाइन, कुमारी सुनिता सिंह सचिव दिशा एक प्रयास, कुमुद कुमार सिंह, रजत कुमार, ऋचा कुमारी, बीरेंद्र कुमार सिंह, संजीत कुमार सिंह, रंजू कुमारी, अखिलेश कुमार यादव समेत अन्य मौजूद थे।

## संगोष्ठि का आयोजन

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** डॉ. श्रीकृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी में हिंदी विभाग व आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में तुलसीदास का लोकनायकतत्त्व एवं प्रेमचंद के कथा साहित्य में सामाजिक चेतना विषयक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें प्राचार्य एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रा परिणीता ने तुलसीदास व प्रेमचंद के साहित्य की सराहना करते हुए कहा कि प्रेमचंद की कहानियाँ सहजता से पाठकों को आकर्षित करती हैं। नीतू कुमारी ने तुलसीदास की रचनाओं को जीवन के विविध पहलुओं से जुड़ा बताया।

# माहवारी पर स्वच्छता बढ़ाना समय की मांग : डा. सहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय सेवा योजना व सेहत केंद्र केंद्र के विशेष पहल पर जीडी कलेज में लक्ष्य एनजीओ द्वारा सेनेटरी पैड मशीन लगाया गया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज, यूनिट-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार, प्रभारी प्राचार्य डा. चंद्रभूषण प्रसाद सिन्हा व लक्ष्य एन जीओ के प्रतिनिधि अदिति के द्वारा संयुक्त रूप से किया। जीडी कलेज के प्रभारी प्राचार्य डा. चंद्रभूषण प्रसाद सिन्हा ने बताया कि



लड़कियों को सार्वजनिक रूप से स्वच्छ और सहज पैड्स उपलब्ध करवाने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। लक्ष्य एनजीओ की प्रतिनिधि अदिति ने कहा कि कनकोर इंडिया के सीएसआर फण्ड के द्वारा ये मशीन उपलब्ध करवाया गया। मासिक धर्म एक सामान्य प्रक्रिया है। जिसे समाज की अनुमति से नहीं बल्कि स्वयं महिलाएं अपनायेंगी। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी सह सेहत केंद्र की नोडल अफिसर डा. सहर अफरोज ने कहा कि इमरजेंसी में तत्काल आवश्यकता होने पर वेंडिंग मशीन सबसे सुलभ विकल्प साबित होती है और मासिक धर्म संबंधी मिथकों को रोककर लड़कियों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहती है। राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट-2 के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कहा कि सेनेटरी पैड मशीनों का उद्घाटन एक सकारात्मक कदम है। इस अवसर पर महाविधालय के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. अंजनी कुमार, प्रोफेसर डा. फारूक आजम कासमी, डा मसरूर हैदरी, पियर एडुकेटर सुमित कुमार, अजित कुमार आदि उपस्थित थे।

# दूध एजेंट के ड्राइवर से 36 हजार की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोटवा ( पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के जैसाली पट्टी पंचायत के आंध्रा टोला के समीप बुधवार को दिनदहाड़े लूट की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, दूध कलेक्शन एजेंट से अज्ञात सात बदमाशों ने 36 हजार रुपये लूट लिए और मौके से फरार हो गए। लूट की यह घटना उस समय हुई जब मदर डेयरी के एजेंट का ड्राइवर सीएसपी में दूध का पैसा जमा करने जा रहा था। बदमाश बाइक से आए थे और घटना को अंजाम देकर तेजी से भाग निकले। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, लेकिन एक घंटे बाद भी पुलिस मौके पर नहीं पहुंच सकी। पीड़ित ने बताया कि अपराधी को पकड़ने की वजह पुलिस हमको थाना में बैठा कर रखी हुई है। लगातार हो रही लूट की घटनाओं से इलाके में दहशत का माहौल है और पुलिस की सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इधर पुलिस ने इस घटना को सिरे से खारिज करते हुए आपसी रंजिश का नतीजा बताया है। थानाध्यक्ष प्रत्यूष कुमार बिक्की ने बताया कि ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।

## एक नजर

### नियोजनालय में स्टडी किट का वितरण

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्रम संसाधन विभाग पटना के तत्वाधान में जिला नियोजनालय के द्वारा गुरुवार को स्टडी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक निदेशक, नियोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय दरभंगा नितीश कुमार सिन्हा एवं जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने संयुक्त रूप से किया। आर्थिक स्थिति से कमजोर कुल 28 लाभुको को इस योजना का लाभ दिया गया। 28 लाभुकों में 9 लाभुकों को बीपीएससी, 2 लाभुक को एनडीए एवं 1 लाभुक को यूपीएससी के लिए अधिकतम 5000 रुपया तक का किट दिया गया। अन्य 16 लाभुकों को 2500 रुपये तक का विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा के लिए दिया गया। नियोजनालय द्वारा स्टडी किट का लाभ वैसे विद्यार्थियों को दिया जा रहा है। जो किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे अभ्यर्थी को नियोजनालय में एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। इसी प्रकार टूलकिट का लाभ उन्हें ही मिलेगा जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्र जैसे कि आईटीआई, जन शिक्षण संसथान, आरसेटी, प्रधान मंत्री कौशल केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर रखे हो, वैसे अभ्यर्थी इस योजना का पूर्ण लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर राहुल कुमार, पंकज कुमार, प्रधान लिपिक विनय कुमार, सतीश पटेल, रामप्रीत उपस्थित थे।

### बच्चों में साफ-सफाई की भावना जरूरी

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद बीहट की ओर से गुरुवार को गढ़हरा मध्य विद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन हुआ। नगर स्वच्छता पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने बच्चों को हाथ धुलाई विधि की विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में शुरूसे अपनी साफ सफाई की आदत लग जाएगी तो निश्चित रूप से परिवार व समाज स्वच्छ होगा। एचएम सिकंदर कुमार पासवान ने स्वागत किया। इस मौके पर स्वच्छता निरीक्षक मो नदीम,डाटा अपरेटर नीरज कुमार, स्वच्छता साथी बृज भूषण सहनी, हिमांशु कुमार मिश्र, गोपाल कुमार, शुभम कुमार, ममता कुमारी, निशा भारती, शिव कुमारी आदि ने अपने विचार से बच्चों को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के पूर्व बाल संसद व मीना मंच के मन्नू कुमारी,मानवी कुमारी,पलक कुमारी, आयुषी कुमारी, माही कुमारी, रत्नमाला कुमारी आदि ने अपनी प्रतिभा से अतिथियों को मोहित किया।विभाग की ओर से बच्चों के बीच टफी वितरण किया गया। बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।शिक्षक अंकिता मिश्रा, सुधीर वर्मा ने संचालन कियां।

### कृष्णकांत सिंह की पुण्यतिथि मनी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के विश्वनाथ नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह बस मालिक स्वर्गीय कृष्णकांत सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि आयोजित की गई। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वनाथ नगर स्थित गली नंबर-3 उनके आवास पर आयोजित सभा में सैकड़ो लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्वर्गीय कृष्णकांत सिंह के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में मुकेश उर्फ रामनाथ ने आगत अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्वर्गीय कृष्णकांत सिंह की याद में दो मिनटों का मौन रखा गया। सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शोक संवेदनाएं व्यक्त की गईं।

### डूबने से बच्चे की मौत

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के शिवनचक गांव में गढ़े में डूबने से 7 वर्षीय आयुष कुमार की मौत हो गई। वह प्राइवेट स्कूल में एलकेजी का छात्र था। मृतक स्थानीय गांव निवासी शैलेश कुमार का पुत्र था। बताया जा रहा है कि स्कूल से घर लौटा। बैग रखकर वृंदावन बागीचे के समीप स्नान करने गया था जहां अन्य लड़के स्नान कर रहे थे। गढे के किनारे आयुष पहुचा पैर फिसल गया। जिससे गहरे पानी में चला गया। बच्चों द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण आये। उसका शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा भेज दिया। मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया। मां श्वेता देवी का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक तीन भाई रितिक कुमार 6 वर्ष, शुभम कुमार 4 वर्ष से सबसे बड़ा था। मृतक के पिता दूसरे जगह नौकरी करते है। इस मौत से पूरे गांव में मायुसी छा गई।

### प्रो. एम. एन. हक बने प्राचार्य

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. मृगेंद्र कुमार का स्थानांतरण बी. आर. ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुज़फ्फरपुर के द्वारा 23/07/2025, पत्रांक - उ/1715 के तहत मोतिहारी शहर के एल. एन. डी महाविद्यालय में हुआ था। इसी आलोक में 31/07/ 2025 को प्रो. मृगेंद्र कुमार ने मुंशी सिंह महाविद्यालय के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एम. एन हक़ के हाथों प्राचार्य का कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर प्रो. मृगेंद्र कुमार, मुंशी सिंह महाविद्यालय में शिक्षक और प्राचार्य के रूप में अपने कार्य को याद करते हुए शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों के सहयोग की सराहना की। इस अवसर महाविद्यालय से संबंधित समस्याओं के निदान और महाविद्यालय के विकास को लेकर प्रो. एम. एन हक़ आशान्वित दिखे। इस अवसर पर मुंशी सिंह महाविद्यालय के सेवानिवृत पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार, राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत प्रोफ़ेसर सुमन कुमार और प्राचार्य प्रो. मृगेंद्र कुमार ने प्रो. एम. एन. हक़ का स्वागत अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ के साथ किया साथ ही शुभकामनाओं के साथ बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. इक़बाल हुसैन, प्रो. अजय कुमार, डॉ. शफ़ीकुर रहमान, डॉ. नरेंद्र सिंह, श्री ए. के. चौबे, डॉ. उर्मिला कुमारी, डॉ. आलोक कुमार पाण्डेय, डॉ. रत्नेश कुमार, डॉ. मनोहर कुमार श्रीवास्तव, डॉ. गौरव भारती, प्रमोद कुमार, सुनिल कुमार, हर्षवर्धन कुमार, शशिभूषण पाण्डेय और सुधीर कुमार राव, श्वेताँशु, गौरव कुमार, ओम प्रकाश राय, गुलाब रसूल, संतोष, सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारी शामिल रहे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।

### मृतक के परिजनों को विधायक ने दी सांत्वना

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मृतक राजन कुमार बनिया पट्टी निवासी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता शक्ति केंद्र प्रभारी थे । मृतक राजन कुमार के घर पर भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर संवेदना प्रकट की। बतादे की मंगलवार को रात्री में मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र के बनियापट्टी निवासी युवक राजन कुमार की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।आरोपी सोनारपट्टी निवासी राजा सिंह ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर राजन कुमार पर चाकू से हमला कर दिया,जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के घर पर मोतिहारी विधायक पूर्व मंत्री बिहार सरकार प्रमोद कुमार ने सांसद राधा मोहन सिंह से की तरफ से परिवार के परिवार के मुखिया से मिल संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मृतक भजापा का सक्रिय कार्यकर्ता था और उसकी जघन्य हत्या के आरोपी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पार्टी हर कदम पर मृतक के परिवार के साथ खड़ी है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, उप महापौर डॉ0 लालबाबू प्रसाद, उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन एवं विनोद कुशवाहा, महामंत्री योगेन्द्र प्रसाद एवं संजय चौधरी, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, संपूर्णानंद, राजेश कुमार, उत्तम मिश्रा, निगम पार्षद धीरज जायसवाल, प्रभात कुमार, ऋषभ झा, चंदन सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राजन को साठी व रवि रंजन को एससीएसटी थाना की कमान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने साठी, गोपालपुर व अनुसूचित जाति जनजाति थाना में नए थानाध्यक्षों की पदस्थापना किया है। एसएसपी ने पुलिस अवर निरीक्षक राजन कुमार को साठी का थानाध्यक्ष बनाया है। इसके पहले वे गोपालपुर थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जबकि मझौलिया थाना में पदस्थापित पुअनि अंकित कुमार को गोपालपुर थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। एसएसपी ने अनुसूचित जाति जनजाति थानाध्यक्ष बृज किशोर दास को पुलिस लाइन बुला लिया है। जबकि पुलिस लाइन में तैनात पुअनि रवि रंजन कुमार को अनुसूचित जाति जनजाति थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। बता दे कि एक दिन पहले 14 थानों में नए थानाध्यक्ष की तैनाती की गई थी। पुलिस महकमे इस बड़े बदलाव के बाद अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था में बेहतर परिणाम की संभावना जताई जा रही है।

### नए थानाध्यक्षों ने संभाली कमान

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस अंचल के मैनाटांड थाना में शंभू शरण गुप्ता इनरवा थाना में लवकांत शर्मा भंगहा थाना में रौशन कुमार मानपुर थाना में अर्चना सिन्हा ने नए थानाध्यक्ष के रूप में कमान संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थाना परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों के साथ परिचय बैठक भी आयोजित की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके कार्यकाल में अपराध नियंत्रण सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। नए थानाध्यक्षों ने क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कई कदम उठाने की बात कही है।

### कुड़ेश्वरनाथ मंदिर में हुआ कुश्ती महादंगल का आयोजन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड स्थित प्रसिद्ध कुड़ेश्वरनाथ मंदिर, अहवर कुड़िया परिसर में महावीर मेला के अवसर पर भव्य कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी विनोद कुमार तिवारी, विनय कुमार तिवारी, रुद्र तिवारी उर्फ बबलू तिवारी, राधेश्याम तिवारी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका पहलवान विकास कुमार ने बेहद सटीक ढंग से निभाई। आयोजन को सफल बनाने में विकास कुमार तिवारी, विनोद तिवारी, सुधीर तिवारी, पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार, सोनू कुमार गुप्ता, बलिराम यादव, सुभाष भगत, गणेश यादव एवं अजय यादव की अहम भूमिका रही।

15 थानों में नए थानाध्यक्ष की तैनाती

### अजय को कालीबाग तो संध्या को शनिचरी की कमान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने पुलिस महकमें बड़ा फेरबदल किया है। अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से पुलिस जिले के 15 थानों में नए थानाध्यक्ष की तैनाती की है। थानाध्यक्षों के स्थानांतरण के कारण इन थानों में थानाध्यक्ष के पद रिक्त थे। थानाध्यक्ष के पद पर तैनात किए गए सभी दारोगा स्तर के पुलिस पदाधिकारी है। एसएसपी ने पुलिस अवर निरीक्षक अजय कुमार चौधरी को कालीबाग का थानाध्यक्ष बनाया है। श्री चौधरी इसके पूर्व तकनीकी शाखा में तैनात थे। पुलिस केंद्र के शंभू शरण गुप्ता को मैनाटांड़ का थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि मुफस्सिल थाना में तैनात नीतीश कुमार मौर्या को सिकटा का थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली है। सिरिसिया थाना में तैनात लालदेव दास को बलथर थानाध्यक्ष, बैरिया थाना में तैनात लवकांत शर्मा को इनरवा थानाध्यक्ष, शनिचरी थाना में तैनात रौशन कुमार को भांगहा थानाध्यक्ष, बलथर थाना में तैनात अर्चना सिन्हा को मानपुर थानाध्यक्ष, मझौलिया थाना में तैनात अनंत कुमार को सिरसिया थानाध्यक्ष बनाया गया है। एसएसपी ने अमित कुमार को गौनाहा थानाध्यक्ष व राकेश कुमार को सहोदरा थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। दोनों इसके पूर्व पुलिस लाइन में थे। नवलपुर थाना में तैनात राकेश कुमार को मटियरिया थानाध्यक्ष, मैनाटांड़ थाना में तैनात अमित कुमार पाल को श्रीनगर थानाध्यक्ष के पद पर तैनात किया गया है। बबलू यादव बानुछापर के थानाध्यक्ष बने हैं। इसके पूर्व वे इसी थाना में कार्यरत थे। इनरवा थाना में तैनात सौरभ कुमार अब जगदीशपुर में थानाध्यक्ष की जिम्मेवारी संभालेंगे। जबकि संध्या कुमारी शनिचरी की थानाध्यक्ष बनी है। वे इसके पूर्व मानपुर थाना में तैनात थी।

### मेला में चाट खाने से सैकड़ों बच्चे और परिजन बीमार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के माधोपुर मलाही टोला में मंगलवार की देर शाम महाबीरी झंडा मेला में पानी पूड़ी, चाट और चौमीन खाने के बाद अचानक सैकड़ों बच्चे और आमजन बीमार पड़ गए। पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बीमारों में सबसे अधिक संख्या बच्चों की है, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, मेले में लगे विभिन्न खाद्य स्टॉल से बच्चों और महिलाओं ने पानी पूड़ी, चाट, चौमीन आदि खाया। कुछ ही घंटों बाद बच्चों और महिलाओं को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और चक्कर जैसी शिकायतें होने लगीं। रात होते-होते बीमार लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर सैकड़ों में पहुंच गई। कई लोग बेहोश होने लगे, जिससे पूरे टोला में कोहराम मच गया। परिजन आनन-फानन में बीमारों को निजी क्लिनिकों और मझौलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां दर्जनों लोगों को भर्ती करना पड़ा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और बीमारों की जांच में जुट गई। डॉक्टरों की टीम ने प्राथमिक इलाज के तहत सुई, दवाएं देकर राहत पहुंचाई। कई बच्चे अब भी अस्पताल में भर्ती हैं।गांव के प्रभात कुमार, अभिनंदन कुमार और कर्मचंद्र चौधरी ने बताया कि बीमार हुए लोगों में सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी, जिज्ञासा कुमारी, आदित्य कुमार, सत्यम कुमार, कृतिका कुमारी, दीप कमल कुमार, सोनू कुमार, श्याम सुंदर कुमार, इच्छा कुमारी, रिया कुमारी, गीता देवी, धनंजय कुमार, खुशबू कुमारी, विकास कुमार, प्रियंका कुमारी, खुशी कुमारी, रश्मि कुमारी, प्रियांशी कुमारी, कुसुम कुमारी समेत सैकड़ों लोग शामिल हैं।ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि चाट और पानी पूड़ी में मिलाई गई सामग्री दूषित या बासी हो सकती है। लोगों ने प्रशासन से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। यह पहली बार है जब गांव में इस प्रकार की बड़ी खाद्य विषाक्तता की घटना सामने आई है। घटना से पूरा गांव सहमा हुआ है।इलाज कर रहे डा मो. असफाक अनवर ने बताया कि प्रथम दृष्टया विषाक्त दूषित भोजन करने से बीमार होने की संभावना है।

### चार कमरों में पढ़ाई करने को मजबूर 1200 छात्र-छात्राएं



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय (यूएमबी) जौकटिया हिन्दी माध्यम स्कूल में भवन की भारी कमी के कारण 1200 छात्र-छात्राएं अत्यंत कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय में मात्र छह कमरे हैं, जिनमें से दो कमरों का उपयोग कार्यालय के रूप में किया जाता है जबकि शेष चार कक्षाओं में ही बच्चों की पढ़ाई कराई जाती है।विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले यह विद्यालय सिर्फ मध्य विद्यालय था, लेकिन अब इसे प्लस टू स्तर तक उन्नत कर दिया गया है। वर्तमान में मिडिल सेक्शन (कक्षा 1 से 8) में 600 छात्र-छात्राएं तथा प्लस टू सेक्शन (कक्षा 9 से 12) में भी लगभग 600 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। छात्रों की भारी संख्या और कक्षाओं की कमी के चलते स्कूल को दो शिफ्टों में संचालित किया जा रहा है।सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है, जबकि दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कक्षा 9 से 12 के छात्रों को पढ़ाया जाता है। छात्रा राजलक्ष्मी कुमारी ने बताया कि दो सेक्शन के बच्चों को एक ही कमरे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ती है, जिससे पढ़ाई में ध्यान नहीं लग पाता और सिलेबस भी समय पर पूरा नहीं हो पाता। इससे बच्चे मानसिक रूप से परेशान हैं।प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय में उपलब्ध कमरे बच्चों की संख्या के हिसाब से बेहद अपर्याप्त हैं, जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि इस समस्या से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अवगत कराया जा चुका है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हफ्फिजुल रहमान ने कहा कि उन्हें विद्यालय के प्रधानाध्यापक से इस बाबत लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। यह मामला वरीय अधिकारियों को भेजा गया है। भवन की कमी को दूर करने के लिए विभागीय प्रक्रिया जारी है और जैसे ही स्वीकृति मिलेगी, भवन निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।ग्रामीणों और अभिभावकों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए जल्द से जल्द स्कूल भवन का विस्तार कराया जाए।

### शराब पीकर हंगामा करते दो धाराए

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में शराब पीकर हंगामा करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सूचना पर पहुंची 112 की पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मो. सेराज को गिरफ्तार कर लिया।वहीं दूसरा मामला गांव के ही किशोर पासवान से जुड़ा है, जिस पर शराब पीकर सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने का आरोप है। थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को आवश्यक जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# गरीबों की भलाई के लिए करें कार्य : श्रवण कुमार

## आवास योजना के तहत अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुबे के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की भौतिक स्थिति एवं क्षेत्रीय स्तर पर उनके क्रियान्वयन की स्थिति की आज समीक्षा की। सामाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम डीडीसी सुमित कुमार द्वारा पौधा देकर स्वागत किया गया। बैठक में मंत्री श्री कुमार ने आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार योजना, मनरेगा, जल जीवन हरियाली, जीविका, सामाजिक अंकेक्षण आदि ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की । मंत्री ने कहा कि आवास योजना के वे लाभार्थी जिनके मकान अभी अपूर्ण है उन्हें अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने सभी प्रखंड विकास प्राधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभार्थियों को आवास योजना का लाभ दिया गया है तो उनका मकान पूर्ण करने की जवाब देही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी की है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी तत्परतापूर्वक करेंगे। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में मंत्री ने बगहा 1, नौतन, मधुबनी, लोरिया के कार्यक्रम पदाधिकारी को शत प्रतिशत जॉब कार्डधारी को रोजगार मुहैया न कराए जाने के कारण कड़ी फटकार लगाई एवं उनपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया । लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में शौचालय विहिन परिवारों को शौचालय निर्माण एवं भुगतान में अकर्मण्यता के कारण जिला समन्वयक को कड़ी फटकार लगाई गई एवं चेतावनी दी गई थी यदि अपेक्षित प्रगति नहीं गया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सामाजिक अकेंक्षण की समीक्षा करते हुए मंत्री द्वारा सामाजिक अकेंक्षण के कार्य में शिथिलता बरतने के कारण डीआरपी को शीघ्र प्रगति लाने का निर्देश दिया गया अन्यथा सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई। जीविका के कार्य की सराहना की गई एवं निर्देश दिया गया कि जिन जीविका दीदियों को बकरी शेड, पशु शेड आदि की आवश्यकता है उसकी सूची बनाकर मनरेगा को दे दिया जाए ताकि उन्हें शेड निर्माण के लाभ से लाभान्वित किया जा सके। जल जीवन हरियाली की प्रगति अच्छी थी इसके लिए उप विकास आयुक्त को धन्यवाद दिया गया। इसके पूर्व मंत्री ने चनपटिया प्रखंड के प्रखंड परिसर में अवस्थित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का उद्घाटन किया। वहीं जैतीया पंचायत में खेल मैदान का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश, निदेशक, एनईपी, पुरुषोत्तम त्रिवेदी सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा, सभी प्रखंड समन्वयक, सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



**आवास निर्माण कार्य पूर्ण करा चुके लाभुकों को जल्द से जल्द तृतीय किश्त की राशि प्रदान करने का निर्देश**

# राजकीय एसकेजी मध्य विद्यालय सिवान : 54 साल बाद भी स्कूल में नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं

## जर्जर भवन, बिना वायरिंग की बिजली और अतिक्रमण की मार झेल रहा विद्यालय, दो कमरे में होती हैं आठ कक्षाओं की पढ़ाई ● 1971 में स्थापित स्कूल आज भी बदहाली के गर्त में

कृष्ण मुरारी पांडेय/नबिटा ब्यूरो

**सिवान।** राजकीय एसकेजी मध्य विद्यालय, सिवान की स्थापना वर्ष 1971 में की गई थी। लेकिन आज, 54 साल बीत जाने के बावजूद विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। विद्यालय मात्र दो छोटे-छोटे कमरों में सिमटा हुआ है, जो कि पूरी तरह से जर्जर अवस्था में हैं। इन दो कमरों में ही कक्षा एक से आठ तक की पढ़ाई चल रही है। भवन की हालत इतनी खराब है कि कभी भी हादसा हो सकता है।

**बिजली कनेक्शन तो है, लेकिन वायरिंग नहीं**

विद्यालय में बिजली का कनेक्शन तो उपलब्ध है, लेकिन पूरी इमारत में कहीं भी वायरिंग नहीं की गई है। गर्मी और उमस में बच्चों को पंखे तक नसीब नहीं होते। रोशनी की भी कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।

**स्थानीय लोगों ने सरकारी जमीन पर कर लिया अतिक्रमण**

विद्यालय की जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। प्रधानाध्यापक मोहम्मद एबादुल्लाह अंसारी का कहना है कि स्कूल की जमीन कितनी है और कहां तक फैली हुई है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है। इस संबंध में कई बार विभाग को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**स्थानाभाव के कारण बच्चों की उपस्थिति भी प्रभावित**

विद्यालय में कमरे बेहद सीमित होने के कारण एक साथ सभी बच्चों की पढ़ाई संभव नहीं हो पाती। बुधवार को कुल नामांकित 85 छात्रों में से केवल 45 ही स्कूल आ पाए। बाकी छात्रों को स्थानाभाव के कारण अनुपस्थित रहना पड़ता है। यह स्थिति शिक्षा की गुणवत्ता और निरंतरता दोनों पर गंभीर प्रभाव डाल रही है।

**विभागीय अधिकारियों को दिए जा चुके हैं कई आवेदन**

प्रधानाध्यापक मोहम्मद एबादुल्लाह अंसारी ने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्राथमिक शिक्षा) एवं समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों को आवेदन देकर विद्यालय की स्थिति से कई बार अवगत कराया गया है। लेकिन न तो जर्जर भवन की मरम्मत हुई, न ही अतिक्रमण हटाने की कोई प्रक्रिया शुरू की गई।

**निष्क्रिय तंत्र बना बच्चों के भविष्य के लिए खतरा**

विद्यालय की दुर्दशा और विभागीय लापरवाही ने नौनिहालों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। जहां एक ओर सरकार ह्यसर्व शिक्षा अभियानह्ल और 'शिक्षा के अधिकार' जैसी योजनाओं के तहत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर सच्चाई इस विद्यालय की हालत से साफ झलक रही है।

**स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से उठ रही उम्मीद की आस**

अब उम्मीद की जा रही है कि जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगे, ताकि विद्यालय को उसके अधिकार मिल सकें और बच्चों को एक सुरक्षित, व्यवस्थित व प्रेरक शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जा सके।

# केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात

## गंडक बराज के जीर्णोद्धार की रखी मांग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीशचंद्र दूबे ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें गंडक बराज के जीर्णोद्धार की मांग की है। राज्यमंत्री श्री दूबे ने बताया कि उन्होंने मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जिले के वाल्मीकीनगर अवस्थित गंडक बराज की अप्रासांगिकता से अवगत कराया एवं 55 वर्ष पुराने इस बराज की अत्यन्त क्षीण होती जलधारण क्षमता और उसके फलस्वरूप सिंचाई हेतु जल की अपर्याप्तता की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया। इसके साथ ही प० चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, वैशाली, गोपालगंज, सिवान एवं सारण जिलों में बाढ़ की गंभीर समस्या और वर्षभर इसका दुष्परिणाम झेलने से राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री को एक अधिक ऊँचा बराज बनाये जाने के लिए अनुरोध किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को यह भी अवगत कराया कि जनवरी 2025 से वाल्मीकीनगर लैंड कस्टम स्टेशन से नेपाल को निर्यात प्रारम्भ किया गया है किंतु बराज चूँकि पुराना हो चुका है और उसका कोई भी अभिलेख केंद्रीय जल आयोग के पास उपलब्ध नहीं है, इसीलिए उसके ऊपर बनी सड़क से भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। है। इस प्रतिबंध के कारण लोगों को 180 किमी दूर जाकर नेपाल से व्यापार करना पड़ रहा है। अतः निर्यात-आयात से संबंधित सभी व्यापारिक गतिविधियाँ यहाँ ठप पड़ी हुई हैं।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि एक अधिक ऊँचा बराज एवं उसके ऊपर चौड़ी सड़क का निर्माण कराए जाने से चंपारण क्षेत्र की बाढ़ से सुरक्षा के साथ-साथ प० चंपारण की आर्थिक गतिविधियों को भी बल मिलेगा एवं बिहार विकसित भारत 2047 को संकल्पना से सिद्धी तक ले जाने अपना पूर्ण योगदान कर पाए ताकि क्षेत्रवासी भी भारत के अमृतकाल में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें।इसके साथ हीं बिहार के महत्वकांक्षी परियोजनाओं और विशेष रूप से पश्चिमी चंपारण और इसके आसन्न क्षेत्रों में विभिन्न रेल सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त किया एवं थरूहट क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से भी अवगत कराया।



### प्रसव के दौरान प्रसूता की मौत, आक्रोशितों ने की अस्पताल में तोड़फोड़

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल अस्पताल में गुरुवार को प्रसव के दौरान एक प्रसूता की मौत हो गई। मृतका की पहचान रोआरी गांव निवासी अजहर मियां की 20 वर्षीय पत्नी नगमा खातून के रूप में हुई है। घटना के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। आक्रोशित परिजनों ने प्रसव वार्ड, जीएनएम वार्ड आदि में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान कुर्सियां, शीशे के दरवाजे और चिकित्सा उपकरणों को भारी क्षति पहुंचाई गई। स्थिति बिगड़ते देख ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक और जीएनएम फरार हो गए। महिला चिकित्सक भी ड्यूटी से गायब रहीं। हंगामे की सूचना पर शिकारपुर थानाध्यक्ष ज्वाला सिंह दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया है।परिजनों का आरोप है



कि प्रसव के दौरान नगमा खातून को अत्यधिक दर्द हो रहा था और स्थिति गंभीर थी। परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद जीएनएम से प्रसूता को रेफर करने की गुहार लगाई, लेकिन उनकी एक न सुनी गई। चिकित्सकों ने जबरन प्रसव कराया, जिससे नगमा की मौत हो गई। इधर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि प्रसूता को परिजन सुबह में लेकर अस्पताल आए थे। उस वक्त उसकी स्थिति ठीक थी । लेकिन डिलेवरी होने की संभावना नहीं थी तो वह जांच कराकर घर चले गए। दोपहर में पुनः उसे परिजन अस्पताल लेकर आए। उसकी डिलेवरी भी नॉर्मल हुई। लेकिन डिलेवरी के तुरंत बाद जच्चा , बच्चा दोनों की स्थिति एकाएक बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी।

# समाज में भाइचारा, संस्कृति को मजबूत करता है ग्रामीण मेला : मंत्री

## कुश्ती-दंगल और लाठी प्रदर्शन बने आकर्षण का केंद्र



**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के सतभीड़वा पंचपन पुल आरडी के समीप मलंग बाबा स्थान परिसर में मंगलवार को महाबीरी अखाड़ा एवं दंगल कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार सरकार की मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने पारंपरिक रीति से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में हजारों की संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु एवं खेल प्रेमी शामिल हुए।अपने संबोधन में मंत्री रेणु देवी ने कहा कि महाबीरी अखाड़ा हिंदू समाज का प्रमुख पारंपरिक पर्व है, जो समाज में भाईचारे, सामूहिकता और संस्कृति को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी समुदायों के लोगों को एक साथ लाता है, जिसमें लाठी प्रदर्शन, झांकियां एवं कुश्ती प्रतियोगिताएं लोगों में जोश और उत्साह भर देती हैं। मंत्री ने कुश्ती-दंगल जैसे पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने पर बल दिया और कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है।मंच का संचालन मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश ने किया। उन्होंने मंच पर मंत्री को सम्मानस्वरूप एक भव्य चित्र भेंट किया। समाजसेवी मोहन पाण्डेय ने अंगवस्त्र से मंत्री का सम्मान किया, जबकि सेवानिवृत्त ध्रुव महतो ने अखाड़ा की परंपरा अनुसार मंत्री को तलवार भेंट कर स्वागत किया।अखाड़ा स्थल पर पारंपरिक झांकियां निकाली गईं, जिनमें भगवान हनुमान की महिमा से जुड़ी झलकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। जय बजरंग बली के नारों के साथ लाठी भांजते हुए युवाओं के करतब आकर्षण का केंद्र बने। ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के बीच पूरा माहौल भक्तिमय और उत्साह से परिपूर्ण रहा।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मझौलिया थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह स्वयं पूरे पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पूजा समिति के सदस्य शंकर ठाकुर, कमल मुखिया, आशिक अंसारी, मुन्ना सिंह, धीरज चौरसिया, विनोद सिंह, योगेंद्र महतो, उद्धव शर्मा आदि सक्रिय भूमिका में रहे।महाबीरी अखाड़ा के इस आयोजन ने पारंपरिक संस्कृति और खेल भावना को जीवंत कर दिया।

### थरूहट क्षेत्र के विकास के लिए 23 करोड़ की योजना स्वीकृत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में समेकित थरूहट विकास अभिकरण अंतर्गत प्रबंधकारिणी की बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में लंबित पुरानी योजनाओं के निरस्तीकरण, क्रियान्वित लंबित योजनाओं की भौतिक स्थिति एवं वर्ष 2025-26 में प्राथमिकता सूची के निर्धारण पर विचार-विमर्श किया गया।नोडल पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण प्रदीप कुमार गोंड द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया कि वर्ष 2010 से अब तक 11 ऐसी योजनाएं हैं जिन्हें विभिन्न कारणों से निरस्त करना आवश्यक है, ताकि उन राशियों का उपयोग अन्य उपयोगी योजनाओं को लेते हुए किया जा सके।जिला पदाधिकारी



ने कहा कि जो योजना पुरानी एवं तकनीकी कारणों से निरस्त करने योग्य हैं, उन्हें निरस्त कर दिया जाए तथा रोजगारपरक योजनाएं, थरूहट क्षेत्र के सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने हेतु म्यूजियम का निर्माण, अतिरिक्त वर्ग, जीर्ण-शीर्ण हो चुके चिकित्सा संस्थान इत्यादि का निर्माण कराने संबंधी योजनाओं का प्रस्ताव दिया जाए ताकि समाजिक बदलाव लाने में योजनाएं सहायक हों।बैठक में उपस्थित विधायक एवं अन्य सदस्यों द्वारा थरूहट क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न प्रस्ताव एवं सुझाव दिये गये। सभी प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ। उपस्थित सदस्यों द्वारा थरूहट क्षेत्र में कला भवन, कौशल विकास केन्द्र, संग्रहालय आदि का निर्माण कराने पर जोर दिया गया।

# राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का सिवान में भव्य शुभारंभ

## अनावश्यक मुकदमों से राहत दिलाने के उद्देश्य से निकली प्रचार गाड़ियां, 90 दिनों तक चलेगा विशेष अभियान

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार "राष्ट्र के लिए मध्यस्थता" विशेष अभियान का शुभारंभ सिवान में धूमधाम से किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिवान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत प्रचार वाहनों को व्यवहार न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन वाहनों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवान के सचिव श्री सुनील कुमार सिंह एवं अनन्य विशेष उत्पाद न्यायाधीश द्वितीय श्री राजेश रंजन द्विवेदी ने संयुक्त रूप से रवाना किया। ये प्रचार गाड़ियां जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर आम लोगों को मध्यस्थता के महत्व और इसके लाभ के बारे में जागरूक करेंगी।



**भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सहयोग से चल रहा है अभियान**

यह अभियान भारत के सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। माननीय मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेर्शानुसार यह 90 दिवसीय अभियान 1 जुलाई 2025 से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा।

**विवादों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से**

इस विशेष अभियान का उद्देश्य है झ्र वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, उपभोक्ता विवाद, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, ऋण वसूली, बेदखली/निष्कासन, भूमि अधिग्रहण समेत अन्य सिविल विवादों को आपसी समझौते के माध्यम से सुलझाना। इसके जरिए मुकदमों में फंसे लोगों को शीघ्र, सुलभ और सस्ता न्याय दिलाना लक्ष्य है।

**सैकड़ों लोगों ने लिया भाग, न्यायिक अधिकारियों की रही सहभागिता**

इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय सिवान के कई पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीपक मिश्रा, जयप्रकाश प्रसाद, अतुल कुमार, सुनीति कुमारी, मनीष सिंह, बलवंत सिंह, प्रभात कुमार, संध्या कुमारी सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की जानकारी अधिवक्ता गणेशराम उर्फ ज्ञान रत्न ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

**जन-जन तक पहुंचेगा न्याय का संदेश**

यह अभियान उन पक्षकारों के लिए राहत का संदेश लेकर आया है जो अनावश्यक मुकदमों में फंसकर मानसिक, शारीरिक और आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। मध्यस्थता के माध्यम से ऐसे लोगों को सरल और प्रभावी न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रारूप प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति कार्य के लिए बीएलओ को दी गई ट्रेनिंग

## विशेष शिविर में आपत्तियों का किया जाएगा निष्पादन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** चुनाव आयोग द्वारा निर्देशित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत एक अगस्त 2025 को प्रारूप निर्वाचक सूची का प्रकाशन किया जायेगा, ऐसे में गुरुवार को नगर परिषद मसौढ़ी के सम्राट अशोक सभागार में निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा कर सबो को दावा आपत्ति कार्य का प्रशिक्षण दिया जहां मसौढ़ी विधानसभा के सभी 443 बुथों के बीएलओ को दो शिफ्ट मे प्रशिक्षण दिया। जिसका उद्देश्य प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत किये जाने वाले कार्यों की प्रक्रिया, दावे और आपत्तियों के निवारण की विधि तथा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमानुसार निष्पादन के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करना था। इस दौरान सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी व बीएलओ सुपरवाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे। बताया गया कि प्रारूप सूची के प्रकाशन के पश्चात आम नागरिक द्वारा दावे व आपत्तियां एक अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक दर्ज की जा सकेंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे इस अवधि के दौरान प्राप्त आवेदनों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निबटारा सुनिश्चित करें एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाना है कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई भी अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। यह भी बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए पात्र नागरिक वोटर हेल्पलाइन एप, nvsp.in पोर्टल या संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं. इसके अलावा निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी द्वारा विभिन्न प्रमुख जगहों पर विशेष शिविर का आयोजन भी किया जायेगा। एसडीएम ने सभी बीएलओ को प्रशिक्षण देंते हुए बताया कि मतदाता सूची के दावा आपत्ति के लिए किस तरह से कार्य किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीडीओ प्रभाकर कुमार, बीएओ अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा, बीईईओ राजेंद्र ठाकुर, नगर प्लानिंग प्राधिकारी श्वेता कुमारी, नगर कार्यपालक पदाधिकारी नवीन कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी समेत कई पदाधिकारी के साथ सभी बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# अभियंता हत्याकांड में आरोपित को आजीवन कारावास की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट मसौढ़ी में एडीजे-2 संजीव कुमार-1 के न्यायालय में अभियंता हत्याकांड के आरोपी बिट्टू कुमार पिता विनय सिंह, नदवां (धनरूआ) को न्यायालय में आजीवन कारावास सुनाई गई है। इसके साथ ही 10 हजार जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6 महीने की सजा और भी बढ़ाई जाएगी। अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 254/ 16 के अंतर्गत अभियुक्त बिट्टू कुमार को एडीजे-2, संजीव कुमार-1, के न्यायालय में आजीवन कारावास सुनाई गई है। वर्ष 2016 में धनरूआ के नदवां के रहने वाले अभियंता श्याम सुंदर शर्मा की हत्याकांड में आरोपित था। घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि अभियंता श्याम सुंदर शर्मा से पहले आरोपी बिट्टू कुमार ने रंगदारी की मांग की थी, उस वक्त श्याम सुंदर शर्मा ने किसी तरह से पैसे दे दिए, फिर दोबारा रंगदारी की मांग की थी जिसे नहीं देने पर लाठी डंडे से मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

# आज से खुल जायेगा आरटीपीएस काउंटर

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पिछले दो दिनों से डॉग बाबू निवास प्रमाण पत्र प्रकरण के मामले में मसौढ़ी अंचल कार्यालय का आरटीपीएस काउंटर को सील कर दिया गया था। ऐसे में आम जन को प्रमाण पत्र बनवाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे में एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि शुक्रवार से विधवत तौर पर आरटीपीएस काउंटर पर नागरिक सुविधा को बहाल कर दी जाएगी। बताया जाता है की कुत्ते का निवास प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में मिंटू कुमार निराला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले राजस्व पदाधिकारी मुरारी चौहान पर भी प्राथमिकी दर्ज हुई है जिस वजह से निर्गत करने वाले पदाधिकारी का प्रभार अंचलाधिकारी प्रभात रंजन को दी गई है।

# दनियावां के युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** दनियावां प्रखंड के कई युवाओं ने पटना स्थित भाजपा के मुख्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के समीप पार्टी की सदस्यों ग्रहण किया। इस मौके पर दनियावां के राहुल पटेल, कुंदन कुमार सिंह, रोहित कुमार, रजनीकांत, अजय कुमार, सुभाष प्रसाद, शिवकुमार व अन्य उपस्थित थे। इस समारोह के बाद दिलीप जायसवाल ने कहा कि इन युवाओं के आने से भाजपा के संगठन को मजबूती मिलेगी। नए सदस्यों ने कहा कि वे पार्टी के हित के लिये बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सक्रियता से कार्य करेंगे।

# ताला तोड़कर डेकोरेशन दुकान से 15 लाख की चोरी

## छह माह पूर्व भी गोपालपुर मठ के पास डेकोरेशन दुकान मे हुई थी चोरी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में एक बार फिर चोरों ने डेकोरेशन दुकान को निशाने पर लेते हुऐ एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इससे पहले कुछ महिने पूर्व पटना गया हाईवे स्थित एक डेकोरेशन दुकान मे चोरी हुई थी ठीक उसी तरह से मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भैसवां गांव में रोड से सटे डेकोरेशन दुकान में बीते रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर तकरीबन 15 लाख की समान की चोरी कर ली है। इस बात की जानकारी दुकान मालिक को तब हुई जब सुबह छह बजे दुकान का ताला टूटा देख आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। आनन फानन मे खबर मिलते ही पहुंचा तो देखा दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ है और जितने भी कीमती सामान है सब गायब थे। तकरीबन 15 लाख का समान चोरी हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए हैं। पीड़ित डेकोरेशन ऑनर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिनों से हम अयोध्या धाम गए हुए थे वापस जब लौटे है आज सुबह मेरा दुकान का ताला टूटा हुआ है। चोरी की गई सामान में साउंड सिस्टम-9 पीस, मिक्सर मशीन दो पीस, स्टेबलाइजर दो पीस, ईको मेटल दो पीस, मेटल लाइट 200 पीस, तिरपाल 20 पीस, पंखा 15 पीस समेत अन्य कई कीमती सामान जिसकी कीमत तकरीबन 15 लाख होगी जो चोरी हो गई है। अमरेंद्र कुमार पिता स्व तरुण कुमार भैंसवां निवासी ने बताया कि हमारा जय मां लक्ष्मी टेंट हाउस के नाम से डेकोरेशन की दुकान चलता है हालांकि इस पूरे इलाके में कभी भी इस तरह की चोरी नहीं हुई है। स्थानीय लोगों ने एवं पंचायत के मुखिया साधु पासवान ने मांग किया है कि पुलिस की पेट्रोलिंग भैसवां तक बढ़ाई जाए क्योंकि फिर से चोरों का उत्पात बढ़ने लगा है, हर दुकानदार दहशत में है कि अगली बारी शायद हमारी न हो।

# संपूर्णता अभियान में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में गुरुवार को जिला प्रशासन की तरफ से संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जुलाई 2024 से सितंबर 2024 तक संचालित किए गए संपूर्णता अभियान के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सहायक समाहर्ता हिमांशु कुमार समेत अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया किया गया तत्पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों से संबंधित स्क्रीन पर वीडियो दिखाया गया। समारोह में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, बीडीओ हरिहरगंज, बीडीओ छत्तरपुर, बीडीओ तरहसी समेत मनरेगा व आवास कोऑर्डिनेटर, शिक्षा विभाग के कई बीआरपी, सीआरपी, कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम समेत अन्य को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि जुलाई से सितंबर 2024 तक जिले में नीति आयोग के निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान का क्रियान्वयन किया गया था जिसके तहत शिक्षा स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन, बुनियादी ढांचा, आजीविका और कौशल विकास जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में लक्ष्य आधारित कार्य किए गए थे। उन क्षेत्रों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति कर भारत सरकार और नीति आयोग के सूचकांकों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की यह हमारे लिये गर्व का विषय है। इसी निमित आज इस कार्यक्रम के जरिये उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों के प्रति प्रतिबद्ध सेवा भाव को मान्यता देने का एक विनम्र प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि समाज के समग्र विकास में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित करना सुखद अहसास कराता है। इस अवसर पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, एएसपी, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीआरडीए निदेशक, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडे, विश्रामपुर विधायक प्रतिनिधि धनंजय पासवान समेत विभिन्न पदाधिकारी सेविका व सहायिका उपस्थित रहे।

# अवैध संबंध के कारण शिवम की हुई थी हत्या, एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** शाहपुर थाना क्षेत्र के हथियाकांध सराय में पिछले 26 जुलाई को हुई छात्र की हत्या मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सुधीर सिंह पंचशील नगर का निवासी है। बाकी रोशन उर्फ फाइटर, धनंजय सिंह, मुकेश सिंह व राहुल कुमार फरार है। सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने बताया कि 26 जुलाई की देर रात शिवम कुमार सिंह उर्फ बंटी को घर के पास धारदार हथियार से सर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया था। बताया कि मृतक शिवम की हत्या एक महिला के साथ अवैध संबंध के कारण की गई थी। उन्होंने बताया कि थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। पुलिस ने जांच पडताल में पता चला कि मृतक शिवम का आरोपी के परिवार की किसी महिला के साथ अवैध संबंध था और आरोपी के परिजनों द्वारा इसका विरोध किया जा रहा था. इसके बाद भी शिवम नही माना तो आरोपी ने शिवम की हत्या करने की साजिश रची। रोशन उर्फ फाइटर, मुकेश सिंह, धनंजय सिंह व राहुल कुमार व सुधीर सिंह ने मिलकर शिवम को धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने सुधीर सिंह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सुधीर ने पुलिस के समक्ष स्वीकार किया है कि शिवम की हत्या अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर किया है. गिरफ्तार सुधीर का अपराधिक इतिहास रहा है और मनेर थाना में आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है।

## पेज 1 का शेष

### क्षेत्र के विकास...

तहत हर घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली प्रतिमाह निःशुल्क किए जाने पर वहां उपस्थित घरेलू उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे हम सभी को काफी फायदा होगा, इसके लिए आपका दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। हमारा परिवार इससे बहुत खुश है। इससे हमलोगों के पारिवारिक खर्च में बचत होगी और बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में सुविधा होगी। वहां उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं ने प्रोत्साहन राशि में तिगुणा वृद्धि करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने हमलोगों को काफी सम्मान एवं सुविधा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आपलोगों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आपके मानदेय में वृद्धि की गई है। आपलोग पूरी मुस्तैदी से लोगों के हित में काम करते रहें। पंचायत प्रतिनिधियों ने मासिक भत्ते में डेढ़ गुणा वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया एवं अंग वस्त्र तथा प्रतीक चिह्न भेंटकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि आपसब लोगों के हित में और क्षेत्र के विकास के लिए ठीक ढंग से काम करें। आपकी सुविधाओं का सरकार ख्याल रख रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 5642 स्वयं सहायता समूह को 105 करोड़ रुपये का तथा 201 स्वयं सहायता समूह को 2 करोड़ 11 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने अपने उत्पादों एवं कार्यकलापों की मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपकी योजनाओं का हमलोगों को काफी लाभ मिल रहा है। हमलोगों के परिवार की तरक्की हो रही है और समाज में सम्मानजनक स्थान मिल रहा है। आपने हमलोगों के लिए काफी काम किया है जिससे हमलोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है और हमलोग स्वावलंबी बनकर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। जीविका दीदियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जब हमलोगों की सरकार बनी उस समय यहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या न के बराबर थी। हमलोगों ने वर्ष 2006 में विश्व बैंक से कर्ज लेकर स्वयं सहायता समूह की संख्या को बढ़ाना शुरू किया। आप सभी जीविका दीदियां काफी अच्छा काम कर रही हैं। हमने ही स्वयं सहायता समूह का नाम जीविका दिया और आप सब जीविका दीदियां कहलाती हैं। हमलोगों के इस काम से प्रेरित होकर उस समय की केंद्र सरकार ने इस योजना को पूरे देश में आजीविका नाम से लागू किया। आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हर संभव मदद करेगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर-बाईपास के निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण किया। मुजफ्फरपुर बाईपास का निर्माण 250 करोड़ रुपये की लागत से कुल 16.87 किलोमीटर की लंबाई में किया जा रहा है। इस परियोजना में आरओबी को छोड़कर शेष सड़क का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बचे हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करें। इसके पूरा होने से मुजफ्फरपुर शहर में यातायात और सुगम होगा। कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता, विधान पार्षद दिनेश सिंह, पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर. पुदुकलकट्टी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के चेयरमैन शीर्षत कपिल अशोक आदि उपस्थित थे।

### मोदी कैबिनेट की बैठक ...

पैदा होगा। उन्होंने बताया कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में बड़ी वृद्धि होगी जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। ये परियोजनाएं क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के माध्यम से 'आत्मनिर्भर' बनाएंगी जिससे उनके रोजगार या स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री वैष्णव ने कहा कि ये परियोजनाएं पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुसार बनाई गई हैं, जिनका उद्देश्य एकीकृत योजना और हितधारक परामर्श के माध्यम से मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ाना है। ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 43.60 लाख की आबादी वाले 2,309 गांवों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। श्री वैष्णव ने बताया कि ये कोयला, सीमेंट, क्लिंकर, जिप्सम, फ्लाई ऐश, कंटेनर, कृषि वस्तुओं और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 95.91 मिलियन टन प्रति वर्ष अतिरिक्त माल का यातायात होगा। रेलवे, परिवहन का एक पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्ज़ा-कुशल साधन होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (16 करोड़ लीटर) को कम करने और सीओ2 उत्सर्जन (515 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा, जो 20 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। उन्होंने कहा कि इटारसी और नागपुर के बीच चौथी रेल लाइन का निर्माण दिल्ली और चेन्नई के साथ-साथ मुंबई और हावड़ा को जोड़ने वाले उच्च-घनत्व वाले गलियारे पर किया जाएगा। यह चारों दिशाओं का मिलन बिंदु है। श्री वैष्णव ने बताया कि आलुआबाड़ी से न्यू जलपाईगुड़ी तक रेलवे लाइन का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगला काम आलुआबाड़ी और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच 57 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी रेलवे लाइन का विस्तार है। यह पूर्वोत्तर की कनेक्टिविटी के लिए बेहद जरूरी है। अलुआबाड़ी बिहार से बंगाल के सिलीगुड़ी तक फैला है। इन लाइनों को मजबूत करना बेहद जरूरी है।

# किसान सलाहकार ने कृषि समन्वयक और राजस्व कर्मी से किया अभद्र व्यवहार, स्पष्टीकरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के गोविंदपुर बौरही पंचायत के किसान सलाहकार राजेश कुमार पर कृषि समन्वयक तथा राजस्व कर्मचारी से अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने आरोप का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा स्पष्टीकरण जारी करते हुए 24 घंटा के अंदर अपना पक्ष रखने को कहा गया है। अन्यथा अनुशासनिक कार्रवाई हेतु जिला कृषि पदाधिकारी पटना को संसुचित करने की चेतावनी दी गई है। बताया जाता है कि बीते कुछ दिन पहले सेवती गैस गोदाम गोविंदपुर बौरही पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सहयोग नहीं करने के दौरान रंजीत कुमार कृषि समनवयक एवं लालू कुमार दास राजस्व कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उन्हें ठंडा कर देने और समझा देने की धमकी दी गई इसके अलावा फार्मर रजिस्ट्री किसान हस्ताक्षरयुक्त की सूची का गुम हो जाने की बात बताई गई। इसके अलावा कृषि समन्वयक के द्वारा बताया गया कि जन प्रतिनिधि से भी शिकायतें लगातार उनके खिलाफ मिल रही है जो कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी नहीं देते रहे हैं, और पंचायत में भ्रमण नहीं करते हैं। ऐसे में दूरभाष पर दी गई जानकारी पर आकाश कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रशिक्षु ने संज्ञान लेते हुए आरोपित किसान सलाहकार राजेश कुमार पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए अपने पक्ष रखने की बात कही है वही प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद सिन्हा ने कहा है कि राजेश कुमार किसान सलाहकार को स्पष्टीकरण करते हुए उसे जवाब मांगा गया है।

# निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

## पद और गोपनीयता की दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** अधिवक्ता संघ की द्विवार्षिक चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच गुरूवार पुस्तकालय भवन में सादे समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी सह वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव व सहायक निर्वाची पदाधिकारी शकील अहमद अंसारी के समक्ष अनुमति से संघ के अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह 1 और अशोक कुमार सिंह ने संघ निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीता शपथ दिलायी गयी और प्रमाण पत्र वितरण किया गया। निर्वाची पदाधिकारी शिव कुमार यादव ने बताया कि चुनाव कराने के लिए दिये गये सामग्री को संघ के पूर्व सचिव राजेश्वर यादव को सौप दिया गया है। श्री यादव ने बताया कि संघ के अध्यक्ष पद पर नंद किशोर शर्मा व महासचिव पद पर अनिल कुमार सिंह 3 निर्वाचित हुए थे। इसके अलावे उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव, सहायक सचिव, कोषाध्यक्ष, दलेखा परीक्षक, कार्य कारिणी समिति सदस्य, वरीय कार्यकारिणी सदस्य, पुस्तकालय अध्यक्ष, निगरानी के सदस्यों को शपथ और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर सभी पदाधिकारियों ने संघ के कार्यों में पारदर्शिता बरतने व निष्पक्ष ढंग से कार्य करने का संकल्प लिया। महासचिव के पद पर निर्वाचित हुए अनिल कुमार सिंह ने बताया कि वे पूरी निष्ठा से कार्य करते आ रहे है और आगे भी संघ के विकास के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं के प्रति आभार जताया।

पूर्व रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना सं. : 89, 90 एवं 91-एमएलडीटी-25-26, दिनांक 23.07.2025 (पी.वे, सिविल और अन्य कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 89-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में एडीईएन/मालदा टाउन के अधीन इको पार्क, कालिंद्री भवन, डीआरएम बंगलो, एडीआरएम बंगलो और डीआरएम बिल्डिंग के सामने एवं पीछे के क्षेत्र के दैनंदिन रखरखाव के संबंध में सिविल कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 28,66,701.78, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 90-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता/I/मालदा के अधिकार क्षेत्र में मालदा मंडल में सी एंड डब्ल्यू एवं टीएल तथा एसी मेन्टेनेंस से संबंधित भंडारण सामग्री के लिए नए स्टोर बिल्डिंग के प्रावधान में सिविल कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 82,03,337.61, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 91-एमएलडीटी-25-26, कार्य का नाम :** मंडल अभियंता-I/पूर्व रेलवे/मालदा के अधीन विभिन्न एलसी गेटों पर गेट लॉज, शौचालय, पानी की आपूर्ति एवं सड़क सतह की उन्नति के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य:** रु. 57,98,184.71, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 14.08.2025 को 15.30 बजे (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** www.ireps.gov.in/ डीआरएम कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट में विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा कागजात देखें।

MLD-128/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

Govt. of Bihar

**Bihar Urban Infrastructure Development Corporation Ltd.**
A Government of Bihar Undertaking
**VERY SHORT TERM NOTICE INVITING TENDER**
For
Different Projects in different cities of Bihar
Re - NIT No: 06/2025-26/Aurangabad.
(Through e-procurement2.bihar mode only – www.eproc2.bihar.gov.in)

| Sl. No | Name of work | Estimated Cost (Rs in Lakh) | Bid Processing fees | Bid Document Cost (in Rs) | Bid Security (EMD) (Rs in Lakh) | Time of comple-tion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत, रफीगंज, औरंगाबाद अंतर्गत वार्ड संख्या-16 में राजा बिगहा पुल से कासमा बस स्टैंड तक ढक्कन सहित आर0सी0 नाला का निर्माण। | 2,37,30,885.00 | As per Beltron Norms | 17,700.00 | 4.75 | 6 Months |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | Date of downloading of bid document | : | From **04.08.2025 to 09.08.2025** up to **03:00** PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 5. | Place & Date of Pre-bid meeting | : | Date **06.08.2025** Time **12:00** PM. Office of Project Director, BUIDCo, Aurangabad |
| 6. | Last date and time for receipt (upload) of bids | : | Date **09.08.2025** up to **03:30** PM Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 7. | Last Date and time for Submission of hard copy of EMD | : | Date **11.08.2025** up to **04:00** PM |
| 8. | Time and date of opening technical bids | : | Date **11.08.2025** Time **04:00** PM के बाद |
| 9. | Time and date of opening of financial bids | : | To be communicated later on |
| 10 | Place of opening of bid | : | Through website www.eproc2.bihar.gov.in |
| 11. | Period of bids validity | : | 120 days |
| 12. | Officer inviting bids | : | Project Director, BUIDCO, Aurangabad |

The detailed NIT can be obtained through website www.eproc2.bihar.gov.in and www.buidco.in.
For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR- 010164 ( B C D ) 2025-26**

**Project Director,**
BUIDCo, Aurangabad

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# मेहनत और लगन के साथ उद्योग का करें संचालन : जिलाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** उद्योग विभाग के टास्क फोर्स एवं जिले में स्थित विभिन्न राईस मिल के सत्याधिकारी के साथ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, उद्योग विभाग प्रोजेक्ट मैनेजर, उद्योग विस्तार पदाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बियाडा एवं विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित रहें। सर्वप्रथम महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया एवं तदुपरांत जिला पदाधिकारी के आदेश से बैठक की समीक्षा आरंभ की गई। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में पीएमईजीपी, पीएमएफएमई एवं पीएम विश्वकर्मा योजनाओं की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जानी है, जिसमें उक्त योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। विभागीय निदेशानुसार विगत वर्षों में स्वीकृत किन्तु भुगतान हेतु लंबित आवेदनों एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति एवं भुगतान की प्रक्रिया उक्त समीक्षा बैठक से पूर्व पूर्ण की जानी है। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा आश्वासन दिया गया कि संबंधित आदेशों का अनुपालन समय पर कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा महाप्रबंधक एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि सभी बैंकों एवं लाभुकों के साथ समन्वय स्थापित कर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। राईस मिल के सत्याधिकारी के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक द्वारा बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति, 2016 के अंतर्गत प्राप्त होने वाले विभिन्न लाभों एवं प्रोत्साहनों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। इस नीति के अंतर्गत ब्याज अनुदान 10 प्रतिशत से 12 प्रतिशत या अधिकतम 10 करोड़ की राशि तक प्राप्त हो सकती है। एसआईपीबी नीति के तहत राईस मिल इकाई की स्थापना हेतु स्टाम्प शुल्क, निबंधन शुल्क एवं संपरिवर्तन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। साथ ही ब्याज कर एवं एसजीएसटी में भी छूट प्रदान की जाती है। बियाडा के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा चियाडा में भूमि की उपलब्धता एवं आवंटन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। वहीं, डीडीएम नाबार्ड द्वारा भी अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई जो कृषि क्षेत्र के विकास हेतु महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार औद्योगिक विकास हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। इस अवसर पर उपस्थित सभी उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी को यह आश्वासन दिया गया कि वे पूरी मेहनत और लगन से अपने उद्योग का संचालन कर रहे हैं एवं उद्योग विभाग द्वारा प्रदत्त प्रोत्साहन के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# आर्म्स एक्ट में दोषी करार अभियुक्त को तीन साल की सजा, पांच हजार जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान की अदालत ने मंगलवार को आर्म्स एक्ट के एक मामले में अभियुक्त सुनील कुमार सिंह, निवासी जंगी मुहल्ला, देव को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों धाराओं में पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में अभियुक्त को प्रत्येक धारा में तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामला देव थाना कांड संख्या 148/24, जीआर 2030/24, टीआर 2504/25 से जुड़ा है। जिला अभियोजन पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा के अनुसार, अदालत ने आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) और धारा 26 के तहत अभियुक्त को सजा सुनाई है। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। प्राथमिकी 4 जुलाई 2024 को देव थाने के अपर थानाध्यक्ष सुशील कुमार द्वारा दर्ज कराई गई थी। इसके अनुसार, एक दिन पूर्व यानी 3 जुलाई को अभियुक्त की पत्नी ने आरोप लगाया था कि सुनील कुमार सिंह ने उस पर तलवार से हमला कर हाथ काट दिया। इस घटना की प्राथमिकी देव थाना कांड संख्या 146/24 के तहत दर्ज की गई थी। इसी सिलसिले में तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके दौरान अभियुक्त को देव थाना मोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की निशानदेही पर गैस गोदाम देव के पास एक झाड़ी से देशी कट्टा बरामद किया गया, जबकि हाई स्कूल देव के परिसर में मिट्टी की खुदाई कर कुछ कारतूस भी जब्त किए गए थे। अभियोजन की ओर से सात गवाहों की गवाही तेजी से पूरी करवाई गई। इस मामले में अभियुक्त की पत्नी ने भी अभियुक्त के खिलाफ गवाही दी। अभियोजन पक्ष की प्रभावी दलीलों के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई। आरोप पत्र 30 सितंबर 2024 को अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक नीतीश कुमार द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था, जिसके बाद त्वरित सुनवाई के साथ मामले का निष्पादन किया गया।

# कृषि विज्ञान केंद्र सिरीश में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड स्थित कृषि विज्ञान केंद्र सिरीश में बुधवार को इनपुट डीलरों के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, वरीय वैज्ञानिक और केंद्र के प्रमुख विनय कुमार मंडल, सहायक निदेशक (उद्यान) श्रीकांत कुमार, दीपक कुमार और पौधा संरक्षण निदेशक रॉकी रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रारंभिक सत्र की अध्यक्षता कर रहे वरीय वैज्ञानिक विनय कुमार मंडल ने डिप्लोमा कोर्स की रूपरेखा और उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण इनपुट डीलरों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने के लिए शुरू किया गया है, ताकि वे किसानों को अधिक प्रभावी और वैज्ञानिक सलाह दे सकें। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने प्रशिक्षणार्थियों से अपील की कि वे पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादकता और मिट्टी की उर्वरता में सुधार लाने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना ज़रूरी है। खाद और उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इनपुट की गुणवत्ता ही फसल की गुणवत्ता निर्धारित करती है। सहायक निदेशक श्रीकांत कुमार और दीपक कुमार ने खाद और उर्वरकों के सुरक्षित भंडारण तथा उनके संतुलित प्रयोग पर बल दिया। रॉकी रावत ने कीट एवं रोग की सही पहचान के आधार पर कीटनाशकों के प्रयोग की बात कही और बगैर पहचान के रसायनों के उपयोग से बचने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन कृषि वैज्ञानिक प्रतिभा कुमारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन पंकज कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर केंद्र के अन्य वैज्ञानिक, तकनीकी कर्मचारी और जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 40 चयनित प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

# शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने 25 लीटर देशी शराब के साथ कारोबारी अनिल मांझी को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सुगांव महादलित टोला में छापेमारी कर 25 लीटर देसी शराब के साथ अनिल मांझी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को जेल भेजा गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि अवैध शराब करोबार के विरुद्ध पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। इसी कड़ी में सुगाव गांव से 25 लीटर देशी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है।

# आगामी विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से लगें सभी कार्यकर्ता : विनोद तावड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावडे का दाउदनगर में सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष संजय मेहता के नेतृत्व में माला एवं अंगवस्त्र से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय नेता के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखा। इस स्वागत से विनोद तावडे काफी प्रसन्न दिखे और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में जोर-शोर से लगने का आह्वान किया। इसके बाद श्री तावडे ने औरंगाबाद जिला मुख्यालय में आयोजित तीन जिलों के संगठनात्मक बैठक में भाग लिया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने राष्ट्रीय महामंत्री के स्वागत में आए सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया है और कहा कि आप सभी इसी प्रकार से पार्टी के हर एक कार्यक्रमों में लगकर उसे सफल बनाते हैं। हम सभी को अपने नेता के मार्गदर्शन में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विजय का परचम लहराना है। श्री सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार और हो रहे तेज गति से विकास से पूरा बिहार लाभान्वित हो रहा है, उससे औरंगाबाद भी अछूता नहीं है। आने वाले दिनों में औरंगाबाद जिले की जितनी भी समस्याएं हैं और जो भी आम जनता की मांगे हैं वह सब एनडीए की सरकार ही पूरा करेगी। विकसित बिहार का संकल्प पूरा करने वाली सरकार एनडीए के नेतृत्व में ही बनेगी और बिहार देश के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में ग्रोथ इंजन बनने का काम करेगा। पार्टी के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ जिले में प्रत्येक सीट पर एनडीए के प्रचंड विजय के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्याम पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश पांडे, शमशेर नगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, महामंत्री अनूप मनोहर, पूर्व महामंत्री भास्कर विभु, सुनील मेहता, सतीश चौधरी, आरएलएम के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, पूर्व प्रमुख राजेंद्र पासवान, समरेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीस सूत्री बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को बीस सूत्री सह क्रियान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड बीस सूत्री समिति अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान ने की। बैठक की शुरुआत सभी सदस्यों एवं अधिकारियों के परिचय से हुई, जिसके उपरांत विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया में आ रही बाधाएं और गोह पीएचसी को सीएचसी का दर्ज़ा मिलने के बावजूद आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर गंभीर चिंता जताई गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति, मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर भुगतान, खाद्य आपूर्ति की स्थिति, तथा किसानों को उर्वरक की समय पर उपलब्धता जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों को इन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रमोद कुमार, सीडीपीओ ओनम राज, थानाध्यक्ष मो. इरशाद, सांख्यिकी पदाधिकारी, भाजपा जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा, सुधीर मिश्रा समेत कई बीस सूत्री सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेमचंद जयंती पर सेमिनार आयोजित, आज के समय में प्रासंगिक है उनका साहित्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित कुशल युवा कार्यक्रम के सभागार में जनवादी लेखक संघ, औरंगाबाद इकाई के तत्वावधान में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती के अवसर पर 'आज का समय' और प्रेमचंद विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता डॉ. श्रीनिवास मंडल ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमचंद के तैल चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। विषय प्रवेश विचारक राजेश कुमार ने किया। मुख्य वक्ता जनवादी लेखक संघ के जिला सचिव प्रो. अलखदेव प्रसाद 'अचल' ने कहा कि समय बदला है, लेकिन समस्याएं आज भी वैसी ही हैं। प्रेमचंद के पात्र रायबहादुर, होरी, धनिया, मातादीन, सिलिया, गोबर, हामिद, हल्कू आज भी समाज में किसी न किसी रूप में जीवित हैं। उनके साहित्य से संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। विशिष्ट वक्ता प्रधानाध्यापक अंबुज कुमार ने कहा कि प्रेमचंद का साहित्य मनुष्य को संबल प्रदान करता है। जीवन को समझने के लिए उनका अध्ययन आवश्यक है। अध्यक्षीय वक्तव्य में डॉ. मंडल ने कहा कि प्रेमचंद का जानना, जीवन को संवारने जैसा है। इस अवसर पर रबीन्द्र यादव, गुलफराज अहमद, साबिर हुसैन, कृष्णा कुमार, सुधीर सत्यम, नागेश्वर सिंह आदि ने प्रेमचंद की प्रासंगिकता पर विचार रखे। गोष्ठी के दौरान छात्रा रानी, आशिया खातून, दीपा, आरज़ू और प्रेरणा राज को प्रेमचंद पर उत्कृष्ट वक्तव्य देने के लिए सम्मानित किया गया।

# बीडीओ की पहल पर शिक्षकों और अभिभावकों का गतिरोध समाप्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय पोला गोड़ीहा में अभिभावक और शिक्षकों के बीच उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए बीडीओ मनोज कुमार और बीईओ शिशिर कुमार रंजन गुरुवार को विद्यालय पहुंचें। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी बातों को सुना और समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग के अनुसार मिड डे मील की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। शेख बिगहा के नव सृजित उर्दू विद्यालय का भवन निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण उक्त विद्यालय से टैग कर चलाया जा रहा था जिसे वहां से हटाया जाएगा और विवादित शिक्षकों का स्थानांतरण कर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी के बातों से आश्वस्त हुए और शिक्षकों के साथ गतिरोध समाप्त करने की बात कही।

# रजिस्ट्री कार्यालय से बाइक चोरी, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बुधवार की देर शाम शहर के रजिस्ट्री कार्यालय से अज्ञात चोरों द्वारा एक बाइक चोरी का मामला सामने आया है। मामले में नगर थाना क्षेत्र के गंगटी गांव निवासी घुरा यादव के पुत्र रेखा यादव ने थाना में तहरीर समर्पित किया है और बताया कि किसी काम से वे रजिस्ट्री कार्यालय गए थे। जहां कार्यालय के बाहर अपना स्पलेंडर बाइक खड़ी कर गए थे, जब वापस लौटे तो देखा बाइक वहां से गायब था। अपने स्तर से उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। आखिरकार उन्होंने थाना में तहरीर समर्पित कर खोजबीन की मांग की है। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की जानकारी मिली है, आसपास लगे कैमरे को जांच किया जाएगा और बाइक की पड़ताल की जायेगी।

# दाउदनगर कॉलेज में मनाई गई प्रेमचंद और तुलसीदास जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**दाउदनगर।** दाउदनगर कॉलेज में मंगलवार को हिंदी के दो महान साहित्यकारों–उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद और भक्तिकाल के महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती संयुक्त रूप से मनाई गई। यह आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में हिंदी और उर्दू विभाग द्वारा मिलकर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य साहित्य के दोनों पुरोधाओं की रचनात्मक विरासत को याद करना और विद्यार्थियों को उनके विचारों से प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की छात्राओं शाकरा तबस्सुम और खुशबू कुमारी ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विचार-विमर्श, वक्तव्य, गीत और गजलों के माध्यम से प्रेमचंद और तुलसीदास के साहित्यिक योगदानों को याद किया। वक्तव्य प्रस्तुत करने वालों में सुम्बुल परवीन, निकहत आफरीन, अनुज कुमार, सानिया परवीन, अर्पणा कुमारी, रंजीत कुमार, सौम्या राज, शिल्पी कुमारी, प्रियंका कुमारी, शिवानी कुमारी और जयप्रकाश कुमार शामिल रहे। स्वागत गीत की प्रस्तुति निकहत आफरीन, रज़िया, सानिया, सुम्बुल और रौशनी ने दी, जबकि निकहत आफरीन और रंजय कुमार ने ग़ज़ल और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उर्दू विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहम्मद हुज़ैफा ने प्रेमचंद को यथार्थवादी साहित्य का प्रवर्तक बताते हुए कहा कि उन्होंने मनोरंजन से आगे बढ़कर समाज के कमजोर वर्ग की आवाज को अपनी लेखनी दी। वहीं, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. आकाश कुमार ने तुलसीदास को समन्वय और करुणा के कवि के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि उन्होंने रामकथा को संस्कृत से निकालकर आम जनमानस की भाषा अवधी में प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. डॉ. एम. एस. इस्लाम ने कहा कि उनका साहित्य सामाजिक चेतना को गहराई से प्रभावित करता है। तुलसीदास को उन्होंने मर्यादा और आदर्श का प्रतीक बताते हुए कहा कि रामचरितमानस आज भी नैतिक मूल्यों की आधारशिला है। उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की सराहना की और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की।

# रेणुका सिन्हा ने प्रधान शिक्षिका के रूप में संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय सैदपुर में बीपीएससी से चयनित शिक्षिका रेणुका सिन्हा ने प्रधान शिक्षिका के रूप में पदभार ग्रहण किया। विद्यालय पहुंचने पर पूर्व प्रभारी शिक्षिका आशा कुमारी एवं मध्यान्ह भोजन प्रभारी अवधेश कुमार सिंह ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रधान शिक्षिका रेणुका सिन्हा ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही शिक्षण सामग्री की समुचित व्यवस्था कर शिक्षा को सरल एवं सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यालय संचालन में समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा जैसे पुण्य कार्य में सबका सामूहिक सहयोग आवश्यक है।

# अग्नि सुरक्षा जागरुकता रथ को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले में अग्नि सुरक्षा को लेकर आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से एक एलईडी जागरुकता वैन को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अग्नि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जन-जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। यह एलईडी वैन जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के उपायों की जानकारी देगी। ऑडियो-विजुअल माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा कि किस प्रकार आग लगने की स्थिति में सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया द्वारा जान-माल की क्षति को रोका जा सकता है। इस अवसर पर सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सहित जिला आपदा प्रबंधन विभाग के सभी कर्मी उपस्थित रहे। यह जागरुकता रथ आगामी दिनों में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करेगा एवं लोगों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेगा।

# एस एस कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** स्थानीय एसएस कॉलेज के राजकुमारी सभागार में हुए एक सादे समारोह में सेवानिवृत्त हुए पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो.(डॉ.) कृष्णा नंद को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.(डॉ.) दीपक कुमार के द्वारा उन्हें पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं अन्य उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अपने उद्गार व्यक्त करते हुए प्राचार्य प्रो0(डॉ0) दीपक कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति हमारे जीवन का महज़ एक पड़ाव है , हमारा जीवन उसके आगे भी बदस्तूर जारी रहता है। उन्होंने प्रो0 कृष्णा नंद की ईमानदारी, कर्मठता, महाविद्यालय के प्रति अटूट समर्पण व सतत सेवा साधना जैसे बहुमूल्य गुणों को सराहते हुए उनके स्वस्थ ,सुखद ,सरस व जीवंतता भरे सुदीर्घ भावी जीवन की मंगल कामना की। आईक्यूएसी के संयोजक डॉ0 विनोद कुमार राय ने अपने संबोधन में प्रो0 कृष्णा नंद को पिपुल्स प्रिंसिपल बताया जिनके लिए छात्र हित ही सर्वोपरि रहा। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय परिवार के अन्य शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों ने भी कृष्णा बाबू के साथ जुड़े अपने अनमोल संस्मरणों को साझा किया। भावुकता भरे माहौल में हुए अपने सम्मान से अभिभूत प्रो0 कृष्णा नंद ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे इस बात का आजीवन संतोष रहेगा कि आप सबों के निष्ठापूर्ण सहयोग से श्री बाबू की आदमकद प्रतिमा निर्माण में अपनी भूमिका बेहतर ढंग से निभा पाया। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे इस संस्था से बहुत कुछ हासिल हुआ है, पर जो मेरे लिए सबसे अधिक बहुमूल्य है, वह है आपसभी का असीम स्नेह ! और मैं आज इसी स्नेह के संचित कोष को अपने हृदय की तिज़ोरी में सहेज और समेट कर लिए जा रहा हूं।

# एक ही जमीन दो पक्षों की दावेदारी, मारपीट में दस जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष की 5 महिलाएं समेत 10 लोग जख्मी हुए हैं। मामला माली थाना क्षेत्र के परमेश्वरी गांव की है। घटना के बाद सभी जख्मियों को इलाज सदर अस्पताल औरंगाबाद में कराया गया है। जख्मियों में उस गांव के 75 वर्षीय राम प्रसाद यादव, उनके 48 वर्षीय बेटे अजय यादव, 40 वर्षीय विनोद यादव, 44 वर्षीय अशोक यादव, 42 वर्षीय संतोष यादव, 38 वर्षीय अरुण यादव, राम प्रसाद यादव की 72 वर्षीय पत्नी फूलमती देवी, अजय यादव की पत्नी शांति देवी, अशोक यादव की पत्नी उर्मिला देवी, विनोद यादव की पत्नी गुलाबी देवी, संतोष यादव की पत्नी मंजू देवी और अरुण यादव की पत्नी मंजू देवी शामिल हैं। जख्मी राम प्रसाद यादव ने बताया कि गुरुवार को वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खेत में बिचड़ा उखाड़ रहे थे, तभी 30 लोग लाठी-डंडे और तलवार के साथ पहुंचे और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने गई महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। उन्होंने बताया कि लगभग 100 साल पहले मेरे पूर्वजों ने गांव के ही अवतार यादव के पूर्वजों के साथ जमीन बदली थी। मेरे पूर्वजों की ओर से दी गई जमीन पर दूसरे पक्ष के लोगों ने मकान का निर्माण कर लिया है। दूसरे पक्ष की ओर से दी गई जमीन पर कई वर्षों से हम लोगों का कब्जा हैं और खेती करते हैं। कुछ दिनों पहले से दूसरे पक्ष के पूर्वजों की ओर से बदली गई जमीन को अपना बताते हुए कब्जा की कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल मामला कोर्ट में चल रहा है। जमीन विवाद को लेकर मैंने स्थानीय थाना में भी आवेदन दिया है। पुलिस की ओर से दोनों पक्ष के लोगों पर 107 की कार्रवाई की गई है। जमीन पर धारा-144 लागू है। इसके बावजूद भी दूसरे पक्ष के लोग पुलिस के मिली भगत से विवादित जमीन पर खेती करते हैं। विरोध करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। मारपीट में घायल लोगों ने गांव के ही अवतार यादव, केवल यादव, कमलेश यादव, सिकंदर कुमार, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, सीताराम यादव, मनीष कुमार, कलेन्द्र यादव, दिनेश कुमार समेत अन्य लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। जख्मियों का कहना है कि जिस जमीन पर 144 लागू की गई है उस जमीन पर दूसरे पक्ष के लोग खेती और निर्माण कार्य करते हैं। जब इसकी सूचना पुलिस को दी जाती है तो मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर कार्यक्रम तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर गांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर तैयारियां तेज़ हो गई हैं। इसी क्रम में महोत्सव समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव इस वर्ष 16 अगस्त से 22 अगस्त तक धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक में तय कार्यक्रमों के अनुसार 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ किया जाएगा। इसके अगले दिन 17 अगस्त को स्थानीय कलाकारों द्वारा डांडिया प्रतियोगिता होगी, जबकि 18 अगस्त को पारंपरिक मटका फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 19 अगस्त को देश-प्रदेश के नामचीन कलाकारों द्वारा भजन, कीर्तन और सांगीतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 20 अगस्त को जिले के सभी महोत्सव समिति सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। 21 अगस्त को विशाल भंडारा एवं दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वृंदावन और इस्कॉन के कथावाचकों द्वारा प्रवचन भी होगा। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में 22 अगस्त को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा के दौरान भी जिले के तमाम अध्यक्षों और समिति सदस्यों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, सचिव रंजीत गुप्ता, उप सचिव सोनू सिंह जीवनबाग, कोषाध्यक्ष सागर विश्वकर्मा, संचालनकर्ता पप्पू गुप्ता, पंकज सिंह, रवीन्द्र राम, सोनी गोलू विश्वकर्मा समेत अभिषेक अग्रवाल, अंकित विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, अंशु कुमार, लक्ष्य कुमार, गोपाल गुप्ता, कुंदन गुप्ता, राजन गुप्ता, पप्पू गुप्ता, संजय गुप्ता, नवनीत गुप्ता और महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे। समिति ने सभी कार्यक्रमों को सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक बनाकर सफलतापूर्वक संपन्न कराने का संकल्प लिया है।

# अलग-अलग मामलों में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** हसपुरा थाना पुलिस ने बुधवार की रात दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को गुरुवार को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपितों में पहला अमझर शरीफ पंचायत स्थित गांधी नगर बाला पर का निवासी शंभुनाथ सिंह है, जो एक दर्ज मामले में आरोपित था। वहीं, दूसरा आरोपित बिरहारा गांव निवासी बृजमोहन राम है, जिसके पास से पुलिस ने छापेमारी के दौरान छह लीटर देशी शराब बरामद की। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

C M Y K

# दिनेश कुमार राय ने कोचस में जनसंवाद के जरिए की राजनीतिक पारी की शुरुआत

## पूर्व आईएएस अधिकारी ने कहा–न सत्ता का लोभ, न पद की चाह, सेवा ही मेरा उद्देश्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी दिनेश कुमार राय ने कोचस के राज वाटिका में गुरुवार को आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद करते हुए अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत का ऐलान किया। भारी उमस और गर्मी के बावजूद कार्यक्रम में जुटी भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे किसी पद, लाभ या सत्ता के लोभ में राजनीति में नहीं आए हैं, बल्कि सेवा ही उनका डीएनए है। दिनेश कुमार राय ने कहा कि प्रशासनिक सेवाओं में रहते हुए भी वे अपने गांव जवार और आस-पास के लोगों से लगातार जुड़े रहे।




उन्होंने बताया कि वे नौ वर्षों से अपने पिता की पुण्यतिथि के मौके पर स्थानीय लोगों से संवाद करते रहे हैं, जिससे संबंधों की डोर बनी रहे। राय ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनता के साथ रिश्ता बनाए रखा, और यही भावना अब उन्हें सक्रिय जनसेवा की ओर खींच लाई है। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, जिलाधिकारी, अनुमंडलाधिकारी, बीडीओ जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे, लेकिन कभी अहंकार नहीं किया। राय ने साफ किया कि उन्हें हर जाति, समुदाय और वर्ग के लोगों से समान प्रेम और सम्मान है। वे जाति के आधार पर नहीं, समाज के आधार पर काम करने की सोच रखते हैं। जनसंवाद में राय ने कहा, ''चंपारण में राजनीति करने का प्रस्ताव था, लेकिन मैंने उसे ठुकरा दिया क्योंकि मैं अपनी धरती और अपने लोगों के बीच रहकर ही बदलाव लाना चाहता हूं। मैं सांसद या विधायक बनने की लालसा लेकर नहीं आया हूं, बल्कि आम लोगों की आवाज़ बनना चाहता हूं।'' उन्होंने बताया कि जिस पद पर वे थे, वहां तीन लाख रुपये से अधिक का मासिक वेतन मिलता था, लेकिन उन्होंने उसे त्याग दिया ताकि ज़मीनी स्तर पर समाज की सेवा कर सकें। वे किसी दल विशेष के एजेंडे को लेकर नहीं, बल्कि लोगों की सलाह और आशीर्वाद लेने के लिए यह संवाद आयोजित कर रहे हैं। श्री राय ने कहा कि वे काला शीशा चढ़ाकर नहीं चलते, न ही किसी प्रकार का दिखावा करते हैं। उनका पालन-पोषण ढीबरी की रोशनी में हुआ और यही उनके जीवन के संस्कार बने। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी पद पर रहते हुए वे सीमित दायरे में जनता की सेवा कर सकते थे, लेकिन अब वे बिना किसी बंधन के काम करना चाहते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन ने की और संचालन वसीम अंसारी ने किया। मौके पर खेदन प्रसाद सिंह, मुखिया अवध बिहारी राय, पूर्व मुखिया जगमोहन सिंह, गुलबासो कुंवर, डॉ. उषा सिंह, डॉ. अमित कुमार, अनिल कुमार सिंह, मेजर महेंद्र, अजय कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे। दिनेश कुमार राय ने अंत में कहा कि अगर जनता उन्हें मौका देती है, तो वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मज़बूती देने का काम करेंगे और पूरे समर्पण से लोगों की सेवा करेंगे।

# सोनबरसा में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सोनवर्षा गांव में गुरुवार को अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर। अनुमंडल लोक शिकायत निवारण के निर्देश पर सीओ अनु कुमारी द्वारा किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए सीओ अनु कुमारी ने बताया कि बिहार सरकार के भूमि पर गांव के ही 19 अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर कच्चा व पक्का मकान का निर्माण किया था। इस स्थल को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए गांव के ही दयाशंकर सिंह ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण में आवेदन दिया था जिसकी सुनवाई के बाद उक्त कार्यालय से बिहार सरकार के भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश मिला। निर्देश के आलोक में 17 अप्रैल को अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेज कर स्थल खाली करने को कहा गया था। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों द्वारा स्थल को खाली नहीं किया गया जिसके आलोक में गुरुवार को अतिक्रमण बाद चला कर उक्त मकान को ध्वस्त किया गया। अतिक्रमण हटाने में जो खर्च आयेगा वह अतिक्रमणकारियों से वसूली किया जाएगा। सीओ ने यह भी बताया कि 19 अतिक्रमणकारियों में 6 भूमिहीन हैं। वहीं सिंघासन पान्डेय हाईकोर्ट से स्टे आर्डर लाए हैं। इस लिए इन 7 अतिक्रमणकारियों के घर को नहीं गिराया गया है। बचे भगवान पान्डेय, बलिराम पान्डेय, शंभू पान्डेय, प्रदीप पान्डेय, लक्ष्मी पान्डेय, उमा पान्डेय, उदय पान्डेय, कामेश्वर पान्डेय, शेष नाथ पान्डेय, मनोज पाण्डेय आदि अतिक्रमणकारियों के मकान को ध्वस्त कर अतिक्रमण हटाया गया।

# हाइवा ने बाइक में मारी टक्कर, किशोर की मौत, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के डिहरी अकोढ़ीगोला मार्ग पर कैनाल रोड पुल के नीचे बुधवार देर रात नशे में धुत हाइवा चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर लिया। हाइवा को जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के अनुसार बुधवार रात एक बाइक पर भोजपुर जिले के तरारी थाने के ईसाईडीह गांव निवासी मनोज यादव का पुत्र इंटर का छात्र अंकित कुमार नर्सिंग की परीक्षा देने अपने चचेरे भाई के साथ राजपूतान मोहल्ला डिहरी आ रहा था। नशे में धुत हाइवा चालक इंद्रपुरी थाने के कमरनगंज निवासी प्रमोद चौधरी ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार चचेरा भाई बच गया, लेकिन किशोर अंकित चक्के के नीचे आने के कारण बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे एक निजी क्लीनिक में ले गए जहां से उसे रेफर कर दिया गया। परिजन उसे ले बीएचयू ट्रामा सेंटर गए जहां इलाज के क्रम में गुरुवार दोपहर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलते पुलिस गश्ती मौके पर पहुंची घटना की सूचना अकोढी गोला पुलिस को देते हुए पीछा किया गया। हाइवा बी आर 24 सी जी 0985 को पकड़ा गया। चालक नशे में था उसका मेडिकल करा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हाइवा को जब्त कर लिया गया है।

# छापेमारी में तीन हजार लीटर शराब के साथ एक धराया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** गुप्ताधाम में अवैध शराब की बिक्री की शिकायत के आलोक में मद्य निषेध विभाग एवं पुलिस विभाग, रोहतास के द्वारा छापेमारी कार्य किया गया। चेनारी थाना के साथ मद्य निषेध विभाग द्वारा सहायक अवर निरीक्षक मद्य निषेध संतोष कुमार चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें शामिल सदस्य मद्य निषेध सिपाही विपुल कुमार, गोविन्द चौहान, विरेन्द्र कुमार के साथ गुप्ताधाम एवं उसके आसपास के क्षेत्रों से छापामारी करते हुए एक अभियुक्त को 3.000 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिला पदाधिकारी के द्वारा शराब कारोबारियों तथा शराब सेवन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया गया है।

पुलिस एवं मद्य निषेध विभाग द्वारा टीम गठित कर गुप्ताधाम एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में निरंतर छापामारी, गश्ती कार्य किया जा रहा है तथा शराब कारोबारियों एवं शराब सेवन करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

# परवीन खातून जिला अधिवक्ता संघ भभुआ की बनी सदस्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला अधिवक्ता संघ भभुआ, कैमूर के महासचिव मंटू पाण्डेय ने बताया कि परवीन खातून पिता मोहम्मद निसार अंसारी ग्राम नुआंव थाना नुआंव को जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर के सीरियल नंबर 1544 नंबर पर सदस्य बनाया गया। 12 जून 2025 को बिहार स्टेट बार काउंसिल पटना में सदस्य बनी थी। 31 जुलाई 2025 को जिला अधिवक्ता संघ भभुआ कैमूर का सदस्य बनी। उनको महासचिव मंटू पाण्डेय ने बैंड बांधा एवं क्रिमिनल मेजर एक्ट की किताब दी गई। साथ में कोषाध्यक्ष अजीत कुमार भी थे।

# बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड कार्यालय में 1 अगस्त को प्रखंड कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (बीस सूत्री) कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। प्रखंड कार्यालय परिसर का निरीक्षण करने के उपरांत यह जानकारी देते हुए जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में एनडीए के सभी धटक दलों के जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायक, प्रदेश स्तरीय के नेता, प्रखंड के वरिष्ठ नेता, पंचायत अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और सभी प्रमुख कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# विश्व मानव व्यापार निषेध दिवस पर एसपी रौशन कुमार हुए सम्मानित, बधाइयों का तांता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस महानिदेशक ने विश्व मानव व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर राज्य के बेहतरीन कार्य के लिए रोहतास एसपी रौशन कुमार को सम्मानित किया गया। डीजीपी विनय कुमार ने विश्व मानव व्यापार निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान रोहतास पुलिस द्वारा मानव तस्करी के विरूद्ध बेहतरीन कार्य किए जाने तथा बाल व महिला अपराधों पर लगाम लगाने एवं जागरूक किए जाने के लिए एसपी रौशन कुमार को सम्मानित किया गया। विदित है कि जिले के नटवार थानाक्षेत्र में छत्तीसगढ़ की 47 नाबालिक पीड़ितों को मुक्त कराया गया था। पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया



गया। एसपी के अनुसार जिला पुलिस के द्वारा मानव तस्करी, बालिकाओं, महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, यौन उत्पीड़न, मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न, साइबर ब्लैकमेलिंग, बुलींग, अपहरण जैसे गंभीर अपराधों के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि पीड़ित बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा अपनी समस्याओं को चौबीस घंटे जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा उपलब्ध कराए गए हेल्पलाइन नम्बर पर साझा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस के महिला पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा कॉलेजों, स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाई जा रही है। एसपी ने कहा कि रोहतास पुलिस अपने उक्त कार्य में आम जनता से पूर्ण सहयोग की अपील करती है। उन्होंने जिलावासियों से अनुरोध किया है कि बाल व महिला अपराध की सूचना हेल्पलाइन नम्बर के जरिए प्रदान करे। आपकी एक छोटी सी जानकारी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकती है। हर बेटी सुरक्षित हो, हर महिला सम्मान से जीयें। एसपी रौशन कुमार को सम्मानित होने पर विभिन्न संगठनों और विभिन्न दलों के लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# शाहाबाद से पुनः एनडीए का सफाया ही राजद का लक्ष्य : डॉ. मोहित यादव



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहित यादव का रोहतास में भव्य स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि तेजस्वी के सभी प्रकोष्ठ के बैठक करने के बाद चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक अभी होने वाली है उसी कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष का पूरे बिहार का दौरा और चिकित्सकों को जोड़ने का कार्यक्रम चल रहा है। कार्यक्रम के तहत रोहतास जिला के डिहरी शहर के अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहित यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. अशोक यादव का आगमन हुआ। उनके पहुंचते ही चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ.ओ.पी.आनन्द के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं चिकित्सकों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। अदरी देवी अस्पताल के निदेशक सर्जन डॉ. वीरेन्द्र कुमार, प्रबंधक नशीम खान एवं डॉ.रवि रंजन ने आये अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया। मीडिया के साथियों से बात करते हुए डॉ.मोहित ने कहा कि आज जिस रफ्तार से महंगाई और बेरोजगारी बढ़ी है और हमारे नेता तेजस्वी यादव की जो जनता के लिए घोषणाएं है उनको पूरा करने के लिए राजद की सरकार आना जरूरी है, इसी के तहत हमलोग गांव-गांव और शहर-शहर अपने नेता के 17 महीने में किये गये रोजगार और विकास की उपलब्धियों के प्रचार में लगे हैं और हम और हमारे सभी चिकित्सक साथियों का लक्ष्य बस एक है तेजस्वी सरकार बनाना, जिसके लिए पुनः शाहाबाद से एनडीए का सफाया करना है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सूचना सं. (i) ई-निविदा सं. एईएनशॉप-पीयू-आरसीसी-25-26-एलएलएच और (ii) एईएनशॉप-पीयूफ्लोर-25-26-एलएलएच, अंतिम तिथि 14.08.2025 को 12.00 बजे** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो पूर्व में मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा प्रकाशित की गई थीं, उक्त निविदाओं के संबंध में निम्नलिखित कार्यों के लिए एक शुद्धिपत्र जारी किया गया है एवं वेबसाइट पर अपलोड किया गया है: **कार्य का नाम:** (i) सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में वर्धित सामग्री प्रवाह के लिए उन्नत जिग्स और फिक्सचर एवं पीयू कोटेड शॉप फ्लोर के साथ विभिन्न कोच कंपोनेंट के लिए आधुनिक ओवरहॉलिंग सुविधा के विकास के लिए खुली ई-निविदा और (ii) सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अंतर्गत लिलुआ वर्कशॉप के कोच कंपोनेंट शॉप और बोगी सेक्शन में मौजूदा कंक्रीट फ्लोरिंग पर 12 मिमी. मोटे पीयू फ्लोरिंग का सुरक्षात्मक कोट प्रदान करते हुए कंक्रीट फ्लोरिंग में सुधार के लिए खुली ई-निविदा। निविदा की अंतिम तिथि और समय: 14.08.2025 को 12.00 बजे। वेबसाइट जहाँ एक शुद्धिपत्र-1 के साथ प्रत्येक के लिए निविदा का संपूर्ण विवरण उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-150/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 113_2025-26, दिनांक: 29.07.2025,** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। ई-निविदा सं. 113_2025-26, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल की खाना-गुमानी शाखा में स्थित मुराराई स्टेशन पर शेड, संप, पंप हाउस, ड्रेन के प्रावधान द्वारा एलसी गेट नं. 32 के स्थान पर आरयूबी के निर्माण का शेष कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 5,48,85,549.81, **बयाना राशि :** रु. 4,24,400/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 10 माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 20.08.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-218/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सोन का जलस्तर घटा, सोन में छोड़ा 45 हजार क्यूसेक पानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश थमने से गुरुवार शाम को जलस्तर घटा है। नहरों, शाखा नहरों व वितरणियों के अंतिम छोर तक पानी की आपूर्ति की जा रही है। इंद्रपुरी बराज के 69 गेट में से 17 गेट खोलकर 45 हजार 955 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अनुसार सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में हो रही बारिश के थमने से इंद्रपुरी बराज पर पानी का जलस्तर घटा है। ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से 59 हजार 590 क्यूसेक पानी पहुंच रहा था जिसमें बराज का लेवल मेंटेन करने के बाद 45हजार 955 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है।

# ट्रेन से गिरकर घायल महिला का आरपीएफ डिहरी ने कराया इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के तत्परता ड्यूटी से ट्रेन से गिरकर घायल हुई महिला की बची जान। सिक्योरिटी कंट्रोल डीडीयू के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि गाड़ी संख्या 12322 डाउन से एक यात्री महिला अनुग्रह नारायण स्टेशन व किलोमीटर संख्या 534/22 के बीच गिर गई है। उक्त सूचना पर अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन कैंपिंग ड्यूटी में तैनात अधिकारी उपनिरीक्षक शिवराज शाह साथ आरक्षी उमेश कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त घायल महिला को स्टेशन लाकर जम्होर थाना के सहायक उप निरीक्षक औरंगजेब आलम साथ स्टॉफ पेट्रोलिंग वाहन 112 के सहयोग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर को ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाए। बाद में डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज वास्ते सदर हॉस्पिटल औरंगाबाद को रेफर करने पर आरक्षी उमेश कुमार सिंह एंबुलेंस के साथ सदर हॉस्पिटल औरंगाबाद में इलाज हेतु भर्ती कराए बाद वहां से भी बेहतर इलाज वास्ते हाईयर हेल्थ सेंटर को रेफर करने पर गया मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल गयाजी ले जाकर इलाज हेतु भर्ती कराए जहां पर इलाज जारी है। बाद में पूछने पर घायल महिला ने अपना नाम मधुबाला सिंह उम्र 39 वर्ष, निवासी-धनबाद कोला कुसमा कुंज विहार कॉलोनी, थाना सरायढाला जिला-धनबाद (झारखंड) तथा अपनी पति का नाम पंकज सिंह मोबाइल नंबर बताई, जिस पर उसके पति पंकज को सूचित किया गया।

# सूर्य मंदिर युक्त पोखरे के सौंदर्यीकरण पर नपं ने बैठक में जतायी सहमति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कोचस।** कोचस नगर पंचायत की प्रथम समान्य बोर्ड की पहली बैठक गुरुवार को आयोजित हुई जिसमें सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के साथ शिष्टाचार परिचय से बैठक की शुरुआत हुई जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष शबनम प्रवीन व उपाध्यक्ष स्नेहा कुमारी के साथ ही 16 वार्डों के वार्ड पार्षद उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से चुनमुन पांडेय, गोपाल पाल, राकेश गुप्ता, रीता कुमारी, रमुनी कुमारी, प्रीति, काशीनाथ सिंह, विनय सिंह, हीरालाल राम, जुलेखा खातून, नाजिया, शहजाद खान, रोहित, मंजू, ज्ञान्ती, सुनीता देवी आदि से सभी पार्षदों समेत पदाधिकारी अवगत हुए। इसके साथ ही पार्षदों ने सूर्य मंदिर युक्त पोखरे का सौंदर्यीकरण व हिन्दू श्मशान घाट का जीर्णोद्धार पर सहमति जताई गयी। साथ ही 15 अगस्त पर झंडोतोलन आदि के साथ अन्य विषय पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष शबनम प्रवीन ने की।

# विश्व मानव व्यापार विरोधी माह के समापन पर जागरूकता अभियान चलाया गया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विश्व मानव व्यापार विरोधी माह के समापन पर आरपीएफ डिहरी ऑन-सोन, जेआरसी की संस्था सुराज/सासाराम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन/सासाराम द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि विश्व मानव व्यापार माह के समापन के अवसर पर संस्था सुराज, चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम एवं रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन सोन के अधिकारियों एवं स्टाफ द्वारा संयुक्त रूप से डिहरी ऑन सोन स्टेशन पर बैनर, पम्पलेट एवं लाउड हेलर की मदद से विशेष जन जागरण अभियान चलाया गया जिसमें मानव दुर्व्यपार, बाल तस्करी, बाल श्रम, मानव तस्करी इत्यादि के विषय में यात्रियों को समझाया गया। विश्व मानव व्यापार विरोधी अभियान के क्रम में सभी यात्रियों को बाल व्यापार, मानव तस्करी, बालश्रम, बाल तस्करी रोकने हेतु जागरूक किया गया।

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला नजारत शाखा)**

**अति अल्प कालिन निविदा आमंत्रण की आम सुचना**

एतत द्वारा सूचित किया जाता है कि सरकारी कार्यक्रम तथा कार्यालय कार्य हेतु जिला स्तरीय सामाग्रियों की खरीदगी एंव सेवाओं की दर प्राप्ति हेतु जिला नजारत शाखा, गढ़वा के द्वारा 03 (तीन) प्रकार के निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी निविदा शर्तों की सम्पूर्ण विवरणी https://garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है। विवरण निम्नवत हैः-

| क0 | निविदा का प्रकार | निविदाजमा करने की अंतिम तिथि | निविदा खुलने की तिथि /समय/स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कार्यालय उपयोगी सामग्री | दिनांक–08.08.2025 समय पूर्वाहन 11:00 बजे तक | दिनांक–08.08.2025 अपराहन 01:00 बजे समाहरणालय सभागार, गढ़वा |
| 2 | नास्ता एंव भोजन तथा अन्य खाद्य एवं पानी आपूर्ति | | |
| 3 | टेंट/सामियाना, लाईट, बैंनर तथा साउण्ड इत्यादि | | |

इच्छुक निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप निविदा जिला नजारत शाखा, गढ़वा में जमा कर सकते हैं।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 358667 District(25-26).D

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**
**न्यायालय :- समाहर्त्ता-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।**

**-: न्यायालय सूचना :-**

गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल प्रशासनिक क्षेत्राधीन गढ़वा, नगर एवं भवनाथपुर वन प्रक्षेत्र अंतर्गत वन भूमि पर अतिक्रमण करने वाले निम्नलिखित व्यक्तियों (अतिक्रमणकारियों) को सूचित किया जाता है कि वन भूमि अतिक्रमण करने के आरोप में आपलोगों के विरूद्ध बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 के तहत् अतिक्रमण वाद की कार्रवाई अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में चल रही है, जिसके सुनवाई के दौरान आपलोगों को अपना पक्ष रखने हेतु पर्याप्त अवसर दिया जा चुका है। सुनवाई की अंतिम तिथि-29.08.2025 को निर्धारित किया जाता है। इस अंतिम मौके पर अगर आपलोगों द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखा जाता है तो आपलोगों के विरूद्ध समाहर्त्ता-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल द्वारा एकतरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा, जिसके लिए आपलोग स्वयं जिम्मेवार होंगे। अतिक्रमणकारियों के नाम एवं वाद से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | अतिक्रमण वाद संख्या | अतिक्रमणकारियों का नाम एवं पता | सुरक्षित वन का नाम जहाँ अतिक्रमण किया गया है | थाना | प्लॉट नं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 03/2024 | 1. खुशिहाल यादव, पिता-स्व0 बिरझन यादव, 2. चरकु यादव, पिता-स्व0 बिरझन यादव, 3. बनारसी यादव, पिता-रामजतन यादव, 4. संतोष यादव, पिता-बनारसी यादव, सभी का ग्राम-परासपानी खुर्द, थाना-धुरकी, जिला-गढ़वा। | परासपानी खुर्द | धुरकी | 74 |
| 2. | 04/2024 | 1. मंदीप राम, पिता-स्व0 रामदेव राम, 2. सरयु राम, पिता-स्व0 रामदेव राम, दोनों का ग्राम-कुम्बाखुर्द, थाना-नगर उँटारी, जिला-गढ़वा। | कुम्बाखुर्द | नगर उँटारी | 305 |
| 3. | 05/2024 | राजेश्वर भुईयाँ, पिता-झरी भुईयाँ, ग्राम-अरसली दक्षिणी, टोला-सिकीया लेवा, थाना-भवनाथपुर, जिला-गढ़वा। | अरसली | भवनाथपुर | 2042 |
| 4. | 06/2024 | सुरेन्द्र राम, पिता-ह्रदय राम, ग्राम-खाला, थाना-धुरकी, जिला-गढ़वा। | खाला | धुरकी | 10 |
| 5. | 10/2024 | सुरेन्द्र राम, पिता-त्रिवेणी राम, ग्राम- बॉसडीह कलां, थाना-केतार, जिला-गढ़वा। | बॉसडीह कलां | केतार | 509 |
| 6. | 11/2024 | उमेश राम, पिता-परीखा राम, ग्राम-चन्दनी, थाना-खरौंधी, जिला-गढ़वा। | चन्दनी | खरौंधी | 984 |
| 7. | 13/2024 | 1. टुनटुन सिंह, पिता-कैलाश सिंह, 2. जय राम, पिता-स्व0 बिफन राम, दोनों का ग्राम-मकरी, थाना-भवनाथपुर, जिला-गढ़वा। | मकरी | भवनाथपुर | 214 एवं 1416 |
| 8. | 14/2024 | लखन भुईयाँ, पिता-जटु भुईयाँ, ग्राम-सरहिया, थाना-खरौंधी, जिला-गढ़वा। | सरहिया | खरौंधी | 721 |
| 9. | 19/2024 | सुनील रजवार, पिता-रामचन्द्र रजवार, ग्राम-बलीगढ़, थाना-मझिऑव, जिला-गढ़वा। | बलीगढ़ | मझिऑव | 188 एवं 190 |
| 10. | 20/2024 | गुलाबचंद चेरो, पिता-स्व0 समझावन चेरो, ग्राम-चन्दना, थाना-खरौंधी, जिला-गढ़वा। | चन्दना | खरौंधी | 381 |

ग्राम के अन्य लोगों से अपील है कि अतिक्रमणकारियों से वन भूमि को मुक्त कराने में वन विभाग को सहयोग करें, ताकि वन भूमि से आपको मिलने वाले अधिकारों में कटौती न हो सके।

समाहर्त्ता
-सह- वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 358671 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D





# बूथ स्तर तक संगठन की संरचना को बनाएं मजबूत : तावड़े

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक तथा आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को जिला मुख्यालय में क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी और संचालन प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा ने किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सह बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े शामिल हुए। बैठक में 15 विधानसभा के प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष, महामंत्री, क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला प्रभारी और विधानसभा विस्तारक शामिल हुए। राष्ट्रीय महामंत्री ने बूथ स्तर तक के संगठन की संरचना कैसे मजबूत हो, नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार द्वारा जनकल्याण के लिए किए गए कार्यों को जन-जन तक कैसे पहुंचाया जाए, इसकी जानकारी दी। विदेशी घुसपैठियों की पहचान कैसे हो और मतदाता पुनरीक्षण का कार्य धरातल पर कैसे सफलतापूर्वक संपन्न हो, इन सभी विषयों पर कार्यकर्ताओं को कार्य करने के बारे में बताया। जिस रफ्तार से बिहार का विकास हो रहा है वह रुके नहीं, इसके लिए चल रहे योजनाओं को बताने का दिशा निर्देश दिया। बैठक के समापन पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने अंग वस्त्र देकर राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि औरंगाबाद जिले में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की सरकार बनाने के लिए कटिबद्ध है। इधर जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह ने शंकरपुर स्थित रेलवे पुल के पास कार्यकर्ताओं और गाड़ियों के साथ राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े का स्वागत किया। सतीश कुमार सिंह ने बताया कि पार्टी की मजबूती के लिए राष्ट्रीय महामंत्री सभी कार्यकर्ताओं में ऊर्ज़ा भरने के लिए औरंगाबाद आए हुए हैं। उन्होंने प्रदेश के पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित कर ऊर्ज़ा भरते हुए आगामी चुनाव की रणनीति पर कार्य करने का हौसला बढ़ाया। बैठक में औरंगाबाद, रोहतास और अरवल के सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे। मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह, सिद्धार्थ शंभू, आशुतोष शर्मा, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह, पूर्व विधायक मनोज शर्मा, पूर्व विधान पार्षद राजन सिंह सहित अन्य कई नेता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बने मेडिकल कॉलेज : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के आसपास सहज और सुलभ आवागमन वाले स्थल का चयन कर मेडिकल कॉलेज का निर्माण किया जाएं ताकि मरीजों को आपात स्थिति में इलाज की सुविधाएं उपलब्ध करवाया जा सके। यह बात पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज से औरंगाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों यथा राज्य भर के लोगों को इलाज की सुविधा मिले, इसका ध्यान में रखकर निर्माण होना चाहिए। वैसे उन्होंने देव के पातालगंगा में निर्माण कार्य को सही ठहराया। साथ ही आवागमन सहजता और सुलभता पर जोर दिया है। उन्होंने देव के पातालगंगा से बारून प्रखंड के दुधौला में मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित होने के विवाद पर कहा कि यह जिला और राज्यस्तरीय मामला है। जनसुविधा और चिकित्सा सुविधा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व में घोषणा की है कि प्रत्येक जिलों में मेडिकल कॉलेज बने जिसके मद्देनजर औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान इसकी घोषणा की थी। 2011 के जनगणना के अनुसार जिले की आबादी 25 लाख के आसपास थी, अब 30 लाख से अधिक आबादी हो गई होगी जिसमें जिला मुख्यालय में क़रीब 2 लाख लोग रहते हैं। जिले के 7 से 8 प्रतिशत लोग जिला मुख्यालय में ही रहते हैं। पूर्व सांसद ने बच्चों को तिलक लगा और कलावा बांधकर विद्यालय आने से मना करने वाले प्रधानाध्यापक के खिलाफ जमकर भड़ांस निकाली। पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि कुटुंबा प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय पोला गोड़ीहा के प्रधानाध्यापक मो. इसरार आलम द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर और कलावा बांधकर विद्यालय जाने से रोकना कहीं से उचित नहीं है। बच्चों की धार्मिक आस्था से जुड़ी परंपराओं पर रोक लगाना गलत है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की जांच-पड़ताल कर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थित की गंभीरता को समझे क्योंकि वह क्षेत्र मुस्लिम बहुल है। यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो विधि व्यवस्था का बड़ा मामला हो सकता है।

# स्पर्शाघात से व्यवसायी की मौत

**मदनपुर( औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव में शुक्रवार की सुबह बिजली तार की चपेट में आने से एक व्यवसायी गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गए। बाद में सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सरयू प्रसाद महतो के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि यह हादसा बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि सरयू प्रसाद गांव में ही लघु उद्योग के तहत आटा चक्की, तेल मिल चलाते थे। प्रतिदिन की भांति आज भी वह अपने प्रतिष्ठान को खोलने के लिए गए थे। मगर उनके प्रतिष्ठान तक खंभे से खींची गई बिजली की तार टूटकर गिरी हुई थी जिसे वह देख नहीं सके और उसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# विभिन्न मामलों में 61 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे में विभिन्न कांडों के 61 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या के प्रयास में 10, शराब के शीर्ष कांडों में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 43 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस क्रम में 21 वारंटों का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 861 वाहनों की जांच की गई जिसमें 62500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 37.2 लीटर देसी शराब बरामद किया गया हैं। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

**मदनपुर( औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर-देव रोड में स्थित जलवन के समीप तालाब में डूबने से अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। हालांकि अब तक व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को 72 घंटों के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान पहचान नहीं होने पर शव का सरकारी प्रक्रिया के तहत अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति का शव तालाब से बरामद किया गया है। उसकी पहचान करने की कोशिश की जा रही है। मृतक लुंगी और कमीज़ पहने हुए है। प्रथम दृश्टया के अनुसार शौच के दौरान पैर फिसलने से अधेड़ की डूबने से मौत हो गई होगी। शव का पोस्टमार्टम करा पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है।


76वां राज्यव्यापी
वन महोत्सव 2025

वनों की जब रखवाली होगी
तभी पृथ्वी पर हरियाली होगी

अध्यक्ष
श्री रबीन्द्र नाथ महतो
माननीय अध्यक्ष, झारखण्ड विधानसभा

मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग

तथा झारखण्ड विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों
की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा।

दिनांक : 1 अगस्त, 2025
स्थल : नवनिर्मित विधायक आवासीय परिसर, जगन्नाथपुर, रांची

संदेश

**समस्त झारखण्डवासियों को 76 वां वन महोत्सव, 2025 की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।**

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाईऑक्साईड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक बना रहे।

झारखण्ड राज्य देश के उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हो गया है, जिनके भौगोलिक क्षेत्रफल का 34.38 प्रतिशत भू-भाग, राष्ट्रीय वन नीति, 1988 के अनुरूप वन एवं वृक्षावरण से आच्छादित है।

अब, हमारे लिए अपने राज्य की प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करने की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

**जोहार !**
(हेमन्त सोरेन)



PR-358668 (Forest, Environment and Climate Changes) 25-26

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार